YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-276 ❒ सोमवार, 10 नवम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




वह समय खत्म हो गया जब कहा जाता था कि 'जब तक रहेगा समोसे में आलू, तब तक रहेगा बिहार में लालू'। अब लोगों को एनडीए का समोसा पसंद आ रहा है, जिसमे आलू के साथ पनीर तथा कई अन्य स्वादिष्ट सामग्री डाली गई है। राजनाथ सिंह


आचार्य शांतिसागर महाराज का जीवन संयम, सरलता और करुणा का प्रतीकः उपराष्ट्रपति 11

जनसेवा के पथ पर निरंतर रहे नीतीश कुमार 12


## संक्षेप

### मतदाताओं की सुविधा के लिए 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध

**लखनऊ।** प्रदेश में मतदाताओं की सुविधा के लिए 2003 की मतदाता सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। इसे बहुत ही आसानी से आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार मतदाता सूची में अपना देखने के लिए आयोग के यूपी इकाई के वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in/ पर वोटर सर्विसेस पर क्लिक करना होगा, वोटर लिस्ट पीडीएफ 2003 पर जिला, विधानसभा क्षेत्र का नाम, दर्ज करके डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें भाग संख्या, मतदान केन्द्र नाम सहित सूची उपलब्ध हो जाएगी।

### 367 विद्यार्थियों ने छोड़ी आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा

**लखनऊ।** सात केन्द्रों पर रविवार को आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 367 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि 2634 विद्यार्थियों में से 2267 ने परीक्षा दी। इस परीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित अपर प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा आठ के विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को इंटर तक पढ़ाई के लिए चार साल तक प्रतिमाह एक हजार की छात्रवृत्ति मिलेगी।

### बिजली खरीद पर पावर कॉरपोरेशन को नियामक आयोग से झटका

**लखनऊ।** बिजली खरीद के आवेदनों पर पावर कॉरपोरेशन को नियामक आयोग से झटका लगा है। नियामक आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद पूरा प्रकरण स्थगित करते हुए पावर कॉरपोरेशन से ब्योरा तलब किया है। आयोग ने कॉरपोरेशन से कहा है कि उसे बताया जाए कि बिजली खरीद के लिए स्पष्ट योजना क्या है। सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी की स्वीकृति की क्या स्थिति है? आयोग ने कहा है कि पहले विस्तृत और स्पष्ट योजना उसके सामने रखी जाए उसके बाद ही मामले में सुनवाई होगी और फैसला दिया जाएगा। नियामक आयोग में पावर कॉरपोरेशन ने गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग को देखते हुए 1000 और 2000 मेगावॉट की बिजली खरीद के प्रस्ताव आयोग में दाखिल किए थे। सूत्र बताते हैं कि बीते दो साल के भीतर कॉरपोरेशन इस तरह से करीब 21 हजार मेगावॉट बिजली खरीद का प्रस्ताव आयोग में अलग-अलग आवेदनों में दाखिल कर चुका है। उसने आयोग से करार करने, करार की शर्तों और टेंडर निकालने के लिए अनुमति मांगी है। हालिया आदेश में आयोग ने 2000 मेगावॉट और 1000 मेगावॉट के लॉन्ग टर्म व मीडियम टर्म के आवेदन को स्थगित कर दिया है। एक तरफ निजीकरण और दूसरी तरफ खरीद राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग के फैसले के बाद कहा है कि यह समझ से परे है।

# 'हम मान्यता प्राप्त संस्था हैं, पंजीकरण की जरूरत नहीं'

## आरएसएस पर उठे सवालों का मोहन भागवत ने दिया जवाब

एजेंसी

बेंगलूरू। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कांग्रेस नेताओं के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि संघ को व्यक्तियों के समूह के रूप में मान्यता प्राप्त है और इसका पंजीकरण कराना जरूरी नहीं है। भागवत ने एक सवाल-जवाब सत्र में कहा आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। क्या आप उम्मीद करते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के साथ पंजीकृत होते? उन्होंने आगे बताया कि आजादी के बाद भारत सरकार ने ऐसे संगठनों के लिए पंजीकरण को अनिवार्य नहीं बनाया है। भागवत ने कहा हम 'बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स' के रूप में वर्गीकृत हैं और एक मान्यता प्राप्त संगठन हैं।



संघ प्रमुख ने बताया कि आयकर विभाग और अदालतों ने भी आरएसएस को बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स के रूप में मान्यता दी है, जिसके कारण संगठन को आयकर से छूट मिली हुई है। भागवत ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था? उन्होंने आगे कहा कि कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं। उन्होंने अपने बयान में जोड़ा कि यहां तक कि हिन्दू धर्म भी पंजीकृत नहीं है।

जब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पूछा गया कि क्या मुसलमानों को संघ में शामिल होने की अनुमति है, तो उन्होंने कहा संघ में किसी ब्राह्मण, किसी दूसरी जाति,

❒ संघ में आने वालों की जाति या धर्म नहीं पूछा जाता, भगवा और तिरंगा दोनों का सम्मान करते हैं

किसी मुस्लिम या ईसाई को अलग से नहीं लिया जाता। संघ में केवल हिंदू समाज के सदस्य आते हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि संघ में आने वाले व्यक्ति अपनी अलग पहचान घर पर छोड़कर आते हैं।

भागवत ने कहा मुस्लिम हों, ईसाई हों या किसी भी पंथ के लोग सबका स्वागत है। लेकिन शाखा में आने के बाद सब भारत माता के बेटे माने जाते हैं। भागवत ने बताया कि शाखा में आने वाले लोगों से उनकी जाति या धर्म नहीं पूछा जाता। उन्होंने जोड़ा हम यह नहीं गिनते कि कौन किस जाति या धर्म से है। हमारे लिए सब भारत माता के सपूत हैं। यही संघ की कार्यप्रणाली है।

मोहन भागवत ने कहा कि संघ हमेशा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का सम्मान, श्रद्धांजलि और रक्षा करता आया है। उन्होंने बताया कि 1933 में राष्ट्रीय ध्वज तय करने वाली समिति ने भगवा रंग की सिफारिश भी की थी, लेकिन महात्मा गांधी ने तीन रंगों वाला तिरंगा चुना। भागवत ने कहा हमारा भगवा अपना है और तिरंगा हमारा राष्ट्रीय प्रतीक दोनों में कोई टकराव नहीं है। पाकिस्तान के बारे में पूछे जाने पर भागवत ने कहा कि वे मानते हैं कि कभी-कभी पाकिस्तान को वह भाषा समझानी पड़ती है जो वह समझे। उनका मानना है कि बार-बार कोशिशों का जवाब देना चाहिए ताकि उसे समझ आए और वह शान्तिपरिय पड़ोसी बने। उन्होंने कहा कि असल इच्छा यही है कि दोनों देशों की प्रगति हो और क्षेत्र में शांति कायम रहे।

### सामाजिक समानता मिलने तक आरक्षण जारी रहेः मोहन भागवत

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक सच्ची सामाजिक समानता हासिल न हो जाए। श्री भागवत ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर व्याख्यान शृंखला में कहा कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक असमानता, भेदभाव और अस्पृश्यता पूरी तरह खत्म नहीं हो जाये। एक बार जब समाज के सभी वर्गों को वास्तव में समान अवसर मिलने लगेंगे, तो योग्यता स्वाभाविक रूप से फलेगी-फूलेगी। आरक्षण और योग्यता एक-दूसरे के विपरीत नहीं हैं, बल्कि ये निष्पक्षता ● शेष पेज 11 पर

## कांग्रेस-राजद पर योगी ने किए जोरदार हमले

# 'पंचर बनाने वाले आकर विकास को पंचर कर देंगे'

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नरपतगंज हाई स्कूल स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी पर सीधा प्रहार किया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन की अररिया जनपद में आयोजित इस जनसभा के जरिए यूपी के मुख्यमंत्री ने खुलकर कहा कि बिहार में फिर से 'जंगलराज' लाने की कोशिश करने वालों को रोकना जरूरी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंचर बनाने वाले यहां आकर विकास को पंचर करने का काम करना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि नरपतगंज को किसी भी तरह से 'घुसपैठियों का लॉन्चिंग पैड' नहीं बनने देना है।

यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बिहार ने दुनिया को नालंदा विश्वविद्यालय और ज्ञान की रोशनी दी, उसी बिहार को कांग्रेस और राजद की जोड़ी ने निरक्षरता और अराजकता की तरफ धकेल दिया। उन्होंने कहा कि इस धरती ने मां जानकी, महात्मा बुद्ध और भगवान महावीर को जन्म दिया है। यही धरती आर्यभट्ट, चाणक्य और चंद्रगुप्त मौर्य की धरती है, लेकिन कांग्रेस-राजद ने इस पवित्र भूमि को जातीय विभाजन और माफियागीरी से कलंकित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और राजद ने समाज को जाति के नाम पर बांटा, सरकारी खजानों की लूट मचाई और बिहार के नौजवानों को बेरोजगार बनाया। इनकी करनी से बिहार बीमारू बन गया, जबकि यह वही भूमि है जिसने भारत को स्वर्ण युग दिया।

यूपी के सीएम ने विपक्षी गठबन्धन पर सीधे-सीधे आरोप लगाया कि कांग्रेस, राजद और उनके सहयोगी जातिगत विभाजन और माफिया-समर्थन के जरिए बिहार में अराजकता के लिए ज़िम्मेदार हैं। सभा में योगी ने यह भी कहा कि यूपी में माफिया पर बुलडोजर चलता है और उसकी हड्डी पसली एक कर दी जाती है। माफिया द्वार कब्जा की गई जमीन पर गरीबों के लिए हवेलियां बनाई जा रही हैं।



**योगी बोले**

❒ यूपी में माफिया पर बुलडोजर चलाकर हड्डी पसली एक कर दी जाती है

❒ जाति को जाति से लड़ाता है महागठबंधन

❒ यूपी में न कर्फ्यू न दंगा, वहां सब चंगा

❒ 'गौरवशाली अतीत के धनी बिहार के सामने संकट खड़ा करने वाले ही असली अपराधी'


योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार जब से कांग्रेस-राजद के दौर से बाहर आया है, तब से ही विकास की राह खुली है। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी जाति को जाति से लड़ाने और खानदानी माफिया को संरक्षण देने में लगे रहे, वे अब फिर से वही हालात पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राजद ने मिलकर समाज को बांटा, नौजवानों के अवसर छिने और किसानों तथा सामान्य जनता को विषम हालात में डाल दिया। योगी आदित्यनाथ ने यूपी के पिछले साढ़े आठ साल के डबल इंजन शासन का ज़िक्र कर कहा कि वहां कर्फ्यू और दंगे अब नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूपी न कर्फ्यू न दंगा है, वहां सब चंगा है। वह इसे एनडीए के सुशासन की सफलता के रूप में पेश करते दिखे। उन्होंने बिहार के विकास के लिए नितीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि 2005 के बाद से बिहार में रोड, बिजली, पेयजल, शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थानों की श्रृंखला बनकर आई है और मोदी जी के नेतृत्व ● शेष पेज 11 पर

# भ्रष्टाचार के आरोप में चार अधिकारी बर्खास्त, तीन की पेंशन में कटौती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 4 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। इसके अलावा तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन में कटौती का निर्णय किया है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गई है कि भ्रष्टाचार के कुछ मामले पिछले डेढ़ दशक से भी अधिक समय से लंबित थे। इन मामलों की जांच समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की निगरानी में हुई। ये कार्रवाई श्रावस्ती, मथुरा, शाहजहांपुर और औरैया जिलों में हुए घोटालों पर की गई है। विभागीय मंत्री ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश दिए हैं।




❒ श्रावस्ती, मथुरा, शाहजहांपुर और औरैया जनपदों में हुए घोटाले पर कार्यवाही

पहली कार्यवाही श्रावस्ती जिले में तैनात मीना श्रीवास्तव के खिलाफ की गई है। वे यहां पर तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद मार्च 2008 से 12 अप्रैल 2012 तक तैनात रहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन को बिना सक्षम स्तर से स्वीकृत कराये डाटा फीडिंग करना। शादी बीमारी योजना में लाभार्थियों की स्वीकृत सूची में उनके खाता संख्या में हेर-फ़ेर करना। छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि व्यपहरण में संलिप्तता के चलते उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इसी तरह मथुरा में तैनात करुणेश त्रिपाठी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इनके खिलाफ निजी प्राइवेट आईटीआई संस्थानों को अनियमित तरीके से छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान, 11 मान्यताविहीन संस्थानों को 2.53 करोड़ की धनराशि का भुगतान, छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति के रूप में किया जाना। निजी आईटीआई ● शेष पेज 11 पर

### मोदी-नीतीश की जोड़ी ही बिहार को विकसित बनाएगी : अमित शाह

पटना। मोदी-नीतीश की जोड़ी ही बिहार को विकसित बनाएगी। यही जोड़ी बिहार को देश के नंबर वन राज्य बनाएगी। जब केंद्र में मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और लालू की सरकार थी, तब आतंकवादी हमारी धरती पर अपनी मर्ज़ी से हमला करते थे। इसके उलट, अब हम आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मार रहे हैं। यह बातें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कही। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री ने राजग उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार के अंतिम दिन सासाराम, न्यू स्टेडियम में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थें।

केंद्रीय गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि ''भविष्य में अगर पाकिस्तान के आतंकवादी फिर से हमला करने की हिम्मत करते हैं तो उनकी गोलियों का जवाब मोर्टार के गोले से दिया जाएगा। क्या आपको पता है ● शेष पेज 11 पर

# 23 एएसपी-एडीसीपी बदले एक का तबादला निरस्त

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। शासन ने रविवार को 23 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें एक अधिकारी का पूर्व में किया गया तबादला निरस्त भी किया गया है। इन अफसरों में एडीसीपी और एएसपी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक नोएडा के एडीसीपी बीएसवीर कुमार को गाजियाबाद पीएसी का उपसेनानायक, गाजियाबाद के एडीसीपी सच्चिदानंद को एसएसएफ का एएसपी, फतेहगढ़ के एएसपी डॉ. संजय कुमार को सीतापुर पीएसी का उपसेनानायक, इटावा के एएसपी क्राइम सुबोध गौतम को हरदोई का एएसपी पूर्वी, हरदोई के एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र को वाराणसी का एडीसीपी, कुशीनगर के एएसपी निवेश कटियार को यूपी 112 का एएसपी, यहां तैनात दिनेश पुरी को गोरखपुर का एएसपी दक्षिणी बनाया गया है।

डीजीपी मुख्यालय में तैनात एएसपी संतोष कुमार द्वितीय का पूर्व में गोरखपुर में एएसपी सुरक्षा पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। इनके अलावा प्रयागराज के एडीसीपी सीताराम को डीजीपी मुख्यालय में एएसपी विधि प्रकोष्ठ, सहारनपुर के एएसपी सिद्धार्थ वर्मा को कुशीनगर का एएसपी, नोएडा के एडीसीपी सुमित शुक्ला को शामली का एएसपी, गाजीपुर के एएसपी नगर ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद को गोरखपुर का एएसपी उत्तरी, हाथरस के एएसपी अशोक कुमार सिंह प्रथम को बहराइच का एएसपी नगर, एटा के एएसपी नगर राजकुमार सिंह प्रथम को ईओडब्ल्यू लखनऊ का एएसपी, शामली के एएसपी संतोष कुमार सिंह ● शेष पेज 11 पर

# बिहार में दूसरे चरण के 122 विस क्षेत्र में थमा प्रचार का शोर

एजेंसी

पटना। बिहार में 122 विधानसभा सीटों पर दूसरे और अंतिम चरण में 11 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए आज शाम प्रचार का शोर थम गया और अब प्रत्याशी जनसम्पर्क के जरिये वोट जुटाने में लग गये हैं।

दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव में राष्ट्रीय जनतंत्रिक गठबंधन (राजग) से जिन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, उनमें पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, डा. प्रेम कुमार, नीरज कुमार सिंह, श्रीमती लेशी सिंह, नीतीश मिश्रा, सुनील कुमार पिंटू, सुमित कुमार सिंह, जयंत राज, विजय कुमार मंडल, मोहम्मद जमा खान, प्रमोद कुमार, कृष्ण नंदन पासवान, कृष्ण कुमार ऋषि, शीला मंडल, महाबली सिंह, दुलालचंद गोस्वामी, श्रेयसी सिंह, राजू तिवारी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय




अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता, अनिल कुमार, हिदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी की बहू दीपा कुमारी और समधन ज्योति देवी समेत अन्य शामिल हैं। इसी तरह महागठबंधन से पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, अब्दुल जलील मस्तान, बीमा भारती, कौशल यादव, पूर्णिमा यादव, राजेश राम, अजीत शर्मा, समेत अन्य की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुयी है। इन सबके साथ ही ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलिमीन ● शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री ने किसानों के खातों में ट्रांसफर की 63 करोड़ की राशि, जारी किए दो डाक टिकट

# उत्तराखंड को अगले 25 वर्षों की योजनाओं की रूपरेखा तैयार करनी हैः मोदी

एजेंसी/कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तराखंड ने गत 25 वर्षों में विकास की लंबी यात्रा तय की है और अब राज्य को अगले 25 वर्ष की योजनाओं की रूपरेखा तैयार करनी है।

श्री मोदी ने राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर रविवार को आयोजित मुख्य समारोह में 8260 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने एक स्मारक डाक टिकट और काफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। श्री मोदी ने इस दौरान 28 हजार से अधिक किसानों के खातों में 62 करोड़ रुपये की राशि भी डीबीटी के माध्यम से जारी की।

प्रधानमंत्री ने राज्य की पिछले 25 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अगले 25 वर्षों के लिए रोडमैप के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 2047 के उत्तराखंड के लिए रास्ता तय करते हुए बिना इंतजार आगे बढने की अपील की। श्री मोदी ने देहरादून के एफआरआई परिसर में आयोजित समारोह में गढ़वाली और कुमांऊनी में प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि नौ नवंबर का दिन उत्तराखंड वासियों की लंबी तपस्या का फल है। ये दिन प्रत्येक उत्तराखंडवासी को गर्व का अहसास कराता है। उन्होंने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही सभी आंदोलनकारियों को भी नमन किया।



श्री मोदी ने कहा कि 25 साल पहले केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने जिन उम्मीदों और आकांक्षाओं के बीच उत्तराखंड राज्य का निर्माण किया था आज वो सभी सपने पूरे हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 25 साल पहले जब नया-नया उत्तराखंड बना था तो उस संसाधनों के सीमित होने, लघु बजट और कम आय जैसी समस्याएं थीं और ज्यादातर जरूरतें केंद्रीय सहायता से पूरी होती थी। लेकिन आज तस्वीर पूरी तरह बदली हुई है और 25 साल पहले उत्तरखंड का बजट जो सिर्फ चार हजार करोड़ रुपए था ,आज बढ़कर एक लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है। इस अवधि में राज्य का बिजली उत्पादन चार गुना और सड़कों की लंबाई दोगुनी हुई है। राज्य गठन के समय छह महीने में चार हजार यात्री ही हवाई सेवाओं का इस्तेमाल कर पाते थे, आज यहां अकेले एक दिन में चार हजार से अधिक यात्री हवाई सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। इन 25 वर्षों में इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 10 से ज्यादा बढ़ी है। तब राज्य में एक मेडिकल कॉलेज था जो आज 10 हो चुके हैं। आज हर गांव वैक्सीन कवरेज के दायरे में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का प्रत्येक नागरिक अपने योगदान से भारत को विकसित देश की पंक्ति शामिल करने के लिए तैयार है और आज शुरु किए गए विकास कार्य तथा परियोजनाएं उत्तराखंड की विकास यात्रा को गति देने का काम करेंगी। श्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार सेब-कीवी के किसानों को अब डिजिटल करेंसी में अनुदान दे रही है। इस आधुनिक तकनीकी से आर्थिक मदद की ट्रैकिंग संभव है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का संपर्क(कनेक्टीविटी) से गहरा नाता है। राज्य में इस समय दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्राग रेल परियोजना प्रगति पर है और दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस वे तैयार हो चुका है। गौरीकुंडऽकेदारनाथ, गोविंदघाट- हेमकुंड साहिब रोपवे का शिलान्यास हो चुका है। ये सभी परियोजनाएं उत्तराखंड में विकास को नई गति दे रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने गत 25 वर्षों में विकास की लंबी यात्रा तय की है लेकिन अब राज्य को अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय करना है। इसके लिए राज्य को ''जहां चाह, वहां राह'' के मूल मंत्र को अपनाना होगा। इसलिए अपने लक्ष्यों पर चर्चा के लिए नौ नवंबर से बेहतर दिन और क्या होगा। श्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड अगर ठान ले तो अगले कुछ ही वर्षों में खुद को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर स्थापित कर सकता है। यहां के पवित्र मंदिर, आश्रम, योग को ग्लोबल नेटवर्क ● शेष पेज 11 पर

# भाजपा राज में फैली चुनावी धांधलियों का कूड़ा हटाना जरूरी : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है और कहा है कि भाजपा राज में फैली चुनावी धांधली के कूड़ा को गटाना जरूरी है।

श्री यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 'सच्चे स्वच्छ भारत' के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों द्वारा फैलाए गए धांधलियों के कूड़े को हटाना भी उतना ही जरूरी है, जितना सड़कों की सफाई।

उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र में नहीं, बल्कि लूटतंत्र में विश्वास करते हैं। आज़ादी के पहले से लेकर आज तक भाजपा और उसके संगी-साथी सदैव 'पिछले दरवाज़े वाली राजनीति' और 'ख़ुफ़ियाखोरी' का सहारा लेते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी मुख़बरी और सेंधमारी की राजनीति को समझ चुकी है। समाज अब घपले-घोटालों को बर्दाश्त करने की सीमा पार कर चुका है। पार्टी ने कहा कि भाजपा को अब जनता की 'अगले दरवाज़े की जन-दस्तक' सुननी ही होगी।

सपा प्रमुख ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारियों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। पार्टी ने कहा कि मिलीभगत से चुनावी गोरखधंधे में शामिल अधिकारियों के कारण आयोग की शुचिता और प्रतिष्ठा पर आँच आई है, जिसे दूर करना समय की मांग है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए भ्रष्ट अधिकारियों और राजनीतिक मिलीभगत का भंडाफोड़ जारी रहेगा। ऐसे लोग दीमक की तरह लोकतंत्र को अंदर से खोखला कर रहे हैं, लेकिन अब जनता उन्हें जवाब देने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी अब नये भविष्य का निर्माण करेगी और एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करेगी, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी की बुनियाद पर सच्चा लोकतंत्र स्थापित हो सके।

## पूर्व आईएएस जितेंद्र कुमार का निधन, योगी ने जताया शोक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार का रविवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार 35 वर्षों की प्रशासनिक सेवा के बाद इसी साल 30 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य सरकार में अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन), प्रमुख सचिव (पर्यटन विभाग) और पर्यटन महानिदेशक सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह अपनी कार्यकुशलता, सौम्य स्वभाव और मिलनसार व्यवहार के लिए हमेशा चर्चा में रहते थे। लंबे समय से बीमार चल रहे पूर्व आईएएस अधिकारी का एसजीपीजीआई में इलाज चल रहा था। रविवार को डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से प्रशासनिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

# नहीं रहे युवाओं के प्रेरणा स्रोत प्रिंसू पांडे क्षेत्र में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। कस्बे के रहने वाले एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सुभाष पांडे के भतीजे उज्जवल पांडे उर्फ प्रिंसू लंबी बीमारी के चलते आज रविवार को दिन में 12 बजे लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान निधन हो गया उज्जवल पांडेय 42 वर्ष के थे। जिसकी सूचना मिलते ही कस्बा समेत संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और उनके कस्बे के बछरावां रोड स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

आपको बता दें कि, उज्जवल पांडे उर्फ प्रिंसू पांडे (42) व्यक्तित्व के धनी और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और कस्बे के युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे क्षेत्र के युवा उन्हें ''प्रिंशू दादा'' के नाम से पुकारते थे। प्रिशू पांडे अपने पीछे अपनी बूढी मां पत्नी पूजा तथा 10 वर्षीय बेटा व 2 वर्षीय बेटी छोड़ गए हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।



शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप में पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक राम लाल अकेला, चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता प्रभात साहू, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, कस्बे के व्यवसायी एवं सपा नेता सुधीर साहू, दिनेश कुमार उर्फ भल्लू ठेकेदार, बाला प्रसाद मौर्य, शिवम तिवारी, सुमित चौरसिया, त्रिलोचन मौर्य, बाबू चंद्र यादव उर्फ लखनऊवा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी, प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, प्रधान असनी दीपू चौधरी, पूर्व प्रधान अरविंद सिंह, पूर्व प्रधान पुत्तन सिंह, सुरेश शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविराज सिंह, डॉ माताफ़ेर सिंह, डॉ एमडी पासी, देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नीलू, पूर्व सभासद विजय धोनी, सभासद नूरुल हसन, सभासद धर्मेंद्र वर्मा, हीरा पासी सतीश कुशमेश, नगर पंचायत के लिपिक रामचंद्र त्यागी, जमुना प्रसाद, ज्योना प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू,मनोज मिश्रा, नवोदय विद्यालय के पूर्व उप प्रधानाचार्य जीपी मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, भाजपा नेता पवन साहू, अनुराग अग्रहरि, सरदार फत्ते सिंह व्यापारी नेता अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू, भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी, ज्योति प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, शिवसागर अवस्थी एडवोकेट, पंकज प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट, सुरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट,सहित महराजगंज के सभी संगठनों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पारिवारिक जनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करी।

## के .सी सक्सेना फाउंडेशन की ओर से आयोजित अंतर्जनपदीय वाद प्रतियोगिता में गोपाल विद्यालय बना लगातार दूसरी बार चैंपियन



**कोराव प्रयागराज।** गोपाल विद्यालय ने के. सी. सक्सेना फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय वाद विवाद प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार चैंपियन का खिताब जीता। विद्यालय के छात्रों सौम्या मिश्रा और श्रेयांश ने अपने दमदार प्रदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की। श्रेयांश को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार रुपए और सौम्या मिश्रा को तृतीय पुरस्कार के रूप में 2 हजार रुपए मिले।

## माघ मेला की तैयारियां तेज़, सोमवार को पुलिस लाइन निर्माण का भूमि पूजन

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 की तैयारियां ज़ोरों पर हैं। प्रशासन ने मेले की सुरक्षा और सुगमता के लिए बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को माघ मेला क्षेत्र में पुलिस लाइन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जाएगा। इस भूमि पूजन के साथ ही पुलिस लाइन निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत होगी। माघ मेला क्षेत्र में पुलिस लाइन के साथ-साथ थाना, चौकी, चेकिंग प्वाइंट, फायर स्टेशन आदि का भी निर्माण किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत करने के लिए इस बार मेले के हर सेक्टर में स्वतंत्र कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। ये कंट्रोल रूम भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और सूचना संप्रेषण का मुख्य केंद्र बनेंगे। सभी सेक्टर कंट्रोल रूमों को एक सेंट्रल कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित तालमेल और कार्रवाई संभव हो सके।

## घूरपुर में किशोरी की हत्या का खुलासा, माता-पिता गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना घूरपुर पुलिस, एसओजी/सर्विलांस सेल यमुनानगर जोन एवं जनपदीय एसओजी टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए किशोरी हत्या कांड का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने घटना में शामिल 1 अभियुक्त रमेशचन्द्र सोनकर एवं उसकी पत्नी अभियुक्ता सन्तोष देवी (निवासी ग्राम कंटी, थाना घूरपुर) को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (चाकू) भी बरामद किया गया है। घटना 06 नवम्बर 2025 की है, जब ग्राम कंटी में 15 वर्षीय किशोरी का शव बाउंड्री के भीतर झाड़ियों में मिला था। हत्या के बाद थाना घूरपुर पर मु.अ.सं. 401/2025, धारा-103(1)/238 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड एवं सर्विलांस यूनिट के सहयोग से पुलिस ने साक्ष्यों का विश्लेषण कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि किशोरी उनके ही घर की पुत्री थी, जिसका कुछ लड़कों से संबंध होने पर वे नाराज थे। लोकलाज से बचने के लिए दोनों ने मिलकर उसकी गला रेतकर हत्या की, और सुबह खोजबीन का नाटक रचा। गिरफ्तारी के बाद मुकदमे में धारा 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना घूरपुर पुलिस, एसओजी/सर्विलांस सेल यमुनानगर जोन, तथा जनपदीय एसओजी टीम की संयुक्त भूमिका रही।

## पुलिस की तत्परता से बाहर से घूमने आए दंपति के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**लखनऊ।** राजधानी की नाका कोतवाली पुलिस ने अपनी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बाहर से घूमने आए एक दंपति का खोया हुआ सामान कुछ ही घंटों में बरामद कर उन्हें लौटा दिया। पुलिस की इस जिम्मेदाराना कार्रवाई से दंपति के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।जानकारी के अनुसार, हाथरस जनपद के थाना सादाबाद क्षेत्र से एक दंपति अपने बच्चों के साथ लखनऊ घूमने आया था। चारबाग पहुंचने पर उनका बैग एक ऑटो में छूट गया, जिसमें कपड़े, बच्चों के सामान, कुछ किराये के पैसे, एटीएम कार्ड, महिला का आधार कार्ड, हाईस्कूल और इंटर की मार्कशीट सहित डाक्टरी संबंधी दस्तावेज रखे थे।सहायता के लिए दंपति ने पानदरीबा चौकी पहुंचकर चौकी प्रभारी सतीश भाटी को अपनी आपबीती सुनाई। चौकी प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम के साथ इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और कुछ ही घंटों में ऑटो व सामान का पता लगा लिया।चौकी प्रभारी सतीश भाटी ने खोया हुआ बैग दंपति को सकुशल सौंप दिया।नाका कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के निर्देशन में हुई इस त्वरित कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि लखनऊ पुलिस न केवल अपराध नियंत्रण में बल्कि नागरिकों की सहायता में भी पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता से कार्य कर रही है।

## ओमेक्स सिटी में चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के निर्देशन में कार्य कर रही बिजनौर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी शिवशंकर महादेवन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बंद घरों में चोरी करने वाले गैंग के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप रावत उर्फ छोटू रावत और मोनू रावत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने 23 अक्टूबर को ओमेक्स सिटी निवासी अरुण यादव के घर में लाखों की चोरी की थी। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों चोरों को पकड़ लिया और उनके पास से नगदी व चोरी किए गए गहने बरामद किए।पुलिस जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी लंबे समय से बंद घरों को निशाना बनाते थे। वहीं, अभियुक्त मोनू रावत और संदीप रावत की पत्नियाँ चोरी किए गए माल के साथ फरार हैं। दोनों महिलाओं को अभियोग में वांछित घोषित किया गया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए बिजनौर पुलिस की टीमें लगातार प्रयासरत हैं।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार बढ़ रहे चोरी के मामलों पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता है।

## इंडसइंड बैंक के डिप्टी मैनेजर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी पुलिस ने बैंकिंग फ्रॉड के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए इंडसइंड बैंक, चिनहट शाखा के डिप्टी मैनेजर उत्तम विश्वास को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने लगभग 10 महीने के भीतर 35 करोड़ रुपये की ठगी की रकम अपने और सहयोगियों के खातों में मंगवाई थी।पुलिस की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि 300 से अधिक बैंक खाते मैनेजर की मिलीभगत से खोले गए थे, जिनमें से अधिकांश छह फर्जी फर्मों के नाम पर संचालित किए जा रहे थे। इन्हीं खातों में जालसाजों द्वारा ठगी की रकम जमा कराई जाती थी।पुलिस सूत्रों के अनुसार, केवल तीन माह के भीतर ही करीब 6 करोड़ रुपये चिनहट ब्रांच में जमा कराए गए। आरोपी ने अपनी पद की आड़ में खातों के सत्यापन और लेनदेन की प्रक्रिया में अनियमितता कर फ्रॉड को अंजाम दिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बैंक कर्मियों और अन्य अधिकारियों से भी पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी डिप्टी मैनेजर उत्तम विश्वास से पूछताछ जारी है, और पुलिस अन्य सहयोगियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।अधिकारियों के अनुसार, यह अब तक का एक बड़ा बैंकिंग साइबर-फ्रॉड केस है, जिसमें कॉर्पोरेट स्तर पर मिलीभगत की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# उत्तर प्रदेश के शहरी नवाचारों की गूंजी गूंज, ए.के. शर्मा ने साझा की सफलता की कहानियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में शुरू हुआ , नेशनल अर्बन कॉनक्लेव, आज दूसरे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर भारत सरकार के राज्य मंत्री श्री टोकन साहू एवं मंत्रालय के सचिव भी उपस्थित रहे।

कॉनक्लेव में उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, ने राज्य में शहरी विकास के क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी साझा की। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने यूपी में हो रहे नवाचारों और प्रयासों की सराहना की। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत का चेहरा होंगे हमारे नगर, और इस विज़न में नगरों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। उन्होंने बताया कि शहरी प्रबंधन एक गंभीर विषय है, लेकिन प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इस दिशा में ठोस प्रयास शुरू हुए हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि , लखनऊ का शिवरी कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट,




एक वैश्विक सफलता बन चुका है – जहाँ 60 वर्षों से जमा 20 लाख टन कूड़े में से तीन चौथाई से अधिक को प्रोसेस कर उपयोगी वस्तुएँ बनाई गई हैं। इस कार्य से 21 एकड़ भूमि खाली कर वहाँ , सुंदर पार्क, ऑफिस बिल्डिंग और मीटिंग हॉल, विकसित किए गए हैं। शेष कूड़ा भी आने वाले महीनों में साफ़ कर दिया जाएगा। इसके अलावा, , घैला स्थित 7 लाख टन कूड़े के पहाड़, को हटाकर 'अटल प्रेरणा पार्क' बनाया गया है। यहाँ से प्राप्त मटेरियल से 'यूपी दर्शन पार्क' का निर्माण किया गया, जो एक वैश्विक उदाहरण बन गया है। लखनऊ अब , 'जीरो डेली वेस्ट सिटी', बन चुका है – जहाँ प्रतिदिन निकलने वाले 2100 टन कूड़े का संपूर्ण प्रोसेसिंग किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार के सफल कार्य , प्रयागराज, आगरा, सहित कई नगरों में किए गए हैं। इन क्षेत्रों में खाली हुई जगहों पर , मियावाकी वन और सुंदर पार्क, विकसित किए गए हैं। प्रयागराज में कूड़े से निकले मेटल से 'शिवालय पार्क' का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि , पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से अनेक उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं, जिससे नगरीय विकास को नई दिशा मिल रही है। साथ ही, अन्य विभागों और एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों के कुशल प्रबंधन का उदाहरण उत्तर प्रदेश प्रस्तुत कर रहा है। इस अवसर पर , नए एवं विकसित भारत के चेहरों के रूप में नगरीय निकायों, को जन उपयोगी सुविधाओं के विकास और शहरी क्षेत्रों के समग्र प्रबंधन हेतु , सर्वोच्च संस्था के रूप में विधिक मान्यता देने, के सुझाव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

# लखनऊ में धार्मिक स्थलों से हटाए गए लाउडस्पीकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर को हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने कई मंदिर और मस्जिदों से लाउड स्पीकर उतरवाएं।

लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू कुमार ने रविवार को बताया कि इस अभियान के तहत वजीरगंज पुलिस टीम गोलागंज की मस्जिद मोलसारी पहुंची। यहां के इमाम से बातचीत कर उनकी सहमति से लाउड स्पीकर को हटवाया गया। लाउडस्पीकर काफी ऊंचाई पर लगे होने की वजह से हटाने के लिए पुलिस ने भी मदद की। इसके अलावा मस्जिद मलका जमानी से भी लाउड स्पीकर को उतरा गया। मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटवाने के बाद पुलिस ने बटुक भैरव मंदिर से भी लाउड स्पीकर उतारा है। अलग-अलग थाना पुलिस ने दोनों समुदाय के सहयोग से धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकार को हटवाया हैं।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू कुमार ने स्पष्ट किया कि यह किसी धर्म या समुदाय से जुड़ी कार्रवाई नहीं है, बल्कि न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है। यह कार्रवाई पूरी तरह प्रशासनिक और सभी की सहमति से की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि धार्मिक स्थलों पर संवाद कायम रखते हुए नियमों का पालन कराया जाए, ताकि शांति और सौहार्द बना रहे।

## तीन के खिलाफ तहरीर

महाराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के गोदहिया मजरे खैरा निवासी अनिल यादव पुत्र श्रीकृष्ण ने कोतवाली में एक अज्ञात सहित तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर में अनिल यादव ने बताया कि वह बीते शनिवार 8 नवंबर को 6 बजे अपने खेत को जोतकर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर आ रहे थे, तभी चरी का पुरवा के पास ट्रैक्टर खराब हो गया। ट्रैक्टर सही ही कर रहे थे तभी पीछे से धर्मेंद्र उर्फ जडेजा पुत्र हनुमान, सोमनाथ पुत्र महादेव निवासी ग्राम चरी का पुरवा मजरे पहाड़पुर एक अज्ञात व्यक्ति के साथ आए और कहा कि रास्ते से गाड़ी हटाओ। प्रार्थी ने कहा कि गाड़ी खराब हो गई है। इतने में विपक्षीगण भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से प्रार्थी के ऊपर टूट पड़े। प्रार्थी ने बताया कि उसके सिर पर विपक्षीगणों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जब प्रार्थी की पत्नी ने विरोध किया तो उसे व उसके बच्चों को भी मारा पीटा। पत्नी व बच्चों को चिल्लाने की आवाज सुन जब स्थानीय लोग प्रार्थी को बचाने के लिए दौड़े तभी विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

सत्येंद्र कुमार ने किया मतदेय स्थल का औचक निरीक्षण

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शनिवार को प्राथमिक विद्यालय अकथा स्थित मतदेय स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और उपस्थित सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ के मोबाइल में उ्रख्र ऐप के एडवांस वर्जन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उन्हें ऐप का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) वितरित किए जा रहे हैं, उन्हें ऐप पर मार्क करते रहें ताकि ऑनलाइन प्रगति अद्यतन होती रहे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को यह भी निर्देशित किया कि 15 नवंबर तक मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण हर हाल में सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे शुद्ध निर्वाचक नामावली के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्रों का वितरण प्रारंभ हो चुका है और बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मतदाता गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दें। यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म जमा कर सकता है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी की सक्रिय भागीदारी से ही निर्वाचक नामावली अधिक सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय बन सकेगी।

## डीसीएम की टक्कर से स्कूल टीचर की मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह गैस सिलेंडर लदे डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार टीचर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पारा थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मौदा ग्राम के रहने वाले? किसान अजय की बेटी जूली यादव (24) आशियाना के एलपीएस स्कूल में स्पोर्ट टीचर थी। वह एथलीट भी थी और आल इंडिया हॉकी टीम में भी रहे चुकी थी। उन्होंने जूनियर में गोल्ड मेडल भी पाया था। सहयोगी खिलाड़ी रत्ना ने बताया कि स्कूल से फोन आया कि जूली गंभीर घायल हो गई है और अस्पताल ले जाया गया है। मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में परिवार से पता चला है कि स्कूल में बै?डमिंटन चैंपियनशिप करायी जा रही थी। सुबह छह बजे बाइक से स्कूल जाने के लिए निकली थी, रास्ते में याद आया कि वो अपना मोबाइल फोन भूल गई है। इसके चलते जैसे ही मौदा मोड़ पर उसने बाइक मोड़ी डीसीएम से टक्कर हो गई। घटना होते ही चालक डीसीएम लेकर भाग निकला।

# सैदाबाद एवं बहरिया में आयोजित चौपाल में उद्यान विभाग ने कृषकों को दी योजनाओं की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना के अंतर्गत विकासखंड सैदाबाद एवं बहरिया में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में उद्यान विभाग द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन, 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' (माइक्रोइरिगेशन योजना), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, तथा हाईटेक नर्सरी में गुणवत्तायुक्त पौध उत्पादन से संबंधित प्रक्रियाओं और लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

पात्रता एवं आवेदन प्रक्रियाः एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को विभागीय डीबीटी पोर्टल http://dbt.uphorticulture.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक-प्रथम



पावक के आधार पर किया जाएगा। पंजीकरण के साथ आवश्यक अभिलेख-फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू-अभिलेख, जाति प्रमाण पत्र एवं पंजीकरण पावती-संलग्न कर कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, विकास भवन प्रयागराज, कक्ष संख्या-85 में किसी भी कार्य दिवस पर जमा किए जा सकते हैं। 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना में कृषक के पास स्वयं के नाम से उपयुक्त भूमि उपलब्ध होना आवश्यक है। इच्छुक कृषकों को फ्द्धद्वध्.द्वद्ध पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा राजकीय आलू बीज उत्पादन प्रक्षेत्र, सैदाबाद में संचालित हाईटेक नर्सरी में कृषक अगेती सब्जी खेती हेतु गुणवत्तायुक्त एवं रोगमुक्त पौध तैयार करा सकते हैं। कृषक अपने बीज देकर अथवा विभाग द्वारा निर्धारित दर पर पौधे तैयार करवा सकते हैं।

# प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने रविवार को संगम सभागार में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी, मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा विकासखंड कोराव, बहरिया एवं नगर पंचायत फूलपुर व कोराव के विभिन्न क्षेत्रों में फील्ड स्टडी की जाएगी। इस दौरान वे स्लम एरिया तथा सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भी निरीक्षण करेंगे। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वऽरोजगार, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, उपनिदेशक कृषि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गन्ना मूल्य वृद्धि स्वागत योग्य लेकिन भुगतान भी समय पर होः कर्मवीर सिंह

# सम्मेलन में गन्ना किसानों ने बकाया भुगतान की उठाई मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। सहकार भारती के गन्ना प्रकोष्ठ का प्रदेश सम्मेलन रविवार को सहकारिता भवन के चौधरी चरण सिंह सभागार में संपन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ सहकार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के उप सभापति ऋषिकांत राय व प्रदेश प्रमुख गन्ना प्रकोष्ठ अजय वीर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में आये गन्ना किसानों ने बकाया भुगतान कराने की सरकार से मांग की। कार्यक्रम में सहकारी समितियों के प्रतिनिधि एवं सहकार भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता अब जन आंदोलन का रूप ले रही है, जिससे सहकारिता के लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी भूमिका और सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि सहकार भारती के सुझावों के आधार पर केंद्र सरकार ने नई सहकारिता नीति 2025 लागू की है, जिससे सहकारी क्षेत्र में नई ऊर्ज़ा का संचार हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि देशभर में 168 गन्ना सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जिनमें से 27 सहकारी चीनी मिलें हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना समितियों में पारदर्शी व समयबद्ध चुनाव आवश्यक हैं। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान और तौल की प्रक्रिया में शीघ्रता लाने की जरूरत है।सहकार भारती के प्रदेश संगठन प्रमुख कर्मवीर सिंह ने कहा कि चीनी मिलें किसानों का बकाया भुगतान और ब्याज समय पर नहीं दे रही हैं, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सहकार भारती से जुड़कर अपनी जिला समितियों की समस्याओं का संगठन से साझा करें, ताकि संगठन इन्हें सरकार तक प्रभावी रूप से पहुँचा सके। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य वृद्धि स्वागत योग्य है, पर यह अभी किसानों के हित में पर्याप्त नहीं है। हरियाणा की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी गन्ना मूल्य बढ़ाने की आवश्यकता है और समय से भुगतान भी होना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ऋषिकांत राय ने कहा कि जब-जब सहकारिता का संचालन सरकारी तंत्र के हाथों में गया, तब-तब उसे नुकसान उठाना पड़ा। नई सहकारिता नीति के लागू होने के बाद अब पारदर्शी व्यवस्था बन रही है और सहकारिता में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। संगठन की ओर सहकारिता मंत्री को संबोधित मांग पत्र भी सहकार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को सौंपा गया। मांग पत्र में गन्ना विकास परिषदों के निर्वाचन न होना, उ.प्र. सहकारी गन्ना समिति संघ का निर्वाचन कराए जाने और गन्ना मूल्य का निर्धारण हरियाणा और उत्तराखंड की भांति कराए जाने समेत 12 मांगें शामिल की गई हैं।

लखनऊ में यातायात जागरूकता अभियान

# छात्र-छात्राओं को सिखाए गए सुरक्षित सफर के नियम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में डीसीपी ट्रैफिक के निर्देशन में सुगम सुरक्षा अभियान के तहत कृष्णानगर क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक एसीपी राधा रमण सिंह ने किया। उनके साथ कृष्णानगर प्रभारी रविन्द्र कुमार सिंह और पुलिस टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम स्कूटर इंडिया चौराहा स्थित जीएसआर एम मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज तथा ग्रीन बैरी वर्ल्ड कॉलेज, बंथरा में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, ट्रैफिक नियमों के पालन, और सुरक्षित ड्राइविंग के तौर-तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ऑटो वाहनों पर क्यूआर कोड लगाने की प्रक्रिया और उसके लाभों के बारे में भी बताया गया, जिससे वाहन चालकों की पहचान और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके।एसीपी राधा रमण सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा ल्लसुरक्षित सफर सभी की जिम्मेदारी है। यदि हम सभी ट्रैफिक नियमों का ईमानदारी से पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।ङ्कट्रैफिक पुलिस टीम ने छात्रों को पर्चे बांटकर यातायात नियमों की जानकारी दी और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान नई पीढ़ी को जागरूक और अनुशासित नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## नागेंद्र सिंह चौहान को मिला कांग्रेस ज़िला प्रवक्ता का दायित्व



**बीकेटी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ जनपद के बख्शी का तालाब विकासखंड अंतर्गत कठवारा गांव निवासी कांग्रेस के तेज़ तर्रार नेता नागेंद्र सिंह चौहान पुत्र स्व.राम चंद्र सिंह को लखनऊ जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला महासचिव के पद पर मनोनीत कर ज़िला प्रवक्ता का दायित्व देकर जिम्मेदारी सौंपा,जिला अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह द्वारा हस्ताक्षरित पत्र वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह व द्विजेंद्र त्रिपाठी ने प्रदान किया। वही नागेंद्र सिंह चौहान ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी हमे सौंपा है उस पर मै शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा और कांग्रेस विचारधारा वाले लोगो को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस संगठन से जोड़कर और मजबूत करने का प्रयास करूंगा और शीर्ष नेतृत्व ने हम पर जो विश्वास दिखाया है उसको और मज़बूत करने का भरसक प्रयास करूंगा।


## मामूली विवाद में महिला को मारा चाकू

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ मामूली विवाद को लेकर युवक ने एक महिला पर चाकू से वार कर घायल कर दियाघायल महिला तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी निवासिनी निशा ने मोहनलालगंज पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह शुक्रवार के शाम अपने मायके सिसेंडी आई हुई थी जहां पर मेरे गांव के ही सचिन आशीष व मनीष शुक्रवार देर रात मामूली विवाद को लेकर मेरे भाई दिलीप को मारपीट रहे थे वहीं जब मैं अपने भाई को बचाने के लिए दौड़े तो उन्होंने मेरे हाथ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया जो मेरे हाथ में लगा जिससे मुझे गंभीर चोट आई है। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## एटीएम बदलकर करते थे ठगी,एक गिरफ़्तार दूसरे की तलाश

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार को बख्शी का तालाब थाना पुलिस ने एटीएम बदलकर ठगी करने एक आरोपी को गिरफ़्तार किया तथा मौक़े से दूसरा आरोपी भाग निकला,वही पुलिस ने गिरफ़्तार किए गए आरोपी के पास से दर्ज़नो एटीएम कार्ड,आधार कार्ड,पैनकार्ड,एक कार व नकदी सहित अन्य सामान बरामद कर आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकेटी थाना पर तैनात उप निरिक्षक शेषमणि मिश्रा अपने हमराह पुलिस बल के साथ शनिवार रात को अस्ती रोड़ क्रॉसिंग के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक तेज़ रफ़्तार वैगनआर कार आती दिखी,संदिग्ध प्रतीत होने पर उनको रुकने का इशारा किया गया,उन लोगों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को मौक़े से पकड़ लिया वही दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरेंद्र कुमार सरोज निवासी उगईपुर बांसी देवास,थाना रानीगंज,जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई आरोपी के पास से 19 एटीम कार्ड विभिन्न बैंकों के,एक पैनकार्ड,दो वोटरकार्ड,एक ई-श्रम कार्ड,एक टेक्नो मोबाईल फ़ोन,वैगन-आर कार यूपी 32 सीटी1588 सहित अन्य सामान बरामद किया। पुलिस द्वारा बताया गया कि ये आरोपी बैंको व एटीएम बूथों पर जाकर लोगों के एटीएम बदलकर उससे रुपए निकालकर अय्याशी में खर्च करते थे।वही मौक़े से फरार दूसरे आरोपी की पहचान विजय कुमार सरोज उर्फ़ राहुल कुमार सरोज निवासी कसेरुआ, थाना रानीगंज,जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है।वही आरोपी को गिरफ़्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. शेषमणि मिश्रा(प्रभारी टीम)उ.नि.अशोक कुमार यादव,उ.नि.अभिमन्यु शाह,हे.का.आशीष सिंह,का. नितिन कुमार,का.अम्ब्रीष सिंह,का.पारस कुमार शामिल रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सामाजिक सदभाव बैठक हुई आयोजित



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की रविवार को सामाजिक सदभाव बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता धीरेंद्र ने सामाजिक सदभाव का अर्थ समझाते हुए एक दूसरे का सहयोग करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन देवेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक के मौक़ेपर मंदिर के ट्रस्टी अंशुल निगम द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। बैठक में आये लोगो ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में राम करन, डॉ0 अनीता , गुंजन शर्मा, सुनील अग्रवाल, उदय भान, नवनीत तिवारी विनोद कुमार दिनेश पाल, राकेश प्रधान सहित सैकड़ों लोगों ने बैठक में भाग लिया।

## भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन

**बंथरा ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, इसके साथ ही मंडल स्तरीय किसान चिंतन शिविर का भी आयोजन हुआ। उक्त मंडल स्तरीय किसान चिंतन शिविर में किसानों के लिए सरकार से कुछ मांगे रखी गई जिसमें भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान परिवारों को आजीविका हेतु उनकी जमीन के बराबर दूसरी जगह जमीन दी जाए, भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान के परिवार के एक सदस्य को पूर्व की भांति नौकरी दी जाए, सभी तालाबों को नहरों से जोड़ा जाए इसके अलावा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए प्रमुख रहीं। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में किसानों ने भाग लिया, साथ ही संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव का हरनाम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, प्रदेश प्रमुख महासचिव देवेंद्र कुमार उर्फ बबलू, जिला अध्यक्ष लखनऊ धर्मेंद्र वर्मा, जिला अध्यक्ष उन्नाव सुशील कुमार शुक्ला, जिला प्रभारी लखनऊ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, गिरफ्तार

**सरोजनी नगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में शादी का झांसा देकर एक महिला से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र की एक 32 वर्षीय विवाहित महिला अपने पति से अलग रहती है। यहां महिला एक चार पहिया वाहन एजेंसी में काम करती है। यहीं पर उसकी मुलाकात न्यू रहीमाबाद निवासी मोहम्मद शादाब से हुई। शादाब भी वहीं काम करता था। करीब एक साल पहले दोनों के बीच प्रेम-संबंध हो गया। आरोप है कि इस दौरान शादाब ने महिला को शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। महिला गर्भवती हुई, जब उसने शादाब पर शादी का दबाव डाला तो उसने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला ने परेशान होकर शादाब के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि शादाब सरोजनी नगर में सैनिक स्कूल के सामने सीआरपीएफ चौराहे पर मौजूद है।

# सुपर नोवा, अवीशा धारावर्ल्ड, ब्लू वाल्कर, तलवार इवेंटस, शील्ड इलेवन व जार्जियंस लखनऊ ने दर्ज़ की शानदार जीत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ। द्वितीय नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के हुए महत्वपूर्ण मुकाबलों में सुपर नोवा ने इनविंसिबल को 9 से शिकस्त दी।पहले बल्लेबाजी करते हुए इनविंसिबल ने 18 ओवरों में अमित शर्मा के 41 और कृष्णकांत के 40 रनों की बदौलत सभी विकेट खोकर 141 रनों का लक्ष्य खड़ा किया।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर नोवा ने इस लक्ष्य को मात्र एक विकेट खोकर 10.2 ओवरों में प्राप्त कर लिया दमनप्रीत ने तूफानी 68 रन और जयदीप ने ताबड़तोड़ 57 रनों का योगदान किया,डॉक्टर टीके को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ़ द मैच के पुरस्कार से नवाज़ा गया,जसमीत सिंह को बेस्ट गेंदबाज़ तथा दमनप्रीत को बेस्ट बल्लेबाज़ के अवार्ड से नवाज़ा गया,वही दूसरे मुकाबले में शाजेब ख़ान उर्फ़ रसेल के तूफ़ानी शतक से अवीशा धारा वर्ल्ड ने शानदार जीत दर्ज की,धारा वर्ल्ड ने रॉयल वॉरियर्स को 158 रनों के भारी अंतर से शिकस्त दी।पहले बल्लेबाजी करते हुए अविशा धारा ने निर्धारित 20 ओवर में शाजेब ख़ान के शानदार शतक 118(48) 4 चौके और 15 छक्को की बदौलत 248 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया,शिवेंद्र ने 40 धीरू यादव ने 30 और अभिषेक पांडे ने 32 रनों का योगदान दिया गौरव चाँद ने अपनी टीम के लिए तीन विकेट लिए

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल वारियर्स इस पहाड़ से लक्ष्य के आगे मात्र 91 रन ही बना सकी स्वतंत्र मिश्रा ने सर्वाधिक 34 रनों का योगदान किया अविषा की तरफ़ से अभिषेक श्रीवास्तव ने 29 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किये शजेब को उनकी शानदार बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ़ थे मैच के पुरस्कार से नवाज़ा गया,अभिषेक श्रीवास्तव को बेस्ट गेंदबाज़ तथा स्वतंत्र मिश्रा को बेस्ट बल्लेबाज़ के अवार्ड से नवाज़ा गया।वही ब्लू वाल्कर इलेवन ने लखनऊ लीजेंड बीटीसीयू इलेवन को पच्चीस रनों के भारी अंतर से हराकर जीत दर्ज की,वही अन्य मुक़ाबले में तलवार इवेंटस प्लानर ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अवध वारियर्स को 63रनों के भारी अंतर से हराकर जीत दर्ज किया।शील्ड इलेवन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हंटरज क्लब को 19रनों से हराकर जीत दर्ज की।जार्जियंस लखनऊ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीचर इलेवन अयोध्या को सात विकेट से हराकर मैच को अपने नाम किया।

# रहीमाबाद पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोचा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मलिहाबाद/लखनऊ। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रहीमाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को उपनिरीक्षक करण सिंह, विजय कुमार चतुर्वेदी, कांस्टेबल शीर्षपाल सिंह और किशनवीर सिंह की टीम ने तीन वारंटी अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुरगौला निवासी मंजेश, गोविंद कनौजिया और ग्राम कलुआखेड़ा माजरा गहदो निवासी हुबलाल के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तीनों अभियुक्त न्यायालय से वांछित वारंटी थे। जिन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# मीसा गांव में मेला व दो दिवसीय कबड्डी महाकुंभ आरंभ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव मीसा में रविवार से दो दिवसीय मेला व कबड्डी महाकुंभ शुरू हो गया। कार्यक्रम में पहले दिन आस - पास व अन्य जिलों से आई विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया।

रविवार को शुरू हुए दो दिवसीय बाबा जुगनू दास के मेला व कबड्डी महाकुंभ का उद्घाटन मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत द्वारा किया गया।जिनके साथ ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा डिम्पल नगर पंचायत अध्यक्ष गोसाईगंज निखिल मिश्रा टोंटी अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि गौरव रावत मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष रमेश कुमार रावत अपना दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल पोनू किसान यूनियन के ऋषि मिश्रा भाजपा अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष बीरेंद्र रावत शम्भू नाथ पाण्डेय शुभम रावत अश्वनी वर्मा सहित सहित कई प्रधानगण व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कबड्डी महाकुंभ में पहले दिन हरियाणा रसूलपुर टिकनिया मऊ दवंरिया सहित एक दर्जन से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार (जीतू) ने बताया कि सोमवार अन्य प्रदेशों की टीमें भी आ रही है।कबड्डी का सेमी फाइनल व फाइनल मैच सोमवार को खेला जाएगा।

# सोशल मीडिया समाज के लिए हानिकारक या लाभदायक विषय पर छात्रों ने रखे अपने विचार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नेचुरल टच वेल.फ़ेयर सोसाइटी के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज इंदिरा नगर में वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था सोशल मीडिया समाज के लिए हानिकारक या लाभदायक। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की अध्यक्षा स्मृति शर्मा ने मुख्य अतिथियों को पौधे भेंट कर स्वागत एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया प्रतियोगिता में कुल 16 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए।प्रतिभागियों की भाषा-शैली, आत्मविश्वास और विषय की गहरी समझ ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। कई छात्राओं ने अपने विचारों को आँकड़ों और उदाहरणों के माध्यम से सशक्त बनाया, जिससे सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।निर्णायक मंडल में डॉ. अलका मौर्या एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं में तर्कशक्ति और आलोचनात्मक सोच विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।कड़े मुकाबले के बाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए साक्षी जायसवाल ने प्रथम स्थान, अनुजा कनौजिया ने द्वितीय स्थान तथा साक्षी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में संस्था की टीम सदस्य आयुषी, शिवाक्ष और नंदनी की सक्रिय उपस्थिति रही। अंत में संस्था की अध्यक्षा स्मृति शर्मा ने निर्णायक मंडल विद्यालय प्रशासन एवं सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## हुतात्मा शहीद दिवस पर लोकबंधु चिकित्सालय में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

लखनऊ। हुतात्मा शहीद दिवस के अवसर पर लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, आशियाना लखनऊ के ब्लड बैंक विभाग एवं बजरंग दल लखनऊ शाखा के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सालय की निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर रक्तकोष प्रभारी डॉ. पी. सी. तिवारी, श्री एस. पी. उपाध्याय, श्री राजकुमार पांडेय, देवेंद्र, श्रीमती नीतू भारती, अखिलेश, आशीष एवं अरविंद सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।शिविर में आए रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कुल 14 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया तथा 11 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र एवं अल्पाहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 'मेहनतकश वर्ग अपनाए नई तकनीक और सोशल मीडिया'

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नागरिक अधिकारों को समर्पित, पाक्षिक अखबार द्वारा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के करण सिंह सभागार में रविवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जन संगठनों, पत्रकारों तथा प्रगतिशील व्यक्तियों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम के आधार पत्र पर बात करते हुए नागरिक के संपादक रोहित ने कहा कि नागरिक प्रतिवर्ष विभिन्न मुद्दों पर सेमिनार आयोजित करता है। नागरिक के भूतपूर्व संपादक कॉमरेड नगेंद्र की स्मृति में आयोजित इस सेमिनार का विषय ''अंधराष्ट्रवाद और मीडिया'' है। आज पूरी दुनिया में बढ़ते पूंजीवादी संकट की वजह से दुनिया में अंधराष्ट्रवाद की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। अमेरिका से लेकर भारत तक हर जगह फासीवादी शक्तियां राष्ट्रवाद को फैला रही है, लेकिन उनका ये राष्ट्रवाद देश को आगे बढ़ाने के बजाय पीछे लेकर जा रहा है इसलिए यह अंधराष्ट्रवाद है। हिंदुस्तान में राष्ट्रवाद के नाम पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। समाज में युद्ध के दौरान अंधराष्ट्रवाद अपने चरम पर होता है। पुलवामा हो या पहलगाम हमला, हमले पर उठे सवालों पर सरकार द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया, लेकिन उसके बहाने देश में युद्धोन्माद पैदा कर अपने फासीवादी मंसूबे हासिल करने का प्रयास किया गया। सेमिनार में भागीदार वक्ताओं ने कहा कि जहां लोकतंत्र के चौथे खंभे के रूप में मीडिया को जनता की आवाज बनना चाहिए था वहां आज मीडिया पूंजीपतियों की चाटुकारिता कर गोदी मीडिया में परिवर्तित हो गई है। सेमिनार में इस बात पर भी चर्चा हुई कि आज नई तकनीक और सोशल मीडिया के जरिये मज़दूर मेहनतकश वर्ग अपने वर्ग और समाज की बड़ी आबादी को अपने पक्ष में गोलबंद कर सकता है। साथ ही बिना आंदोलन के कोई जनपक्षधर मीडिया खड़ा नहीं हो सकता।

सेमिनार की अध्यक्षता कुलदीप नाथ शुक्ल (भारत की सर्वहारा पार्टी), देवेन्द्र पाण्डेय (उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ), वंदना चौबे (प्रगतिशील लेखक संघ); डी.सी. मौर्य (इंकलाबी मजदूर केन्द्र), रोहित (सम्पादक, नागरिक) ने की। सेमिनार में मजदूर पत्रिका से गौरव सिंह, जनवादी किसान सभा से अजय आसुर, इफ्टू सर्वहारा से राधेश्याम, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से व्यास मुनि तिवारी, सत्यनारायण, लालू तिवारी, परिवर्तनकामी छात्र संगठन से कैलाश, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से सरिता, इंकलाबी मजदूर केंद्र से रामजी सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से परमानंद, पटना विश्वविद्यालय की छात्रा मोनिका, क्रांतिकारी किसान यूनियन से राम रतन, भूमिहीन किसान संघर्ष समिति से राम नरेश, तथा राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोईया कर्मी वेल.फ़ेयर एसोसिएशन से मृदुलेश, राष्ट्रीय जनता लोक पार्टी से बृजपाल ने अपनी बात रखी। सेमिनार में बरेली से आए प्रगतिशील सांस्कृतिक मंच के साथियों ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किए। सेमिनार में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 90-100 लोगों ने भागीदारी की।

# डीएम ने महोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, लापरवाही पर नर्सों का वेतन रोका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर (ब्यूरो)। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महोली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथॉलोजी, किचेन आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।



जिलाधिकारी ने डिलीवरी रजिस्टर की गहनतापूर्वक जांच की तथा स्टॉफ नर्स संतोष सिंह द्वारा दर्ज किया गया विवरण त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। स्टॉफ नर्स गरिमा मिश्रा एवं पूजा गौतम का आज का वेतन रोकते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर का पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित किया जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण भी प्राप्त किया। उन्होंने फार्मेसी में जाकर दवाओं के रख-रखाव, कोल्ड चेन आदि का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो।

**डिलीवरी रजिस्टर में त्रुटि पर नर्स से स्पष्टीकरण, डीएम ने दिए सुधार के निर्देश**

**बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर डीएम सख्त, महोली सीएचसी का आकस्मिक निरीक्षण**

# गंभीर अपराधों में संलिप्त 05 वांछित अपराधी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 05 वांछित को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है-

थाना रामपुर कलां द्वारा 02 वांछित गिरफ्तार- थाना रामपुर कलां पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 241/25 धारा 64(1) बीएनएस व 3 /4 पाक्सो एक्ट व 3(2)ठ्ठ ट्टए/द्ब्ह इएद्ब में वांछित अभियुक्तगण 1. आलोक उर्फ ललित यादव पुत्र राजेश यादव निवासी गलसिंहपुर मजरा लौना



थाना रामपुरकलां जनपद सीतापुर 2. अभय यादव उर्फ दीपक यादव पुत्र संजय निवासी नेरपुर गेंधरिया थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 346/25 धारा 65(1)/351(3) बीएनएस व 3/4 (2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त इरफानुल कादरी चुर्वेदी पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी महमूदपुर कामेला थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

थाना रेउसा पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 555/2025 धारा 105 बीएनएस में वांछित अभियुक्त मोहम्मद रजा पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मो0 सलार गज थाना दरगाह जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

थाना बिसवां पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 537/2025 धारा 108 बीएनएस में वांछित अभियुक्त मो0 मेहताब पुत्र मो0 रहीस उर्फ मेड़ई निवासी भीखपुर थाना बिसवां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# डीएम ने किया महोली क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील महोली क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्राधिकारी महोली के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य तथा राजकीय पशुचिकित्सालय महोली के अनावासीय भवन के निर्माण कार्यों का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराते हुये हस्तानांरित कराया जाये।



क्षेत्राधिकारी महोली के अनावासीय भवन में सी0सी0 रोड की गुणत्ता खराब पाये जाने सी0सी रोड की लागत का 10 प्रतिशत कटौती किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि मानकों के अनुरूप सी0सी0 रोड का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराया जाये। तत्कालीन जे0ई0 का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। अनावासीय भवन के एक कक्ष की छत में सीलन की समस्या दिखायी देने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल छत का स्लोप ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। राजकीय पशुचिकित्सालय महोली के अनावासीय भवन के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों के विलम्ब पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि विलम्ब की अवधि में नियमानुसार 02 प्रतिशत की दर से कटौती की जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि सुधार न होने पर अधिक कटौती प्रस्तावित करते हुये नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी प्रस्तावित की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी महोली सहित कार्यदायी संस्थाओं के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस-एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 11.97 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो नेपाली तस्कर गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना गौरीफंटा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने 11.97 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) बरामद करते हुए नेपाल के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक गौरीफंटा के नेतृत्व में 8 नवम्बर 2025 को की गई। संयुक्त टीम ने नेपाल राष्ट्र के दो नागरिक – उपेन्द्र बहादुर शाह पुत्र खड़क बहादुर शाह और जनक बहादुर रोकाया पुत्र रंग बहादुर रोकाया, निवासी नगर पालिका बुढ़ी गंगा वार्ड नं. 04 थाना बमका जिला बाजुरा – को गिरफ्तार किया। अभियुक्त उपेन्द्र बहादुर शाह से 6.13 ग्राम तथा जनक बहादुर रोकाया से 5.84 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 11.97 ग्राम है। बरामदगी के आधार पर थाना गौरीफंटा पर मु0अ0सं0 49/2025 धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुराने सीतापुर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर(ब्यूरो)। रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे पुराना सीतापुर के क़ज़ियारा इलाके में उस समय अफरातफरी मच गई जब मोहल्ला मिरदही टोला निवासी हाजी ज़हीन अख्तर पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग से उठे धुएं का घना गुबार पूरे इलाके में फैल गया और लोग दहशत में घरों से बाहर निकलने लगे। धुआं और आग की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ लोग जगह-जगह मदद के लिए फोन मिलाते रहे, लेकिन फायर ब्रिगेड और डायल 112 के टोल फ्री नंबर लगातार व्यस्त आने से शुरुआती मिनट बेहद तनावपूर्ण रहे। मौके पर मौजूद कई समाजसेवियों ने बिजली लाइन कटवाने, पुलिस को सूचना देने और लोगों को सुरक्षित करने में तुरंत भूमिका निभाई।



नगर कोतवाल अनूप शुक्ला की तेज कार्रवाई बनी बड़ी राहत सूचना मिलते ही नगर कोतवाल अनूप शुक्ला ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए फायर ब्रिगेड को तत्काल अलर्ट किया और खुद मौके की ओर तेजी से रवाना हुए। स्थान पर पहुंचकर उन्होंने भीड़ को सुरक्षित दूरी पर हटवाया और बचाव कार्य को व्यवस्थित किया। आग के फैलते खतरे को देखते हुए उन्होंने क़ज़ियारा चौराहे का रूट डायवर्ट करवाया, जिससे फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कोई रुकावट न हो। उनकी समझदारी भरी त्वरित कार्रवाई के कारण फायर ब्रिगेड टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंच सकी और लपटों को काबू में ले लिया।दूसरी मंजिल पर फंसी महिलाएं और बच्चे, लोगों ने यूं बचाया

घर की दूसरी मंजिल पर महिलाएं और बच्चे फंसे हुए थे। धुआं तेजी से ऊपर चढ़ रहा था। यह देखकर मोहल्लेवासियों ने बिना देरी किये सीढ़ी लगाकर सभी को कड़ी मेहनत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कई लोगों ने नीचे के हिस्से से सामान भी बाहर निकालने में मदद की।

लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान

हाजी ज़हीन अख्तर के अनुसार, ठंड के चलते कमरे और बरामदे में रखी रजाइयां, साल और कपड़ों ने आग पकड़ ली, जिससे नुकसान बढ़ गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

फायर ब्रिगेड के एक कर्मचारी ने बताया कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत होती है, क्योंकि मौके पर खुले तार थे और पास में गर्म कपड़े रखे हुए थे। संभावना है कि इन्हीं में चिंगारी लगने से आग भड़की। कर्मचारी के अनुसार आग काफी तेजी से फैली हुई थी।

# मेला मैदान ढाल पर अराजक तत्वों ने लगाई आग, अच्छेलाल की दुकान जलकर खाक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। शहर के मेला मैदान ढाल इलाके में शनिवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब अराजक तत्वों ने अच्छेलाल नामक व्यक्ति की दूध की दुकान में आग लगा दी। कुछ ही पलों में दुकान आग की लपटों से घिर गई और अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि इस आगजनी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, देर रात अचानक दुकान से धुआं और लपटें उठती दिखीं। लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि किसी की कोशिश सफल नहीं हो सकी। देखते ही देखते पूरी दुकान धू-धू कर जल उठी।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह घटना अराजक तत्वों की करतूत मानी जा रही है।

अच्छेलाल, जो कई वर्षों से मेला मैदान ढाल पर दूध की दुकान चलाते थे, ने बताया कि दुकान में रोजमर्रा का सारा दूध, बर्तन, और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगजनी की इस घटना को गंभीरता से लिया गया है। टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई है, और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। यह घटना एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो सकें।

# एसी टूरिस्ट कोच में पर्यटकों ने की जंगल की सैर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मैलानी-खीरी।मैलानी 30 जून से लगातार बारिश और बाढ़ के पानी से पलिया और भीरा के बीच अतरिया रेलवे पथ के जलभराव होने के बाद बंद चल रहे मैलानी नानपारा रेल मार्ग पर 4 नवंबर से रेल यातायात दुबारा शुरू हो गया।जिससे अब 131 दिन बाद द्वि साप्ताहिक एसी कोच को पैसेंजर ट्रेन में फिर से जोड़ा गया,जो 8 नवंबर को मैलानी नानपारा रेल मार्ग पर रवाना हुआ।जिसमें पहले दिन 9 पर्यटकों ने दुधवा नेशनल पार्क के घने जंगलों का एसी कोच में बैठकर जंगली जानवरों का दीदार किया।ये कोच सप्ताह में शनिवार और रविवार को संचालित होता है।शनिवार को ट्रेन नंबर 52260 में द्वि साप्ताहिक टूरिस्ट कोच मैलानी से बिछिया के लिए जोड़ा गया।यही ट्रेन वापसी में ट्रेन नंबर 52259 बिछिया से मैलानी आई,जिसमें 60 सीटें हैं,जिसमें से एक सीट टीटी के लिए है।ट्रेन नंबर 52260



मैलानी से बिछिया पैसेंजर ट्रेन शनिवार को सुबह 06:05 बजे मैलानी से छूटकर 10:30 बजे बिछिया पहुंचेगी और वापसी में यही ट्रेन नंबर 52259 बनकर बिछिया से मैलानी पूर्वान्ह 11:45 बजे चलकर शाम 04:10 मिनट पर मैलानी वापस आएगी।एसी टूरिस्ट कोच का किराया 265 रुपए एक तरफ 107 किलोमीटर का है।इतना ही किराया वापसी में पर्यटकों को एसी टूरिस्ट कोच का देना होगा।ये टूरिस्ट कोच पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए कम किराए में दुधवा नेशनल पार्क का दीदार कराएगी। दुधवा नेशनल पार्क में शेर,चीता,हाथी,गैंडा आदि जानवरों के दीदार कराएगी।

## गौरीफंटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी विशाल गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना गौरीफंटा पुलिस को अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीफंटा की टीम ने आज दिनांक 09 नवम्बर 2025 को थाना मझगई पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 387/25 धारा 2(थ)(द्व)/3 उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 से संबंधित वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र घनश्याम निवासी मोहल्ला किसान 2 कस्बा एवं थाना पलिया जनपद खीरी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त पर जनपद के विभिन्न थानों में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, अपहरण, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास इस प्रकार है ऽ मुकदमा अपराध संख्या 197/2024 धारा 380/411 भादवि थाना मझगई, मुकदमा अपराध संख्या 623/2024 धारा 309(4)/317(2)/317(4) बीएनएस थाना कोतवाली सदर, मुकदमा अपराध संख्या 635/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली सदर, मुकदमा अपराध संख्या 318/2024 धारा 309(4)/317(2)/317(4) बीएनएस थाना भीरा, मुकदमा अपराध संख्या 615/2020 धारा 147/148/149/308/504 भादवि थाना पलिया तथा मुकदमा अपराध संख्या 120/2022 धारा 363/366/506 भादवि थाना पलिया जनपद खीरी।

गिरफ्तारी के बाद थाना गौरीफंटा पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक प्रीतम कुमार, कांस्टेबल राजीव सिंह एवं महिला कांस्टेबल कुन्ती शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक खीरी ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## नैनीताल हाईवे पर रोडवेज बस ने बाइक सवारों को रौंदा, भांजी की मौत, भाई –बहन गंभीर घायल

बरेली। नैनीताल हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से रविवार दोपहर बाइक सवार एक युवती की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद रोडवेज बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के धौराटांडा निवासी रेहान पुत्र आसिफ रविवार दोपहर अपनी बहन हुमा (24) और भांजी रोशनी (20) के साथ दवा लेने बरेली आ रहा था। जब वे इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कला के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही रोहिलखंड डिपो की रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। रास्ते में रोशनी की मौत हो गई, जबकि रेहान और हुमा को मिनी बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक हुमा की हालत नाजुक बनी हुई है। इज्जतनगर इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है। मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और हादसे की जांच की जा रही है।

## पहले हॉकी मैच में लखनऊ ने चण्डीगढ़ को बड़े अंतर से हराया

हमीरपुर,। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में रविवार से शुरू हुए मौलाना सलीम जाफरी मेमोरियल हॉकी चैम्पियन ट्राफी 2025 का पहला मैच साईं हॉस्टल लखनऊ और चंडीगढ़ (पंजाब) की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच के शुरुआत से ही लखनऊ की टीम हावी रही और मैच के पहले क्वार्टर के तीसरे व चौथे मिनट में दो गोल कर मैच पैर जमा लिए, जबकि दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं।

वहीं तीसरे क्वार्टर के शुरू में लखनऊ ने लगातार तीन गोल कर मैंच पूरी तरह से अपने पक्ष में कर लिया और अब मात्र मैच में औपचारिकता रह गई थी, जिसके बाद लखनऊ ने अंतिम क्वार्टर में एक और गोल दागकर 6–0 के बड़े अंतर से मैच जीतकर अगले दौर में जगह बना ली। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले लखनऊ के आशीष को मैन आफ द मैच चुना गया। जबकि रेफरी की भूमिका सुनील गुप्ता, रूपेंद्र कुमार ने निभाई। वहीं रिजर्व अंपायर की भूमिका अमित गुप्ता व स्कोरिंग जज बृजेश कुशवाहा रहे।

# अवध शुगर मिल हरगांव में किसानों और वाहन चालकों के लिए जागरूकता गोष्ठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर ब्यूरो ।अवध शुगर मिल हरगांव के प्रांगण में शनिवार को किसानों और वाहन चालकों के लिए एक वृहद जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी एवं मिल प्रशासन की संयुक्त पहल पर आयोजित हुआ। इस दौरान लगभग 63 वाहनों पर रेडियम कवर (रिफ्लेक्टर युक्त कपड़े) लगाए गए।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि गन्ना ढुलाई के दौरान ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम अवश्य लगाएं। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। रिफ्लेक्टर युक्त कपड़ा या टेप लगाने से वाहन दूर से ही दिखाई देता है और चालक सतर्क हो जाते हैं।

उन्होंने चालकों से अपील की कि कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं, दृश्यता शून्य होने पर सड़क की सफ़ेद पट्टी (लेन मार्किंग) का अनुसरण करें, फॉग लाइट व डी-फागर का उपयोग करें, वाइपर चालू रखें और वाहन मोड़ने से पहले दाएं-बाएं देखकर ही आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि मिल प्रशासन द्वारा वाहन स्वामियों को निःशुल्क रिफ्लेक्टर कपड़े उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

पीटीओ एम.ए. आब्दीन ने चेतावनी दी कि यदि वाहनों में मानकानुसार रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप या रिफ्लेक्टर युक्त कपड़ा नहीं लगाया गया तो 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चों को वाहन चलाना न सिखाएं। यह दंडनीय अपराध है, जिस पर 25 हजार रुपये जुर्माना और छह माह की सजा का प्रावधान है।

कार्यक्रम में जीएम (केन) संजीव राणा, ट्रांसपोर्ट प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव सहित सैकड़ों किसान एवं वाहन चालक मौजूद रहे।

# कटौली–ईसानगर में फर्नीचर दुकानों का मकड़जाल प्रतिबंधित लकड़ियों का खुला खेल, वन विभाग की चुप्पी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धौरहरा (खीरी)। ईसानगर थाना क्षेत्र के कटौली और ईसानगर कस्बों में फर्नीचर कारोबार बेलगाम ढंग से फल-फूल रहा है, जहां दुकानदार सागौन, शीशम, जामुन, नीम, आम जैसी प्रतिबंधित और बहुमूल्य लकड़ियों का खुलेआम चिरान व इस्तेमाल कर रहे हैं। वन विभाग की अनदेखी और स्थानीय प्रशासन की कमजोरी के कारण पूरे क्षेत्र का पर्यावरण संकट में है।अवैध कारोबार, नियमों की धज्जियांइसी क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन और ट्रांजिट परमिट के लकड़ी माफिया फर्नीचर एवं प्लाईवुड की दुकानों का संचालन कर रहे हैं, जिससे हर दिन लाखों की अवैध कमाई हो रही है। दुकानदारों के पास सिर्फ 1-2 परमिट होते हैं, लेकिन वर्षभर हजारों घनफुट लकड़ी का कारोबार वाली दुकानों पर कोई जांच नहीं होती।पेड़ों का खुलेआम कत्लेआमइन दुकानों में



सागौन, शीशम, नीम, जामुन, आम, गूलर, सेमल सहित दुर्लभ प्रजाति की लकड़ियों के ढेर दुकान के बाहर खुलेआम देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि जंगलों का सफाया कितने बड़े पैमाने पर हो रहा है। जंगल की बहुमूल्य वनसंपदा नष्ट होने से इलाके में जैव-विविधता खतरे में पड़ती जा रही है।प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही का संकटबार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन और वन विभाग दोनों मौन हैं। कोई जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे आमजन में व्यवस्था को लेकर आक्रोश भी फैल रहा है। दुकानें कुकुरमुत्तों की तरह फैली हैं, मगर रिकॉर्ड और दस्तावेज जांचने का कोई अभियान नहीं चलता।सवाल और मांगआम जनता, सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरण प्रेमी विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं– आखिर कब तक विभाग की मेहरबानी से यह अवैध कारोबार चलता रहेगा? कब जंगल और दुर्लभ पेड़ों की रक्षा होगी?कटौली और ईसानगर में फर्नीचर कारोबार का यह अवैध नेटवर्क जमकर फल-फूल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ फाइलें धूल फांक रही हैं। इलाके की वनसंपदा सुरक्षा के लिए विभागीय सक्रियता और सख्त कानून लागू करना अब बेहद जरूरी हो गया है ।

# विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर लगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिकारपुर। सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज की लीगल ऐड कमेटी ने ग्राम पहाड़पुर हवेली में विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने और निशुल्क कानूनी सलाह मिलने के बारे में बताया गया।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक प्रमोद, ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान धर्मवीर तथा डम्बर द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. श्वेता सिंह ने ग्रामीणों को शिविर के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविर कानून के छात्रों के लिए शैक्षणिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। छात्राओं ने शिक्षा के समान अवसर पर एक जागरूकता नाटक की प्रस्तुति दी, जिसने सभी को आकर्षित किया।

डॉ. आशा रानी ने महिलाओं में कानूनी जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

वरिष्ठ प्रवक्ता उत्तम वीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वास्तविक विकास की बयार गांव से ही चलती है। कानून के छात्र विशाल शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नारी के बिना न तो समाज का और न ही पुरुष का अस्तित्व संभव है। बबलू ने प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्यों के पालन पर बल दिया और पर्यावरण संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया। कृष्ण कुमार शर्मा ने विधिक जागरूकता के महत्व को रेखांकित करते हुए पुरुष जागरूकता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के दौरान विधि के छात्र-छात्राओं ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) पर नाटक प्रस्तुत किया। वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती लक्ष्मी ने सूचना के अधिकार के महत्व और इसके उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रवक्ता सुहैल आलम ने विशेष गहन परिवीक्षण के बारे में जानकारी दी। सचिन ने महिला शिक्षा पर विचार रखे। कार्यक्रम के आयोजन में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह, उत्तम वीर सिंह, सोहेल आलम, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ बाला रानी, काजल, नरेंद्र, प्रतीक नागर आदि का सहयोग रहा।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कांट पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ददरौल मोड़ के पास से दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।? पकड़ा गया अभियुक्त थाना कांट क्षेत्र के गांव अकर्रा रसूलपुर का रहने वाला शिवम वर्मा पुत्र भगवानदास है।?

दरअसल, शुक्रवार को शिवम वर्मा की पत्नी एकता का शव फंदे पर लटका मिला था। एकता का मायका थाना सदर बाजार क्षेत्र के गांव मऊवासक है। एकता की मौत की सूचना पर उसका भाई प्रेमचंद अपने परिजनों और रिश्तेदार आदि के साथ अकर्रा रसूलपुर पहुंचे और दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कांट-जलालाबाद हाईवे पर जाम लगा दिया था। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के भाई प्रेमचंद्र का आरोप था कि उसने पिछले साल 10 जुलाई को अपनी बहन एकता की शादी शिवम के साथ की थी। शादी में हैसियत के हिसाब दान दहेज भी दिया था।? इसके बाद भी बहन एकता की ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपए और मोटरसाइकिल की मांग करते थे और आएदिन बहन को परेशान करते थे। आरोप था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसकी बहन की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति शिवम वर्मा, उसके पिता भगवानदास, उसकी मां गीता देवी आदि पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त शिवम वर्मा को गिरफ्तार किया और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कांट के उपनिरीक्षक मेघराज सिंह के साथ हेड कांस्टेबल राजकुमार और कांस्टेबल शुभम कुमार मौजूद रहे।

# मुकेश हत्याकांड का खुलासा, दो हत्यारोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिकारपुर। तहसील शिकारपुर के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में पूर्व प्रधान मुकेश के पेड़ पर झूलते मिले शव के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि गत 4 नवंबर को पूर्व प्रधान मुकेश पुत्र हर प्रसाद का शव जंगल ग्राम बाद में पेड़ पर फांसी लगा झूलता हुआ मिला था। मृतक मुकेश के पुत्र करन की तहरीर पर अहमदगढ़ निवासी सात लोगों दीपक, अमरपाल, लोकेश, विशाल,धर्मपाल, जीतू और पवन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस व स्वाट टीम देहात की संयुक्त जांच में सभी लोगों की नामजदगी गलत पाई गई तथा 4 अन्य लोगों के नाम प्रकाश में आए थे। इनमें से दो अभियुक्तों कुम्मन उर्फ कुम्भीर उर्फ कुम्बीर उर्फ कुंवरपाल पुत्र मुंशी लाल निवासी ग्राम सालाबाद थाना छतारी और पूरन सिंह उर्फ कल्लन पुत्र कमल सिंह निवासी पोखरगढी थाना जवां जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से मोबाइल फोन बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने हत्याकांड के कारण का खुलासा करते हुए कुंवरपाल से की गई पूछताछ के आधार पर बताया कि वह मृतक मुकेश के साथ अक्सर शराब पीता था। शराब पीकर मृतक उसे गंदी गंदी गालियां देता था। कुछ दिन पहले मृतक ने शराब पीकर उसे गंदी गंदी गालियां दीं तथा उसके कपड़े फाड़ दिए थे। जिसका उसे बहुत बुरा लगा और उसने उसी दिन मन में ठान लिया कि अगर अगली बार मुकेश ने उसे शराब पीकर गाली दी तो वह उसकी हत्या कर देगा। गत 3 नवंबर को शाम के समय वह, अभियुक्त पूरन सिंह और अपने दो अन्य साथियों प्रेम सिंह व नरेन्द्र उर्फ राजू उर्फ भूरा के साथ मृतक की ट्यूबवैल पर शराब पी रहे थे। शराब पीकर मृतक ने उन्हें गंदी गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। इसी बात को लेकर चारों ने मिलकर मृतक का मुंह दबा लिया और जब वह बेहोश हो गया तो सभी मिलकर मुकेश को खींच कर पेड़ के पास ले गए। वहां उसे उसी के अंगौछे को उसके गले में बांधकर पेड़ पर लटका दिया ताकि पूरा मामला आत्महत्या का सा लगे। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्यारोपी कुंवरपाल के खिलाफ विभिन्न मामलों में 15 मुकदमा दर्ज हैं।

# मरघट की भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन सख्त, एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम रौली बौरी स्थित मरघट पर हुए अवैध अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी को लेकर एसपी राजेश द्विवेदी ने आज ग्राम रौली बौरी स्थित मरघट का स्थलीय निरीक्षण किया।

बता दें कि संबंधित भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने की निर्धारित तिथि 10 नवम्बर 2025 को प्रस्तावित है। इसी के दृष्टिगत आज वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भूमि की स्थिति, सीमांकन, अतिक्रमण की वर्तमान दशा एवं प्रशासनिक तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कानूनी प्रावधानों के अनुरूप, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराई जाए। स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर सभी तथ्यों का सत्यापन एवं तैयारी समय से पूरी करें। कहा कि आमजन के बीच अफवाह या गलतफहमी की स्थिति न बनने पाए, इसके लिए जनसंपर्क व संवाद पर विशेष ध्यान दिया जाए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम जलालाबाद, तहसीलदार जलालाबाद, क्षेत्रीय राजस्व टीम तथा थाना जलालाबाद पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सुरभि शोध संस्थान में फूड फ़ेस्ट का आयोजन, छात्राओं ने पेश किए

एजेंसी

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर के चुनार नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान द्वारा संचालित राधाकृष्ण वनवासी छात्रावास में रविवार को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर फूड फ़ेस्ट का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने विभिन्न प्रदेशों के पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों को बनाकर अपनी पाक-कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, असम, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, नेपाल और मेघालय से आई छात्राओं ने अपने-अपने क्षेत्र के स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक खानपान तकनीक और पोषण ज्ञान से परिचित कराना था।

मुख्य अतिथि श्यामसुंदर केशरी (नगर पालिका परिषद मीरजापुर) और विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज सिंह (प्रबंधक, एपेक्स हॉस्पिटल) ने छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा और उनकी कला, मेहनत और नवाचार की सराहना की।

संस्थान के संरक्षक सूर्यकांत जालान ने बताया कि सुरभि शोध संस्थान में समय-समय पर संगीत, योग, व्यायाम, कृषि, पशुपालन, सिलाई-कढ़ाई और खेलकूद जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

इस अवसर पर प्रबंधक दीपक सिंह, प्रभारी अमित चतुर्वेदी, जटाशंकर, रामसागर पांडेय, अमरनाथ शुक्ला, सौरभ पुजारी, डॉ. नागेंद्र पांडेय (प्रधानाचार्य, हनुमान प्रसाद पोद्दार इंटर कॉलेज), श्रुति भूषण मिश्रा (प्रधानाचार्य, सेठ किशोरी लाल जालान इंटर कॉलेज, डगमगपुर) सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पशुप्रेमी को थप्पड़ मारने का आरोपी चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। चार दिन पहले रेलवे स्टेशन परिसर में कहासुनी के बाद पशुप्रेमी प्रखर अग्रवाल को थप्पड़ मारने के आरोपी जीआरपी के चौकी प्रभारी उमेश यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है। प्रखर की शिकायत पर जांच जीआरपी के सीओ ने की थी। श्रीनारायणगंज मोहल्ला निवासी प्रखर अग्रवाल को जीआरपी के चौकी प्रभारी उमेश यादव को लाइनहाजिर किए जाने की जानकारी ट्विट के जरिये मिली है। इससे पहले जीआरपी के सीओ अनिल वर्मा ने उझानी आकर आरोपी चौकी प्रभारी का पक्ष जानने के बाद प्रखर और चश्मदीद निकुंज के बयान दर्ज किए थे। पशुप्रेमी प्रखर ने बताया कि जांच के दौरान ही उन्होंने घटना के समय की वीडियो भी सीओ दिखाई थी। चौकी प्रभारी को एसपी मुरादाबाद ने लाइन हाजिर किया है। बता दें कि चार दिन पहले प्रखर और निकुंज रात में करीब नौ बजे प्लेटफॉर्म टिकट लेकर स्टेशन परिसर में बेंच पर बैठे थे। आरोप है कि उसी दौरान चौकी प्रभारी ने उनके साथ अभद्रता करते हुए थप्पड़ मार दिया था। प्रखर ने इसकी शिकायत भी ट्विट कर दी थी। उन्होंने आरोपी चौकी प्रभारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की भी मांग की थी। ट्विट पर गौर करें तो जांच अभी जारी है। कार्रवाई और भी सकती है।

## सभी केंद्रों पर लगाए जाएंगे नाइट विजन कैमरे

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए लगाए गए कैमरों को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि सभी केंद्रों पर लगाए गए नाइट विजन कैमरे कम से कम 24 घंटे की रिकॉर्डिंग क्षमता वाले होने चाहिए। परीक्षा केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम जहां पर प्रश्नपत्र रखे जाएंगे। उन पर निगरानी के लिए हाई-क्वॉलिटी नाइट विजन कैमरे लगेंगे। यह कैमरे 24 घंटे लगातार रिकॉर्डिंग करेंगे और हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। रिकॉर्डिंग की बैकअप क्षमता कम से कम एक दिन की अनिवार्य की गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जांच आसानी से की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी हाल में परीक्षा में नकल या पेपर लीक जैसी घटनाओं को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से पहले और समाप्त होने तक स्ट्रांग रूम के अंदर-बाहर की हर गतिविधि कैमरे की नजर में रहेगी। आवश्यक होने पर रिकॉर्डिंग को समय-समय पर जांच के लिए भी देखा जाएगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग और संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सतर्कता भी बरती जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने कहा परीक्षा को हरहाल में नकल विहीन कराया जाएगा। इसको सभी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

## 44 साल पहले स्वीकृत की गई पुलिस चौकी अबतक नहीं बनी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। 44 साल पहले नूरपुर पिनौनी में मंजूर पुलिस चौकी को स्थान न मिल पाने के कारण पास के गांव नौगवां में अस्थायी पुलिस चौकी बना दी गई थी। समाजसेवी राकेश पुजारी ने गांव का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण नूरपुर पिनौनी में ही पूर्व स्वीकृति के आधार पर पुलिस चौकी बनाने की मांग करते हुए उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया है। उन्होंने बताया कि 1980 में नूरपुर पिनौनी में ही पुलिस चौकी स्वीकृत हुई थी। उस समय पिनौनी में जगह न मिलने से गांव नौगवां में अस्थायी रूप से चौकी बना दी गई थी। इसके बाद नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट लगभग 20 वर्ष पूर्व पुलिस चौकी के लिए जगह लेकर छोड़ दी गई, लेकिन निर्माण अबतक नहीं कराया गया। उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारियों को पुलिस चौकी की स्वीकृति की याद दिलाते हुए अवगत कराया है कि स्वीकृत चौकी का अबतक निर्माण नहीं हो सका है। बताया कि कई बार इस्लामनगर थानाध्यक्ष मौका मुआयना करने आए, लेकिन पुलिस चौकी के निर्माण में कोई प्रगति नहीं हुई। उन्होंने मांग की है कि क्षेत्र के लोगों की बेहतर सुरक्षा के लिए नूरपुर पिनौनी में ही स्थायी पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाए।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 10 नवंबर को

शिकारपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रज्जू भैया सरस्वती विहार के तत्वाधान में आरएसएस के पूर्व सरसंघचालक रज्जू भैया एवं विभिन्न कॉलेजों के संस्थापक जयप्रकाश गुप्ता की स्मृति में 10 नवंबर को शिकारपुर के श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ललित गुप्ता ने बताया की प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि संघ के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख पदम सिंह, विशिष्ट तिथि सुशील कुमार और मुख्य वक्ता डॉक्टर रूपनारायण होंगे। समारोह की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह करेंगे।

## कार्तिक मेला आयोजन में रसिया का दंगल

अनूपशहर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कार्तिक मेला में नगर पालिका द्वारा आयोजित रसिया दंगल में गुलजारी लाल अखाड़ा अलीगढ़ बनाम सोनी अखाड़ा अतरौली के कलाकारों ने देश भक्ति के सवाल जवाबों से सभी को भावविभोर किया।

शनिवार की देर शाम शिव चौक के निकट कार्तिक मेला में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान रसिया दंगल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा नेता अभय गर्ग, चेयरमैन बृजेश गोयल ने मां सरस्वती प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। चेयरमैन बृजेश गोयल ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर व शाल ओड़ाकर सम्मानित किया। अलीगढ़ से आए अखाड़ा गुलजारी लाल व अतरौली से आए सोनी अखाड़ों के कलाकारों की टक्कर में देश भक्ति कार्यक्रम के साथ सवाल जवाब होते रहे। कार्यक्रम का संचालन हृदेश गुप्ता ने किया। इस मौके पर सीपी सिंह, तुषार गुप्ता, हरीश गर्ग, बिट्टू पुनीत सिंहल, भूपेंद्र लोधी, दिलीप भारद्वाज, पंकज रॉयल, मनीष गर्ग, अरशद गाजी, अफजल गाजी, शिवम गोयल, पराग गर्ग, मनोज कुमार गोल्डी, भरत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 24 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद के तत्वावधान में दूसरे दिन सीएटीसी 109 प्रशिक्षण शिविर जारी

मुरादाबाद । 24 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद के तत्वावधान में सीएटीसी 109 प्रशिक्षण शिविर कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में रविवार को दूसरे दिन भी संचालित रहा। एनसीसी कैडेट पॉइंट 22 राइफल की जानकारी से रूबरू हुए। कैंप कमांडेंट कर्नल अमित गणेश के कुशल निर्देशन में संचालित हो रहे शिविर में डेट्स को पॉइंट 22 राइफल की जानकारी दी गई। इसके अलावा पॉइन्ट 22 राइफल को लोड करना, काक करना और अनलोड करना सिखाया गया। एक गोली एक दुश्मन के मुद्दे के साथ सही सिस्त लेकर कारगर फायर करना भी सिखाया गया। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल विवेक शर्मा, कैंप एडजुटेंट कैप्टन (डॉ) राजीव चौहान, मेजर शिवकुमार, लेफ्टिनेंट ओम प्रकाश, सूबेदार मेजर प्रदीप भट्ट, बीएचएम थान सिंह, हवलदार विनय राज, जीसीआई प्रीति सहित बटालियन स्टाफ एवं अन्य कैडेट्स उपस्थित रहे।

## बिजनौर में दुष्कर्म का आरोपित फरार पिता गिरफ्तार

बिजनौर। उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के किरतपुर थाना क्षेत्र में बेटी से दुष्कर्म के आरोपित फरार पिता को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि किरतपुर थाना की पुलिस ने एक ऐसे आरोपित को गिरफ्तार किया हैं, जिसने मासूम बेटी को ही अपने हवस का शिकार बना लिया। वह शराब का आदि था। शराब की लत से आजिज होकर आरोपित की पत्नी झगड़ा करने के बाद बच्चों को छोड़कर मायके चली गई थी। घर पर छह साल की बच्ची अपने नशेड़ी पिता और छोटे भाई के साथ रह रही थी। आरोप है कि नशे में धूत आरोपित ने बेटी से दुष्कर्म किया और किसी को नहीं बताने के लिए भी डराया। बच्चों ने यह सारा मामला अपनी चाची को बताया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने बच्ची को स्थानीय चिकित्सक को दिखाया तो उसे जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, घटना के बाद से आरोपित फरार था। पीड़ित बच्ची की चाची ने इस मामले में तहरीर देकर पुलिस से शिकायत की। एएसपी सिटी ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## युवा व्यापार मंडल ने खाद्य अधिकारी व उनकी टीम का फूंका पुतला, तबादले की मांग

फर्रुखाबाद, । फर्रुखाबाद में खाद्य विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से नाराज युवा व्यापारियों ने आज रविवार को टाउन हॉल तिहारे पर विभाग के चीफ अधिकारी का पुतला फूंका। आरोप है कि खाद्य विभाग की टीम में शामिल कई कर्मचारी व्यापारियों से अवैध वसूली करते और अनावश्यक छापेमारी करते हैं । व्यापारियों ने जिला?धिकारी से चीफ और वसूली करने वाले कर्मचारियों के स्थानान्तरण की मांग की है। युवा व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने चेतावनी दी है? कि यदि एक सप्ताह के अंदर पूरी टीम को नहीं हटाया गया तो युवा व्यापार मंडल आंदोलन करने पर विवश होगा। पुतला फूंकने वालों में नगर महामंत्री रोहन कश्यप, गोपाल सिंह कश्यप, माजिद अली, सोहन शुक्ला, शान मोहम्मद ,अजीम खान ,करीम खान ,मोनू मिश्रा, राजेंद्र सिंह चौहान, अशोक यादव, गोविंद बाथम, गोविंद दीक्षित, अनुज बाथम, विशाल दिक्षित ,तारीक अली, हिमांशु, एहसान अली, मुनव्वर अली सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# रोडवेज बस स्टैंड पर लोगों को बताए यातायात के नियम, किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। यातायात माह नवंबर के तहत पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत के नेतृत्व में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय ने रोडवेज बस स्टैंड पर राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय ने लोगों से अपील की है कि सड़क दुर्घटनाओं में स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु यातायात नियमों का पालन करें। इस दौरान उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने वाले लोगों को पुष्प देकर सम्मानित किया और यातायात नियमों के प्रति लापरवाही करने वाले लोगों को केले देते हुए निवेदन किया कि आप सड़क दुर्घटना का शिकार होने से पूर्व सजग हो जाइए, उसके बाद आपके अपने हॉस्पिटल में केले लेकर ही मिलने आयेंगे। इसलिए अब और लापरवाही न करें, बल्कि यातायात नियमों का पालन करें। यातायात प्रभारी ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही कर विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे लगभग 300 वाहनों के चालान किए हैं। जबकि ई-रिक्शा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में लगभग 30 ई-रिक्शा के चालान किए और 02 ई-रिक्शा को सीज कर पुलिस लाइन में खड़ा किया है।

# मेड़बंदी में हुई हत्या के मामले में हत्यारोपी सगे भाई गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना परौर पुलिस ने मेड़बंदी को लेकर हुई बदायूं के अरवेश की हत्या के मामले में हत्यारोपी दोनों सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा-कारतूस भी बरामद किए हैं।

बीती 05 नवंबर को जनपद बदायूं के थाना उसावां क्षेत्र के वार्ड-4 निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी थी कि वो भाई रामवीर और अरवेश के साथ खेत पर जुताई करने के लिए गए थे। वहां उसावां कस्बे के वार्ड-07 के रहने वाले कल्लू सिंह और उनका भाई सोनू पुत्र नेत्रपाल आदि उसके खेत की मेड़बंदी तोड़ रहे थे। उन्होंने मेड़बंदी तोड़ने का विरोध किया, तो कल्लू ने उसके भाई अरवेश के गोली मार दी। इससे अवरेश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कल्लू और सोनू आदि के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर परौर- कलान रोड पर कुबेरपुर से कलान की ओर से अभियुक्त कल्लू और सोनू को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा, खोखा और कारतूस बरामद किया। फिलहाल थाना परौर पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थाना परौर के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार के साथ उपनिरीक्षक विनय कुमार, जीतू, हेड कांस्टेबल अजय कुमार, कांस्टेबल गगन पवार आदि मौजूद रहे।

# डीजे बजाने के विवाद में हुई थी युवक की हत्या, दो गिरफ्तार



एजेंसी

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मौदहा कोतवाली पुलिस ने बीते दिनों गहबरा चौकी क्षेत्र में मिले युवक के शव और हत्या का खुलासा रविवार को कर दिया। डीजे बजाने के विवाद में युवक की हत्या की गई थी।पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है

कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि फतेहपुर निवासी दयाराम का शव बीते दिनों गहबरा चौकी के पास मिला था। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने रीवन गांव निवासी चंद्रपाल, उसके भाई और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। छानबीन के दौरान में रीवन गांव निवासी मयंक और आकाश का नाम सामने आया। दोनों की हत्या में संलिप्तता की पुष्टि होने पर पुलिस ने शनिवार देर रात मदारपुर मोड़ से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि डीजे बजाने के विवाद में उन लोगों ने दयाराम की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

# सिस्टम ने शहर से सटे ग्रामीण इलाकों को बना दिया नरक,हर तरफ पसरा है कचरे का ढेर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । नगर पालिका परिषद से सटे ग्रामीण क्षेत्रों के कई इलाकों से गुजरने पर आजकल दुर्गंध आती है, इसकी वजह शहर से सटे ग्रामीण इ लाकों के रोड या खुले मैदान पर पसरा कचरा है।नगर पालिका परिषद गोंडा शहर के कई इ लाकों में सफाई काम पूरी तरह से पटरी से उत र चुका है हमने जब शहर के कुछ हिस्सों में घूम कर देखा,तो बड़गांव पुलिस चौकी मधुरिमा स्वी ट के सड़क किनारे फुटपाथ पर गंदा पानी भरा हुआ है जहां सांस लेने में काफी दिक्कत हो र ही है लोग नाथ पर रूमाल रखकर किसी तरह वहां से निकलते हैं। बड़गांव पुलिस चौकी से लेकर नवीन गल्ला मंडी तक सड़क के किनारे फुटपाथ पर कई जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है।सड़क किनारे फुटपाथ पर गंदगी को देखते हुए हमने लोगों से बातचीत की तो लोगों ने ब ताया कि मोहल्ले के लोग सड़क पर कूड़ा फेंक जाते हैं लेकिन यहां कूड़ा उठाने वाला कोई न हीं आता है।शहर के कई चौक-चौराहों पर क चरा पसरा हुआ है,नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कुल 26 वार्ड हैं और सफाई के लिए सैकड़ो से अधिक सफाईकर्मी व दर्जनों से अधिक वाहन हैं,इसके बावजूद शहर में कई जगहों पर गंदगी का ढेर लगा हुआ है वहां से गुजरते वक्त लोग नाक बंद करने को मजबूर हैं सफाई की स्थिति को जानने के लिए जब हमने शहर के विभिन्न हिस्सों को देखा,तो पाया कि आरटीओ ऑफि स के नजदीक ज्योति विद्या मंदिर स्कूल के पा स सड़क पर कूड़ा पड़ा रहता है ना कोई कूड़े दान रखा गया है आवारा कुत्ते इधर से उधर कूड़े को फ़ेकते रहते हैं यही नहीं रोडवेज बस स्टॉप,बड़गांव पुलिस चौकी,गोंडा बहराइच रोड आदि जगहों पर जगह-जगह गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है।

# शरारती तत्वों ने किसान के गन्ने के खेत में लगाई आग,आठ बीघा फसल राख



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के कहोबा पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित दलपतपुर गांव में शुक्रवार को किसान संतोष तिवारी के गन्ने के खेत में विपक्षी राजेन्द्र प्रकाश तिवारी (पप्पू) पुत्र बिन्देश्वरी तिवारी ने रंजीशन में मेरे गन्ने को जला दिया है इस घटना में लगभग तीन बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई है। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी और मिट्टी का उपयोग कर बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं किया जाता तो यह पास के खेतों में खड़ी अन्य फसलों तक फैल सकती थी, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान होने की आशंका थी किसा न संतोष तिवारी ने बताया कि इस आगजनी से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। किसान संतोष तिवारी ने राजेंद्र प्रकाश तिवारी पर आरोप ल गाया है कि विपक्षी के द्वारा जानबूझ कर मेरा गन्ना जलाया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# आरपीएफ नहीं कर रही कार्रवाई,स्टेशनों और ट्रेनों में फिर सक्रिय हुए अवैध वेंडर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । आरपीएफ रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अवै ध वेंडरों पर कार्रवाई नाकाम साबित हो रहे हैं। इन दिनों आरपीएफ अवैध वेंडरों पर अंकुश लगा रहा है।आरपीएफ ने ढुलमुल रवैया अपना लिया है तो वहीं दूसरी ओर अवैध वेंडर भी ट्रेनों में सामान बेचने के लिए सक्रिय हो गए हैं। दर असल पिछले कुछ समय में रेलवे स्टेशन पर सै कड़ों की संख्या में अवैध वेंडर सक्रिय हो गए थे जिन पर स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई जो देखते ही देखते बड़ी संख्या में स्टेशन पर सामान बेचते हुए नजर आने लगे।अब आर पीएफ की दिखावी कार्रवाई करने से यह अवैध वेंडर ट्रेनों में आउटर से ट्रेन में सवार हो जाते हैं और अगली स्टेशन तक सामान बेचते हैं। लेकि न सवाल यह उठता है कि जब ट्रेनों में अवैध वेंडर खाद्य सामग्री सहित अन्य सामान बेच रहे हैं तो इनको पकड़ा क्यों नहीं जा रहा है। यही कारण है कि अन्य दूसरे लोग भी इसी तरह से ट्रेनों में आउटर से सामान बेचने के लिए जाने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक गोरखधाम एक्सप्रेस में कुछ अवैध वेंडर आउटर के पास जाकर खड़े हो गए और जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म से छूटी वह चलती ट्रेन में खाने पीने का सामान बेचने के लिए सवार हो गए।जो सब कुछ आरपीएफ की आंखों के सामने ही चलता रहता है लेकिन का र्रवाई इन पर नहीं की जाती है।

विजलेंस की कार्रवाई भी शून्य

स्थानीय स्तर पर कार्रवाई के साथ आरपीएफ की विजलेंस की टीम भी लगातार ट्रेनों में अवै ध वेंडरों पर कार्रवाई करती नजर आती थी। ले किन पिछले कुछ समय से विजलेंस की कारवा ई भी शून्य हैं। इसके पीछे आरपीएफ का तर्क रहता है कि अवैध वेंडर नहीं चल रहे हैं इसलिए कार्रवाई भी नहीं होती है।जबकि हकीकत कुछ और बयां करती है,गौरतलब है कि ट्रेन में अवैध वेंडर चलने के कारण इसका खामियाजा यात्री भुगत रहे है यात्रियों को दूषित खाना परोसा जा रहा है।

# रेलवे सुरक्षाबल की कस्टडी में मौत के मामले में बढ़ेगी मुकदमे की धाराएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ की हिरासत में संजय सोनकर की मौत के मामले में जांच शुरू हो गई है। नगर कोतवाल और मामले के विवेचक विवेक त्रिवेदी ने जांच प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस घटना को लेकर पुलिसकर्मियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में अनुसूचित जाति/ जनजाति एससी,एसटी अधिनियम की धाराएं बढ़ाई जाएंगी।इसके लिए मृतक संजय सोनक र के परिजनों से जाति प्रमाण पत्र मांगा गया है मृतक के भाई राजू सोनकर से पुलिस ने प्रारंभि क पूछताछ की है।प्रमाण पत्र मिलने के बाद आरपीएफ के दो सब इंस्पेक्टर और एक पुलि सकर्मी के खिलाफ एससी,एसटी एक्ट की धारा एं जोड़ी जाएंगी। ऐसे में अब गोंडा रेलवे सुरक्षा बल के तीनों पुलिसकर्मियों के ऊपर एससी,एसटी की धाराएं लगने के बाद मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है।वर्तमान में तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ केवल हत्या की धाराओं में ही मुकदमा दर्ज है।परिजनों ने आरोपी पुलिस कर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है और सवाल उठाया है कि उन्हें अब तक क्यों नहीं पकड़ा गया है जिसको लेकर के परिजनों के अंदर काफी नाराजगी है। और अब इसको लेकर राजनीतिक दलों के लोग भी सरकार पर सवाल उठा रहे हैं।गोंडा नगर कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही इस जांच में गोंडा रेलवे सुरक्षा बल पूरा सहयोग कर रहा है,आरपीएफ के द्वारा मांगी गई सभी सूचनाएं और विवरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।आरपीएफ ने तीनों पुलिसक र्मियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए भी आगे पत्र भेजा है। साथ ही साथ गोंडा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे बोर्ड को भी पूरे मामले को लेकर रिपोर्ट भेजी गई है,नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ एससी,एसटी धारा की बढ़ोतरी की जानी है, जिसके लिए परिजनों से जाति प्रमाण पत्र मांगा गया है। प्रमाण पत्र मिलते ही धाराएं बढ़ाई जाएंगी और उस मामले की जांच सीओ नगर द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हत्या की विवेचना उनके द्वारा की जा रही है और परिजनों से प्रारंभिक जानकारियां हासिल कर ली गई हैं।



## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरन मौत, ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

गोरखपुर । खजनी तहसील क्षेत्र के हरनहीं चौकी अंतर्गत ग्राम सैरो बनटोला में बीते 6 नवंबर को हुई मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। खजनी तहसील क्षेत्र में आक्रोशित ग्रामीणों ने खजनीऽसिकरीगंज मार्ग पर जाम लगा दिया और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही खजनी थाना अध्यक्ष एवं थानाध्यक्ष बांसगांव जितेंद्र कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि मृतक को बीते दिनों गांव में हुई मारपीट में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने घटना से संबंधित आरोपितों की तलाश तेज कर दी है।

## बांसगांव: रास्ते के विवाद में घायल की इलाज के दौरान मौत

बांसगांव , गोरखपुर । थाना क्षेत्र के हरनहीं पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सैरो के बनटोला रास्ते के विवाद में दबंगों द्वारा किये गये जानलेवा हमले में गम्भीर रूप से घायल 50 वर्षीय सुरेन्द्र यादव की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव के घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने रविवार को ग्रामीणों के साथ शव को गांव के समीप खजनी-सिकरीगंज मार्ग पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। जिससे इस मार्ग के घंटों तक अवरूद्ध हो जाने से यात्री हलकान रहे। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर बांसगांव जितेन्द्र कुमार सिंह ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाते हुए सड़क जाम खत्म करने का प्रयास करने लगे। परिजन उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने और दर्ज की गयी एफआईआर में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे सीओ अनुज कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस ने इस केस में हत्या की धारा की वृद्धि कर दी।

उल्लेखनीय है कि 6 नवंबर को शाम करीब 5:30 बजे मृतक सुरेन्द्र यादव पड़ोसी के साथ भूमि विवाद में गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस सम्बंध में पत्नी संगीता देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि घटना की जानकारी होने पर वह अपने पुत्र आलोक के साथ पति को बचाने जब मौके पर पहुंची तो हमलावर गाली गुप्ता और जानमाल की धमकी देते फरार हो गये। पुलिस ने परशुराम यादव, उमाशंकर यादव, मुन्नी देवी तथा गीता देवी के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 109, 352 व 351 (3) के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी रही।

परिजनों की मांग पर पुलिस ने केस में बढ़ाई हत्या की धारा

आरोप है कि हमलावरों द्वारा सुरेन्द्र का सिर बिजली के पोल से बार बार टकराने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आने से उन्हे ब्रेन हैमरेज हो गया। इलाज के लिए उन्हें गोरखपुर से लखनऊ प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया जहां पर 8 नवंबर को सबेरे 8:30 बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों की मांग पर पुलिस ने दर्ज किये गये केस में हत्या की धारा बढ़ा दी है।

# फसलों में डीएपी के स्थान पर टीएसपी, एनपीके उर्वरक का करें प्रयोग: जिला कृषि अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि रबी सीजन गेहूँ, सरसों, मसूर, आलू, चना, मटर व अन्य फसलों की बुवाई के लिए टीएसपी, एनपीके 20-20-0-13 एनपीके 12-32-16, नैनो डीएपी का प्रयोग फसलों के लिए लाभकारी है। डॉ. यादव ने बताया कि ट्रिपल सुपर फास्फ़ेट/टीएसपी में भी डीएपी की तरह 46 प्रतिशत फास्फोरस होता है। एक बोरी टीएसपी उर्वरक में 20 कि.ग्रा. यूरिया मिला देने पर यह उर्वरक भी डीएपी के समान हो जाती है और डीएपी के बराबर ही काम करती है। डॉ. यादव ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में 7310 मी.टन एनपीके, 6177 मी.टन डीएपी, 26547 बोतल नैनो डीएपी एवं 29432 बोतल नैनो यूरिया के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में टीएसपी उपलब्ध है, जो जिले के किसानों की मांग के हिसाब से पर्याप्त है।

जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों को सुझाव दिया है कि मृदा परीक्षण के अनुसार संतुलित मात्रा में ही उर्वरक का प्रयोग करें। उर्वरक का अधिक प्रयोग करने से जहां एक ओर मृदा का स्वास्थ्य खराब होता है वहीं दूसरी ओर उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कृषकों को डीएपी उर्वरक का आवश्यकता से अधिक भंडारण न करने तथा सब्जी, केला व अन्य फसलों में डीएपी के स्थान पर टीएसपी, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का प्रयोग करने की सलाह दी है जो कि सब्जी व केला सहित अन्य फसलों में भी लाभदायक है। उन्होंने ने बताया कि बुवाई के समय नैनो डीएपी से बीजों का उपचार करके दानेदार डीएपी की आवश्यकता को आधा किया जा सकता है।

डॉ. यादव ने कृषकों को सुझाव दिया है कि यदि 02 बोरी डीएपी की आवश्यकता है तो एक बोरी डीएपी खरीद लें एवं एक बोतल नैनो डीएपी 05 मि.ली. प्रति कि.ग्रा. की दर से गेहूं के बीज का उपचार करें। नैनो डीएपी से गेहूँ बीज का उपचार करने से बुवाई करने पर फास्फोरस सीधे पौधों की जड़ों में उपलब्ध हो जाता है जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है।

# विधिक सेवा दिवस पर संजीवनी लॉ कालेज में आयोजित हुआ विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में संजीवनी लॉ कालेज, कीर्तनपुर बहराइच में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन। शिविर में कालेज के प्राचार्य डॉ. रोहित प्रकाश सिंह, असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल रिषभ पाठक, प्रवक्तागण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य डॉ. सुधाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम विधि संकाय के छात्र-छात्राओं अंजली निषाद, सूफियान, भारती यादव, मुस्कान यादव, इति पटेल, अनु, अंजलि कुमारी, देवी प्रसाद मिश्रा, सूफियान वारसी, अरीबा शेख, इमरान, मकबूल अली शाह, अंकित शुक्ला, फ़िरोज़ खान, सैय्यद मोहम्मद, शान, जैद रजा व अन्य द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये गये।



तत्पश्चात प्रवक्तागण डॉ. सी.पी. वर्मा, मनीष कुमार श्रीवास्तव, निशा त्रिपाठी, शिखा त्रिपाठी, डॉ. अरुण कुमार कन्नौजिया द्वारा लीगल ऐड की उपयोगिता के बारे में विधि छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया तथा उन्हें उनके कर्तव्यों की गंभीरता के बारे में बताया गया। इसके उपरांत असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल ने विधिक जानकारी के साथ-साथ विधिक सेवा अन्तर्गत असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों को न्याय दिलाएं जाने में के सम्बन्ध में उपयोगी सुझाव दिये गये।

सचिव श्री शिरोमणि ने शिविर को सम्बोधित करते हुए बताया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है। न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है, जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समितियों से संपर्क कर निःशुल्क अधिवक्ता पा सकता है।

# मौत बनकर दौड़ रहे डग्गामार वाहन प्रशासन रोक लगाने में नाकाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ । जिले में डग्गामार वाहन दुर्घटना का सबब बने हुए हैं।जीप व मार्शल,बोलोरो में दुर्घटना से निपटने के लिए कोई इंतजाम नहीं होते डग्गामा र वाहनों से दुर्घटना होने की अधिक संभावना होती है।इन वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठा लिया जाता है।साथ ही उनके सामानों को उसी में रख लिया जाता है। जिससे वाहन के ब्रेक फ़ेल होने या टायर फटने की संभावना बढ़ जाती है। डग्गामार वाहन चालक यातायात नियमों का पालन भी नहीं करते। ओवर टेकिंग अथवा यातायात नियमों का उल्लंघन करने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है जिले में डग्गा मार वाहन दुर्घटना के प्रमुख कारण हैं। सड़कों पर पुलिस व एआरटीओ के नाक के नीचे सैक ड़ों की संख्या में डग्गामार वाहनों का संचालन होता है। इन वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा का कोई भी ख्याल नहीं रखा जाता मानक की अन देखी करके धड़ल्ले से संचालित हो रहे डग्गामा र वाहनों से आए दिन दुर्घटना होती रहती है, जिसमें लोगों की जान भी चली जाती है। जिले में संचालित अधिकतर वाहनों में न तो अग्निश मन यंत्र है और न ही फस्ट एड बाक्स की कोई व्यवस्था होती है। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर यात्रा की जाती है। इससे एक ओर जहां दुर्घटना होने की संभावना होती है वहीं दूसरी ओर राजस्व का भी नुकसान हो ता है ,गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर बिनाबिना परमिट बिना फिटनेस की गाड़ियां संचा लित हो रही हैं।ये गाड़िया बड़गाँव,पुलिस चौकी के सामने से गुजरती हैं इन गाड़ियों में यात्रियों को भूसे की तरह भर लिया जाता है और उनसे मनमाना किराया भी वसूला जाता है विरोध क रने पर बस चालक व परिचालक यात्रियों के सा थ बदसलूकी भी करते हैं।डग्गामार वाहन चाल क यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन कर ते हैं। ओवर टेकिंग करने पर दुर्घटना होने की अधिक संभावना होती है।यही नहीं मनकापुर बस स्टाप उतरौला रोड, गोंडा लखनऊ रोड कर नैलगंज में बीच सड़क पर खड़ी होकर बसें दिल्ली, लुधियाना,पंजाब,गुजरात, राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के लिए बसें चलती हैं। इन बसों में अन्य प्रदेशा को जाने वाले गरीब तबके के लोग यात्रा करते हैं।भारी भरकम किराया वसूलने के बावजूद इन बसों में भी अग्निशमन यंत्र व फस्ट एड बाक्स जैसी कोई सुविधा नहीं होती। बाक्स डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई से कतरा रहे जिम्मेदार डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सहायक संभागीय परिव हन विभाग एवं स्थानीय पुलिस व यातायात विभाग की है।

बावजूद इसके जिम्मेदार इनपर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। डग्गामार वाहनों पर शायद ही कभी कार्रवाई की गई हो। शिका यत होने पर भी जिम्मेदार मामले का रफा दफा कर देते हैं।

# एसपी नॉर्थ का कार्यकाल रहा यादगार, बेहतर पुलिसिंग से आमजन में बनाई विशेष पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## अपराधियों पर शिकंजा कसने वाले संवेदनशील अधिकारी के तबादले से जनता में निराशा, तबादला नीति पर उठे सवाल

गोरखपुर। जनपद में पुलिस अधीक्षक उत्तरी (एसपी नॉर्थ) के रूप में लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद श्री जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव का तबादला शासन ने सीआईडी लखनऊ संबद्ध यूपी एसआईएफएस में कर दिया है। उनके स्थानांतरण की खबर सामने आते ही जिले में चर्चा का विषय बन गई है, क्योंकि श्री श्रीवास्तव का कार्यकाल पुलिसिंग के दृष्टिकोण से बेहद शानदार और प्रभावशाली रहा। उन्होंने अपराधियों पर नकेल कसने के साथ-साथ जनता के बीच विश्वास और सम्मान की एक मजबूत छवि बनाई।

श्री श्रीवास्तव ने 13 दिसंबर 2023 को पुलिस अधीक्षक उत्तरी गोरखपुर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। लगभग एक वर्ष ग्यारह माह तक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने न केवल अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की, बल्कि पुलिसिंग व्यवस्था को एक नई दिशा दी। वे अपने व्यवहार, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के लिए आमजन के बीच लोकप्रिय बने रहे।

उनके नेतृत्व में उत्तरी क्षेत्र में कई बड़ी घटनाओं का खुलासा किया गया और अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। किसी भी घटना के बाद वे स्वयं मौके पर पहुंचकर तब तक डेरा डालते थे, जब तक घटना का पर्दाफाश नहीं हो जाता। यही कारण रहा कि उनके कार्यकाल में अपराध नियंत्रण की स्थिति मजबूत रही और आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास में वृद्धि हुई। श्री श्रीवास्तव अपने सौम्य स्वभाव और जनसंपर्क कौशल के लिए भी पहचाने जाते हैं। उनके कार्यालय में पहुंचने वाला हर फरियादी यह विश्वास लेकर लौटता था कि उसकी समस्या पर गंभीरता से कार्रवाई होगी। वे हर शिकायत को ध्यान से सुनते और संबंधित अधिकारियों को तत्काल दिशा-निर्देश देते थे। यही कारण है कि उनके कार्यकाल को लोग 'संवेदनशील पुलिसिंग' के रूप में याद कर रहे हैं।

उत्तरी क्षेत्र में अब तक कई अधिकारियों ने कार्य किया है, लेकिन श्री श्रीवास्तव का नाम उन चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हो गया है जिन्होंने पुलिसिंग व्यवस्था और मानवीय दृष्टिकोण दोनों को एक साथ साधा। उत्तरी क्षेत्र का गठन 14 जून 2017 को हुआ था। तब से अब तक इस क्षेत्र में पांच पुलिस अधीक्षक कार्य कर चुके हैं –

1. गणेश साहा (14 जून 2017 - 15 अप्रैल 2018) 2. रोहित सिंह सजवान (16 अप्रैल 2018 - 30 नवंबर 2018)

3. अरविंद पांडेय (3 दिसंबर 2018 - 12 जनवरी 2021) 4. मनोज अवस्थी (12 जनवरी 2021 - 12 दिसंबर 2023) 5. जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव (13 दिसंबर 2023 - 9 नवंबर 2025) इन सभी में श्री श्रीवास्तव को काबिल, मिलनसार और निर्विवाद अधिकारी के रूप में देखा गया। उन्होंने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ टीमवर्क पर भी विशेष बल दिया। उनके नेतृत्व में क्षेत्रीय थानों में अनुशासन और त्वरित कार्रवाई की संस्कृति मजबूत हुई।हालांकि उनके तबादले ने आमजन के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर तबादला नीति किस आधार पर तय होती है और क्या वास्तव में काबिल अधिकारियों को उनकी कार्यक्षमता के अनुसार पद दिए जा रहे हैं? कई लोगों का कहना है कि जिस अधिकारी ने अपराधों पर अंकुश लगाकर पुलिसिंग का नया मानक स्थापित किया, उसे जनता के बीच से हटाना समझ से परे है।

फिर भी श्री श्रीवास्तव ने हमेशा की तरह संयमित और जिम्मेदार रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि ᳚जहां भी शासन द्वारा दायित्व दिया जाएगा, वहां पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा।᳚

उत्तरी क्षेत्र के पुलिस कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में उनके तबादले की चर्चा है। लोग मानते हैं कि श्री श्रीवास्तव जैसे अधिकारी किसी भी जिले की पुलिसिंग व्यवस्था के लिए संपत्ति होते हैं। उनका कार्यकाल न केवल अपराध नियंत्रण बल्कि जनता के साथ विश्वासपूर्ण संवाद का भी उदाहरण रहा है। निस्संदेह, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने गोरखपुर के उत्तरी क्षेत्र में एक ऐसी छाप छोड़ी है जिसे आने वाले वर्षों तक याद किया जाएगा – एक संवेदनशील, अनुशासित और कर्मनिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में।

श्री श्रीवास्तव की प्रमुख उपलब्धियां और उल्लेखनीय कार्यवाहियां हत्या, लूट, और चोरी के कई संगीन मामलों का खुलासाःघटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार कराया।

# रोजगार मेले में दूसरे दिन पहुंचे किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा आयोजित था दो दिवसीय रोजगार मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के लंभुआ तहसील क्षेत्र के शिव गढ़ थाना क्षेत्र के गोथूआ जागीपुर गांव में सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेले में दूसरे दिन भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। मेले में पहुंचने पर आयोजक डॉ आशीष तिवारी ने उनका मोमेंटो,अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया।

रोजगार मेले को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा रोजगार मेले का आयोजन करके आशीष तिवारी ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।आशीष तिवारी का लगातार प्रयास है कि क्षेत्र के नौजवान आत्म निर्भर बने।भारत दुनिया का सबसे बड़ा जनसंख्या का देश है। दुनिया के 40 फीसदी युवा भारत में रहते है।विपक्ष पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि यूपी में बसपा के कार्यकाल में 95 हजार व सपा के कार्यकाल में ढाई लाख लोगों को ही रोजगार मिला था जबकि भाजपा की योगी सरकार में अभी तक 07 लाख लोगों को सरकारी नौकरी मिल चुकी है। हमारी सरकार योग्य लोगो को रोजगार देने के लिए संकल्पित है ।पूर्व में सरकारों में सरकारी नौकरियों के लिए जुगाड व पैसा लगता था जबकि हमारी सरकार में केवल परीक्षा शुल्क पर नौकरी मिलती है। उन्होंने आशीष तिवारी द्वारा लगवाए गए रोजगार मेले की सराहना की। साथ ही कई लोगों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया। आशीष तिवारी ने कहा कि रोजगार ही विकास का आधार है जब हर हाथ को काम मिलेगा तभी भारत विकसित होगा। इस मौके पर भाजपा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी, विधायक अभय सिंह, रमेश मिश्रा, बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज ,पीठाधीश्वर कपाली महराज, काशी तिवारी क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा, कामेश्वर पूर्व सांसद प्रवीण निषाद, राजेंद्र टाडा, अरुण जायसवाल जिलाध्यक्ष, राम प्रकाश मिश्रा दधीचि, गुलाब चंद्र द्विवेदी, अमित सिंह, वैभव चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नगर मे खेल मैदान न होने से दम तोड़ रही युवा खेल प्रतिभाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान नहीं होने से खेल प्रतिभाएं दबकर रह गई हैं। खेल मैदान के अभाव में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है क्षेत्र में कोई ऐसा खुला मैदान भी नहीं है, जहां सुबह-शाम युवा अभ्यास कर सकें इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं भी पलायन को विवश हैं खेल से जुड़े जानकारों का कहना है कि क्षेत्र में अनेक खेल प्रतिभाएं छुपी हुई हैं उनको तलाश कर तराशने की जरूरत है दुर्भाग्य से क्षेत्र में खेल सुविधाएं तो दूर की बात अभ्यास के लिए ढंग का मैदान नहीं है क्षेत्र में एक से बढ़कर एक खेल प्रतिभाएं हैं लेकिन संसाधनों के अभाव और आर्थिक तंगी से ये प्रतिभाएं अपना दम दिखाने से पहले ही दम तोड़ देती हैं वहीं,शहर के सैकड़ों बुजुर्ग महिला, बच्चे भी सुबह और शाम को सड़कों पर घूमने को मजबूर हैं नगर के स्थानीय नागरिक आदि ने कहा कि वर्षों से यहां के स्थानीय युवा व खिलाड़ी खेल मैदान बनाने की सरकार व नेताओं से मांग कर चुके हैं लेकिन किसी भी नेता या सरकार ने हमारी इस मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। इन लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा सरकार खेलो इंडिया के नाम से चाहे कितने भी दावे करे लेकिन जमीनी हकीकत पर ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को कोई सुविधा नहीं है खिलाड़ी आज भी स्टेडियम की उम्मीद लगाए बैठे हैं।अब देखना ये है कि कब इनको ये सौगात मिलेंगी खेल से दूरी बना रहीं प्रतिभाएं शहर में अच्छे खेल मैदानों की जरूरत है मगर मैदान के लिए जमीन तक नहीं सरकारी प्रतियोगिता के अलावा क्रिकेट, कबड्डी सहित यहां कई तरह की प्रतियोगिताएं स्वयं के स्तर पर आयोजित होती है क्षेत्र में राज्य स्तरीय खिलाड़ी होने के बावजूद खेल मैदान नहीं होने का मलाल पूरे शहर के लोगों को है मगर वर्षों से प्रयासरत युवाओं को मैदान तो दूर की बात अब तक जनप्रतिनिधि और प्रशासन खेल मैदान के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं करवा पाया है। स्थानीय युवाओं ने बताया कि सुंदरबनी में खेल मैदान के अभाव में बच्चे और युवा गलियों में खेलने को मजबूर हैं। खेल मैदान के अभाव में क्षेत्र की प्रतिभाएं अब खेल से दूरी बनाने लगी हैं क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं जिला और राज्य स्तर पर अपना लगातार परचम फहरा रही हैं, मगर खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने में असुविधा होती है। जिसके कारण प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ रही है। विशेष कर बालिकाओं को सुविधाओं के अभाव में घर पर रोकना मजबूरी बनी हुई है क्योंकि जिला स्तर पर बालिकाओं के अभ्यास के लिए भेजना हर किसी परिवार के लिए परेशानी बनी हुई जिसके चलते बालिका प्रतिभा मजबूरन दम तोड़ती नजर आ रही है।

## कोचिंग जा रही छात्रा को अगवा करने का प्रयास प्रयास मे विफल मनचले ने छात्रा से की मारपीट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला की रहने वाली नाबालिग छात्रा के परिजनों ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि वह गांव के ही एक कालेज में कक्षा 12 की छात्र है स्कूल से छुट्टी के बाद कोचिंग पढ़ने जा रही थीं वही कई दिनो से परेशान कर रहे मनचले ने छात्रा के साथ अश्लील हरकतें कर अगवा करने का प्रयास किया मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है शनिवार को कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था स्कूल से वापस लौटते समय गांव के ही एक लड़के ने जबरन उसका रास्ता रोक लिया अश्लील हरकतें और इशारे करने लगा मनचले ने छात्रा को मोटरसाइकिल से अगवा करने का प्रयास किया विरोध करने पर छात्रा के साथ जमकर मारपीट की छात्रा ने बमुश्किल मौके से भागकर जान बचाई घर पंहुची छात्रा ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी परिजनों ने पुलिस मे उसकी शिकायत दर्ज कराई और बताया कि पुत्री को बीते चार दिनों से परेशान कर रहा है कालेज से घर वापस लौटने पर आरोपित रास्ता रोककर फोन पर बात करने का दबाव बना रहा था लोकलाज के डर से जानकारी नहीं दी छात्रा की ओर से कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

## सवारियों की जान जोखिम मे डाल वाहन की क्षमता से अधिक सवारियां दोहने का सिलसिला जारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हादसों के बाद पुलिस और परिवहन विभाग के अफसरों ने क्षमता से अधिक सवारी ले जा रहे चंद वाहनों पर कार्रवाई की खानापूर्ति कर खुद की पीठ थपथपा ली, जबकि शहर से पीलीभीत,खुटार,माधोटांडा, कलीनगर, जोगराजपुर, सेहरामऊ,बण्डा मार्ग पर दौड़ने वाले कई टेंपो और अन्य वाहन अब भी 17 से 18 सवारियां बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं जिसमें स्कूली बच्चे ढोहने वाले वाहन भी शामिल है मीडियाकर्मी ने बुधवार की रात और बृहस्पतिवार की दोपहर की गई पड़ताल में कई टेंपो में 15 से 17 सवारियां बैठी देखीं गईं बच्चों को खतरनाक तरीके से पीछे डाले पर बैठाया गया था तो कई सवारियों पीछे लटक कर सफर करने को भी विवश थीं बावजूद इसके हादसों को दावत देते इन वाहनों पर पुलिस और परिवहन अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी थी शहर के चौराहे पर कई सवारियां बस का इंतजार कर रहीं थी? इसी समय एक मैजिक टेंपो आया चालक ने किराया तय कर 15 सवारियों को बैठा लिया खुद की सीट के पास तीन सवारियां बैठाईं। बीच और पीछे की सीट पर सवारियां भरने के बाद पीछे दो लोगों को लटका लिया बाद में हादसे से बेपरवाह चालक सवारियों की जान जोखिम में डालकर चला गया स्थानीय डिपो के अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्थानीय मार्गों पर बसों का संचालन न के बराबर है अधिकारी उच्चाधिकारियों से सवारी न होने का दावा करते हुए बसों का संचालन नहीं करते है इसका सीधे तौर पर डग्गामार वाहन चालक फायदा उठाते है अगर सवारियां नहीं हैं तो डग्गामार वाहन कैसे संचालित हो रहे हैं, इसका जवाब विभाग के जिम्मेदारों के पास भी नहीं है इन वाहनों पर अधिकृत है इतनी सवारी थ्री व्हीलर पर तीन सवारी के साथ एक ड्राइवर टेंपो वाहन छह सवारी के साथ एक ड्राइवर मैजिक वाहन में सात सवारी के साथ एक ड्राइवर।

## जिलाधिकारी ने टांडा बिजेसी पहुंचकर कृषि विज्ञान केंद्र की हाईटेक नर्सरी का किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने आज कृषि विज्ञान केन्द्र व ग्राम सचिवालय टांडा बिजेसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र में पीलीभीत में उद्यान विभाग द्वारा हाईटेक पौधशाला में हाईब्रिड पौधों को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि जनपद के प्रगतिशील किसान अब हाईटेक नर्सरी कृषि विज्ञान केन्द्र टांडा बिजैसी, न्यूरिया पीलीभीत में स्थापना हो जाने से जनपद के सब्जी उत्पादकों को गुणवत्तायुक्त/रोगमुक्त सब्जी /पौध आसानी से सुलभ हो जायेगी। हाईटेक नर्सरी में प्रतिवर्ष 15 लाख से अधिक पौधों का उत्पादन किया जाएगा। पौध उत्पादन का कार्य इजराईल तकनीकी के आधार पर को-को पिट में तैयार किया जा रहा है। रबी मौसम मे तैयार होने वाली सब्जियॉ जैसे-सं0 टमाटर, गोभी, शिमला मिर्च, सं0मिर्च, पत्तागोभी, अन्य लतावर्गीय सब्जियॉ की पौध उपलब्ध है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्र वितरित करने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत ग्राम सचिवालय टांडा विजेसी में पहुंचकर निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की जांच की। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक गणना प्रपत्रों का वितरण समय से पूर्ण किया जाए तथा प्रपत्र भरने हेतु मतदाताओं को बीएलओ द्वारा सहयोग प्रदान किया जाए।

## पुलिस लाइन में लगाया गया होम्योपैथिक शिविर

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला होम्योपैथिक विभाग व वामा सारथी के सहयोग से पुलिस परिवारों के लिये रिज़र्व पुलिस लाइन में होम्योपैथिक व योग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई इस दौरान आईपीएस अधिकारी नताशा गोयल ने दीप प्रज्वलित कर व महात्मा हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शिविर में जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. राजीव शर्मा व अन्य चिकित्सकों ने परीक्षण कर दवाएं दी। शिविर में सैकड़ों पुलिस कर्मियों के परिजनों को दवाएं दी।

## रोटरी क्लब द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर जारी

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोटरी क्लब सुल्तानपुर एवं आर.जे. शंकरा नेत्र चिकित्सालय वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में बारात घर परिसर में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण) शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मरीजों की जांच की जा रही है। मीडिया प्रभारी सागर तिवारी ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों की जांच के बाद आवश्यकतानुसार लेंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा ऑपरेशन कराया जाएगा। स्थानीय नागरिकों से अपील की जा रही है कि वह शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## हाई विद्युत तार के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखण्डनगर थाना क्षेत्र के नसरपुर गांव निवासी युवक गोलू यादव पुत्र शम्भू यादव की शनिवार को घर से कुछ दूरी पर 11हजार विद्युत तार के चपेट में में आने से मौत हो गई। थाना प्रभारी संत कुमार सिंह निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मृतक के भाई के अनुसार मृतक शनिवार को दोपहर लगभग दो घर से निकला हुआ। लगभग शाम छः घर से कुछ दूरी पर टूटकर गिरे हुए 11हजार विद्युत तार के पास शव देखा गया ,।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। विद्युत उपकेंद्र प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की बात की है।

# पुलिस ने अंकित सिंह पर जानलेवा हमले के मुख्य साजिशकर्ता समेत तीन लोगों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। थाना गौरीगंज पुलिस ने अंकित सिंह की हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बंधित मुख्य षड्यंत्रकर्ता मोहम्मद इस्लाम सहित तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने तीनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे मंशा गूजर टोला निवासी अंकित सिंह बाजार से अपने घर की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर उनके पुत्र को गिरा दिया था तथा वाहन से निकल कर छह लोगों ने उनके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से असलहे से फायर कर दिया था तथा लोहे की राड से कई वार करके भाग गये थे। पुलिस ने प्राप्त तहरीर पर थाना गौरीगंज पर अभियोग पंजीकृत किया था।पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित मुख्य षड़यंत्रकर्ता मोहम्मद इस्लाम पुत्र मुनीर निवासी ग्राम पूरे सूबेदार मजरे ऐंधी, मोहम्मद वसीम उर्फ रज्जन पुत्र स्वर्गीय नूर मोहम्मद निवासी दौलतपुर मजरे ऐंधी एवं मोबीन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम पूरे घुरण्डी मजरे फतेहपर मवईया थाना जायस को गिरफ्तार किया गया। थाना गौरीगंज पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि वह अपने बेटे जीशान की मृत्यु का बदला लेने के लिये साथियों के साथ मिलकर योजना बनाकर घटना करायी थी।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## राज्यमंत्री की अगुवाई में आज निकलेगी जन एकता यात्रा

तिलोई अमेठी। विकास क्षेत्र तिलोई के कस्बा शाहमऊ से बहादुरपुर तक सोमवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती अभियान पर राज्यमंत्री की अगुवाई में जन एकता यात्रा निकाली जायेगी। इस यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया जायेगा। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की एक सौ पचासवीं जयंती पर आगामी दस नवम्बर को कस्बा शाहमऊ स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर से प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह की अगुवाई में हनुमान मंदिर शाहमऊ से जन एकता यात्रा प्रारम्भ होगी जिसका गंगागढ़ बेलवा हसनपुर मोड, भारत ट्रेडर्स त्रिपुला, प्राथमिक विद्यालय पूरे केसरी में स्वागत किया जायेगा और दोपहर एक बजे सरदार पटेल विद्यालय बहादुरपुर में जनसभा होगी। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ़ मुन्ना सिंह ने क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही आम जन मानस से जन एकता यात्रा में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये यात्रा संयोजक भागीरथी मौर्या, जन सभा संयोजक धर्मेश मिश्रा सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने कई गांवों का भ्रमण कर आम जनमानस से जन एकता यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

## पत्नी की हत्या के आरोप में वांछित पति गिरफ्तार

तिलोई अमेठी। थाना इन्हौना पुलिस ने पत्नी को मौत के घाट उतारने के मामले में वांछित पति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी पति को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित सुशील कुमार उर्फ बउवा पुत्र सन्त प्रसाद निवासी राजापुर थाना इन्हौना को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।
गिरफ्तारी के संबंध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## राजनीतिक लाभ के लिए पालिकाध्यक्ष ने किया गया वैश्य समाज का अपमान

सुल्तानपुर। नगर के प्रमुख वैश्य समाज के पूर्वज 'लाला मकदूम राम' द्वारा प्रधान डाकखाने के सामने स्थापित भव्य मंदिर आज भी ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विद्यमान है। मंदिर परिसर के सामने लगे पत्थर पर स्पष्ट अक्षरों में लाला मकदूम राम का नाम अंकित है, जो नगर के इतिहास और कसौधन वैश्य समाज की गौरवगाथा का प्रतीक है। समाज के लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा हाल ही में इस क्षेत्र में नई सड़क घोषित की गई है, और उसे सड़क का अलग नाम से नामकरण किया गया है। जिससे उक्त ऐतिहासिक पत्थर और मंदिर के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। समाजजनों का आरोप है कि यह निर्णय नगर के वर्तमान चेयरमैन श्री प्रवीन अग्रवाल द्वारा राजनीतिक लाभ हेतु लिया गया है, जबकि राजनीतिक जानकारों का कहना है लाला मकदूम राम वैश्य समाज के कसौधन परिवार से संबंध रखते थे जिनके नाम पर डाकखाना चौराहे से जिला अस्पताल तक सड़क का नामकरण किया गया था जिसका शिलापट आज भी मौजूद है जबकि लगभग 80 प्रतिशत कसौधन समाज ने ही उन्हें तीसरी बार विजयी बनाया था।

# दुर्घटना रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर की की पेंटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा यातयात माह के तहत अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग स्थित टाटियानगर बाजार में स्थित ब्रेकर की पेंटिंग की गई। इस मौके पर कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि हाइवे पर स्थित ब्रेकर बड़ी दुर्घटना को दावत देते हैं यात्री तेज स्पीड से गाड़ी चलाते समय हाइवे पर ब्रेकर नहीं देखते जिससे कभी कभी बड़ी दुर्घटना हो जाती है जिसके चलते संस्था के साथियों के द्वारा रोड पर स्थित ब्रेकर की पेंटिंग की गई। इस मौके पर कथा वाचक शनि मिश्र ने बताया कि आने जाने वाले यात्रियों से संस्था के साथियों के द्वारा निवेदन किया गया कि रोड पर चलते समय इमरजेंसी गाड़ियों को रास्ता जरूर दें खास तौर पर एंबुलेंस को रास्ता दें। कटका क्लब के आई टी सेल प्रभारी बृजेंद्र मिश्र ने बताया कि कटका क्लब पूरे माह यातयात से जुड़े अभियान जनपद में चलाएगा जिसमें ब्रेकर पेंटिंग और एम्बुलेंस को रास्ता दें, रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य करेंगे। आने जाने वाले यात्रियों ने संस्था के अभियान कि सराहना की।



## फर्राटा भरते मिट्टी खनन मे लगे मिट्टी से भरे डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

पूरनपुर।पूरनपुर क्षेत्र मे बिना परमिट, बिना लाइसेंस, बिना परमीशन, बिना नम्बर प्लेट के ट्रैक्टर ट्राली सहित डंपर सरपट दौड़ते नजर आ रहे जो हादसे को दावत दे रहे हैं और अक्सर कई हादसे हो भी जाते है वहीं शेरपुर कलां के धनाराघाट रोड पर एक मिट्टी से भरा डंपर हादसे का कारण बन गया लोगो के अनुसार डंपर इतनी तेज रफ्तार में था कि रफ्तार पर काबू न पा सका और सामने से आ रहे बाइक सवार अली निवासी शेरपुर कलां को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सड़क किनारे जा गिरी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई गनीमत रही कि बाइक सवार अली को गंभीर चोट नहीं आई और वे बाल बाल बच गए हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों ने तुरंत पहुंचकर घायल युवक को संभाला और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की आसपास के लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अवैध मिट्टी ढोने वाले डंपर लगातार दिन-रात दौड़ते रहते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है ।

# पांच दिवसीय कार्यक्रम का उपाधि महाविद्यालय में हुआ शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद के उपाधि महाविद्यालय में नवप्रभा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की स्थापना के 61 वें दिवस पर आयोजित किया गया था।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष आस्था अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉक्टर कविता कनौजिया, डॉ राखी मिश्रा, डॉक्टर शेफाली सक्सैना, डॉ विशाल, और डॉक्टर केपी सिंह ने अपने विचार रखे। महाविद्यालय का स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहा। उपाधि महाविद्यालय के छात्रों के शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की स्थापना के 61वें दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।

# अनुदान में मिलने वाले कृषि यंत्रों का ई-लाटरी से होगा चयन

एजेंसी



फतेहपुर, । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में कृषि विभाग की ओर से अनुदान स्वरूप वितरित किये जाने के लिए कृषि यंत्रों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन की जाएगी। अनुदान में मिलने वाले कृषि यंत्रों के लिए किसानों के चयन के लिए 10 नवंबर सोमवार को ई लाटरी प्रक्रिया पूरी की जायेगी। यह जानकारी रविवार को उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने दी।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं के अन्तर्गत 10000 रुपये से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाई-टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग आदि पर अनुदान दिये जाने के लिए कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से होगा। इसके लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पूर्वान्ह 10 बजे से कलक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में किया जायेगा।

उप कृषि निदेशक ने अपील करते हुए कहा कि जिन कृषकों द्वारा विगत 15 से 29 अक्टूबर के मध्य कृषि विभाग के पोर्टल पर विभिन्न प्रकार कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाई-टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग आदि प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग किया गया है वे सभी किसान 10 नवंबर दिन सोमवार को निर्धारित समय पर गांधी सभागार में होने वाली ई-लाटरी में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

# सेवा के संकल्प से क्रांति तक

अमेरिका के फिलाडेल्फिया में जन्मे सैमुअल इवांस स्टोक्स ने अपनी कर्मभूमि पहाड़ों को बनाया। वर्ष 1904 में उन्होंने मानवता की सेवा का संकल्प लेकर सुबाथू, जो तब अंग्रेजों की छावनी था, में कदम रखा। यहां अमेरिकन मिशनरियों द्वारा कुष्ठ रोग केंद्र स्थापित किया गया था, जहां उन्होंने डॉ. कार्लटन और उनकी पत्नी के साथ मिलकर कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की न केवल मरहम पट्टी की, बल्कि उनका दिल भी जीता। स्टोक्स ने सुबाथू के निवासियों का दुरूख-दर्द समझा और उन्हें बेगार प्रथा से मुक्ति दिलाने में मदद की। उन्होंने उनकी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और निरक्षता के कलंक को मिटाने के लिए काम किया। यह क्षेत्र पहले पंजाब प्रांत का हिस्सा था, लेकिन 1966 में हिमाचल प्रदेश के गठन के बाद यह हिमाचल का हिस्सा बन गया। सोलन जिला आज भी गर्व करता है कि पहाड़ों में व्यावसायिक सेब क्रांति के जनक सैम्यूल इवान स्टोक्स के कदम यहीं पड़े थे। सैमुअल इवांस स्टोक्स का जन्म 16 अगस्त, 1882 को फिलाडेल्फिया, अमेरिका में हुआ। उनका पालन-पोषण एक धनाढ्य परिवार में हुआ, लेकिन उन्होंने मानवता की सेवा और पहाड़ों में गरीबी, सुविधाओं के अभाव में जीवनयापन कर रहे लोगों के जीवन में सुधार लाने का बीड़ा उठाया। सुबाथू के कुष्ठ रोग केंद्र में रहते हुए स्टोक्स ने कुष्ठ रोगियों की सेवा की और उन्हें सशक्त बनाया। वर्ष 1904 में उन्हें स्वास्थ्य लाभ के लिए कोटगढ़ भेजा गया, जो तब अंग्रेजों के अधीन था। यहां अंग्रेजों ने एंग्लो-गोरखा युद्ध के बाद छावनी स्थापित की थी। इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को देखकर महान लेखक व कवि रूडयार्ड किपलिंग ने इसे पहाड़ों की स्वामिनी कहा था। स्टोक्स ने यहां आकर ईसाई धर्म का प्रचार किया, और सरदार सुंदर सिंह के साथ मिलकर गांव-गांव जाकर धर्म का प्रसार किया। इसी दौरान कोटगढ़ में अंग्रेजों द्वारा चाय की खेती शुरू की गई थी। वर्ष 1905 में कांगड़ा में भीषण भूकंप आया। स्टोक्स ने कोटगढ़ से लाहौर जाकर राहत कार्यों में ब्रिटिश सरकार की सहायता की। वह तत्कालीन राहत एवं पुनर्वास अधिकारी बने और तीन माह तक राहत कार्य करते रहे। उनके द्वारा किए गए कार्यों की ब्रिटिश सरकार ने सराहना की। कांगड़ा में राहत कार्य के दौरान स्टोक्स बीमार हो गए और स्वास्थ्य लाभ के लिए कोटगढ़ लौटे। उन्होंने यहां एक एकांत गुफा में निवास किया और लोगों को अपने विचारों से प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने पांच अनाथ बच्चों को गोद लिया और उनका पालन-पोषण किया। वर्ष 1912 में स्टोक्स ने ब्रिटिश अधिकारी श्रीमती बैट्स से चाय बागान खरीदा और वहीं पर मकान बनवाया, जिसका नाम उन्होंने अपने घर के नाम पर 'हारमनी हॉल' रखा। उन्होंने स्थानीय ईसाई लड़की से विवाह किया और अमेरिका से सेब के पौधे और उत्तम किस्म के बीज लेकर आए। उन्होंने उन्हें अपने बाग में रोपित किया, और यहीं से पहाड़ों में व्यावसायिक सेब की खेती की नींव पड़ी। पहाड़ों में सेब की खेती से पहले कुल्लू, नग्गर, शिमला और मशोबरा में कुछ बाग लगाए गए थे, लेकिन ये अधिकतर छोटी किस्म के थे। स्टोक्स ने रसदार सेब की किस्में रोपित की और इससे एक नई शुरुआत की। उनके प्रयासों से कोटगढ़ में सेब की खेती ने पूरे क्षेत्र को समृद्ध किया। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान स्टोक्स ने ब्रिटिश सरकार के अधीन भर्ती अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने अपने घर में युवकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोला, जिसकी सराहना की गई। कोटगढ़ में रहते हुए स्टोक्स ने बेगार प्रथा का विरोध किया और इसे समाप्त करने के लिए अभियान चलाया। इस आंदोलन में उन्होंने महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अपनाया और स्थानीय लोगों को प्रेरित किया। उनके प्रयासों से बेगार प्रथा समाप्त हुई। स्टोक्स जलियांवाला बाग हत्याकांड से बहुत दुखी हुए और उन्होंने इस घटना की कड़ी आलोचना की। वर्ष 1920 में उन्होंने नागपुर में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस सम्मेलन में भाग लिया, जहां उन्होंने ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध किया।

# सीएमएस-03: अंतरिक्ष में भारतीय संचार का नया सितारा

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्ज़ा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है। इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है।

पिछले दिनों श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3-एम5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है। 'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्ज़ा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है। इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रेंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज़ इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम3-एम5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी. नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है। एलवीएम3-एम5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-03 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-03 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है। यह उस युग का उद्घोष है, जिसमें भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व की भूमिका निभाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की प्रतिभा, अनुशासन और धैर्य का कोई विकल्प नहीं। 'बाहुबली' की यह उड़ान आने वाले दशकों तक भारतीय विज्ञान की उपलब्धियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। यह केवल एक प्रक्षेपण नहीं बल्कि भारत की उस उड़ान का प्रतीक है, जो अपनी शक्ति, अपनी तकनीक और अपने संकल्प के बल पर सीमाओं से परे अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है। निश्चय ही 'बाहुबली' की यह उड़ान भारत की अंतरिक्ष यात्रा के स्वर्ण युग की शुरुआत है, जहां सीमाएं नहीं, केवल ऊंचाईयां हैं। **-योगेश कुमार गोयल**

# वंदे मातरम् : भारत की चेतना का स्वर

**कैलाश चन्द्र**

**वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यकार बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय की लेखनी से हुआ। उन्होंने 7 नवम्बर 1875 को अपने ऐतिहासिक उपन्यास 'आनंदमठ' में इस गीत की रचना की।**

वंदे मातरम् यह केवल दो शब्दों का उच्चारण नहीं है, यह तो भारत की आत्मा की अनंत गूंज है। यह उस भावना का प्रतीक है जो प्रत्येक भारतीय के हृदय में अपनी मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण का संचार करती है। इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाखों देशवासियों को प्रेरित तो किया ही, आज भी यह भारत की राष्ट्रीय चेतना का अमर प्रतीक बना हुआ है। वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यकार बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय की लेखनी से हुआ। उन्होंने 7 नवम्बर 1875 को अपने ऐतिहासिक उपन्यास 'आनंदमठ' में इस गीत की रचना की। यह उपन्यास 1882 में प्रकाशित हुआ और शीघ्र ही पूरे देश में लोकप्रिय हो गया। उस समय भारत अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। ऐसे वातावरण में यह गीत भारतीयों के लिए आशा और आत्मविश्वास का दीपक बना। वंदे मातरम् के शब्दों में निहित मातृभूमि की भक्ति ने भारतीयों के हृदय में स्वतंत्रता की चिंगारी जला दी। सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम् जैसे शब्द भारत माता के प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्धि की छवि प्रस्तुत करते हैं, वहीं वंदे मातरम् का जयघोष मातृभूमि के चरणों में समर्पण का भाव जगाता है। 1896 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में जब पंडित रवीन्द्रनाथ टैगोर ने पहली बार इसे सुरों में पिरोकर राष्ट्रीय मंच से गाया, तो पूरा सभागार इस गीत की भावनाओं से अभिभूत हो उठा। यह वह क्षण था जब वंदे मातरम् राष्ट्रीय चेतना का स्वर बन गया। इसके बाद हर कांग्रेस अधिवेशन की शुरुआत इसी गीत से होने लगी। 1905 में जब अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन की घोषणा की, तो इस गीत ने आंदोलन की आत्मा का रूप ले लिया। लाखों लोग सड़कों पर वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध एकजुट हो गए। यह गीत अब केवल भक्ति या साहित्य नहीं, बल्कि विद्रोह और आत्मसम्मान की पुकार बन गया था। 1906 के कांग्रेस अधिवेशन में वंदे मातरम् को आधिकारिक रूप से राष्ट्रगीत का दर्ज़ा मिला। इसके बाद यह हर राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन का अभिन्न हिस्सा बन गया। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी और अन्य नेताओं ने इसे राष्ट्रभक्ति का प्रतीक माना। गांधीजी ने कहा था, वंदे मातरम् भारत के हृदय की पुकार है, जिसे कोई भी शक्ति दबा नहीं सकती। क्रांतिकारी आंदोलनों में भी इसका प्रभाव स्पष्ट दिखा। भगत सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानी वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ फाँसी के तख्ते पर झूल गए। बंगाल में तो वंदे मातरम् संप्रदाय तक बना, जिसके सदस्य प्रभात फ़ेरियों में यह गीत गाकर जनमानस में देशभक्ति का संचार करते थे। ब्रिटिश हुकूमत इस गीत के प्रभाव से भयभीत थी। उन्होंने कई बार इसके सार्वजनिक गायन पर प्रतिबंध लगाया। स्कूलों और कॉलेजों में वंदे मातरम् गाने वाले छात्रों को दंडित किया जाता था। देखने में आया कि यह प्रतिबंध जनता के जोश को दबा नहीं सके। गीत के प्रतिबंधित होने से इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ी। यह ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध भारतीय एकता का प्रतीक बन गया। स्वतंत्रता के बाद यह स्कूलों, सरकारी आयोजनों, खेलकूद समारोहों, संसद की बैठकों और कई सरकारी अवसरों पर गाया जाता है। जन भावना से जुड़ा यह गीत आज भी भारत की आत्मा की आवाज है। यह गीत हमें बार-बार स्मरण कराता है कि भारत की महानता उसकी विविधता, उसकी संस्कृति और उसकी मातृभूमि के प्रति प्रेम में निहित है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी पीढ़ियों को इस गीत का अर्थ, इतिहास और महत्व समझाएँ। ताकि भारत माता के प्रति निष्ठा, अनुशासन और त्याग की भावना सदैव प्रज्वलित रहे।वंदे मातरम् !

## सेहत मंत्र

# सांस संबंधी बीमारियों के लिए वरदान है

दंडासन दो शब्दों से मिलकर बना है। दंड अर्थात दंड लगाना और आसन यानी बैठने की मुद्रा है। दंडासन दो प्रकार से किया जाता है। सबसे पहले इसे दंड लगाकर किया जाता था। अब बैठकर दंडासन किया जाता है। पुराने समय में पहलवान अखाड़े में दंड लगाते थे। वर्तमान समय में दंड लगाने का प्रचलन कम हो गया है, लेकिन दंडासन योग अब भी किया जाता है। इस योग में शरीर को एक सीध में रखकर त्रिभुज आकार बनने तक ऊपर उठाया जाता है।

दंडासन कई रोगों में लाभकारी है। इससे न केवल शारीरिक कष्टों से निजात मिलता है, बल्कि मानसिक विकारों में भी आराम मिलता है। साथ ही सांस संबंधी सभी बीमारियों में आराम मिलता है। खासकर सर्दियों में वायु प्रदूषण बहुत बढ़ जाता है। इस मौसम में सांस संबंधी बीमारयों का खतरा बहुत अधिक रहता है। इसके लिए जरूरी है कि सर्दी के दिनों में ठंड और जहरीली हवाओं से खुदको सुरक्षित रखें। अगर आप भी अस्थमा से पीड़ित हैं, तो रोजाना दंडासन जरूर करें। यह एक आसान योग है, जिसे किसी भी उम्र का व्यक्ति कर सकता है। इसके लिए समतल भूमि पर दरी बिछा लें। अब दोनों पैरों को एक सीध में आगे रखें। जबकि दोनों पैर का तलवा एक दूसरे से टच करें। इसके बाद अपने दोनों हाथों को ज़मीन पर टिका दें और हाथों पर हल्का सा बल देकर शरीर को ऊपर उठाएं। अब सिर को नीचे झुकाकर आंखों को नाक के अग्र भाग पर ध्यान केंद्रित कर सांस अंदर लें और बाहर छोड़ें। इसके बाद पुनः पहली अवस्था में आ जाएं। इस योग को रोजाना करें। इससे सांस संबंधी बीमारियों में बहुत आराम मिलता है। जबकि अस्थमा के मरीजों के लिए दंडासन बेहद फायदेमंद होता है। साथ ही मांसपेशियां मजबूत होती हैं और स्मरण शक्ति भी बढ़ती है।


डिस्क्लेमरः स्टोरी के टिप्स और सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन्हें किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफ़ेशनल की सलाह के तौर पर नहीं लें। बीमारी या संक्रमण के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## धर्म मंत्र

# भक्तों के कष्ट हर लेती हैं दुधाखेड़ी माँ

धरती के भगवान यानी डॉक्टर भी कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज नहीं होने और जिंदगी के कुछ ही दिन बचने की बात बोल देते हैं, तब भी मरीज और उनके परिजन निराश नहीं होते हैं। जी हां, आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा दरबार मंदसौर जिले में श्री दुधाखेड़ी मां के मंदिर परिसर में लगता है। यहां रोज हजारों की संख्या में मरीज और मरीजों के परिजन अपनी अर्जी लगाने आते हैं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज कुछ ही दिनों में सेहतमंद होकर जाते हैं। पुजारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि यह मरीज के स्वस्थ्य होने का भरोसा ही नहीं मां के मंदिर का चमत्कार भी है। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में भानपुरा से करीब 10 किमी दूरी पर श्री दुधाखेड़ी माता मंदिर है। यहां श्री केशर माताजी का चमत्कारिक मंदरि है, जिसमें माताजी अपने पांचमुख वाले स्वरूप में दिव्य दर्शन दे रही हैं। माताजी के मंदिर के चार द्वार हैं, माताजी कुंड के समान मंदिर में विराजमान हैं। मां की अतिप्राचीनतम प्रतिमा के सम्मुख दिव्य ज्योति प्रज्जवलित है, जो श्रद्धालुओं के लिए माँ का आशीर्वाद है। ज्योति मंदिर के गर्भगृह में प्रज्जवलित होती है। सुबह और शाम के समय मां की विशेष आरती और श्रृंगार होता है। इस समय बड़ी संख्या में भक्त दर्शनलाभ लेने पहुंचते हैं। सदियों से आदिशक्ति रूपी दुधाखेड़ी मां के दरबार में मालवा, मेवाड़ व हाड़ोती अंचल के सुदूर गांवों के श्रद्धालु बड़ी आस्था के साथ पहुंचते हैं। बड़े-बड़े अस्पतालों के नामी डॉक्टरों के द्वारा मरीज को नहीं बचा पाने की बात कही जाती हैं, तो मरीज और उनके परिजन सीधे मां के दरबार में अर्जी लगाते हैं।

## पर्यटन



# बर्फबारी का मज़ा लेना चाहते हैं तो करें हिमाचल की सैर

सर्दियों का मौसम बस आने ही वाला है। ऐसे में यदि आप अपना विंटर वेकेशन प्लान कर रहे हैं और इस बार परिवार के साथ बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो चलिए हम आपको बता दें कि किन जगहों पर जाकर आप अपना सपना पूरा कर सकते हैं और छुट्टियों का मज़ा दोगुना। शिमला- स्नोफॉल का जिक्र होते ही हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला का नाम सबसे पहले जेहन में आता है। यह स्नोफॉल के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां के हरे भरे पहाड़, ऊंची चोटियां ठंड के दिनों में बर्फ से पूरी तरह ढंककर और भी खूबसूरत दिखते हैं। शिमला को लॉन्ग मून नाइट्स यानी लंबी चांदनी रातों का मौसम भी कहा जाता है। दिसंबर से फरवरी के बीच यहां बर्फबारी का आनंद लिया जा सकता है। इस मौसम में आप यहां स्कींग का भी मज़ा ले सकते हैं। शिमला में आइस स्केटिंग दिसंबर से फरवरी तक होती है। गुलमर्ग- धरती के स्वर्ग जम्मू-कश्मीर में स्थित गुलमर्ग बेहद खूबसूरत जगह है और यहां बर्फबारी का आनंद लेने का अनुभव बहुत खास होता है। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में चारों तरफ बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और इसकी खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में स्कीइंग करने वालों की भी भीड़ जुटती है। यहां की कुदरती खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। औली- उत्तराखंड का सबसे पुराना शहर औली भी बेहद सुंदर है। बर्फबारी के समय यह किसी स्वपनलोक सा दिखता है। औली भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ स्कीइंग के लिए मशहूर है। यहां देवदार पेड़ों की लंबी कतार है। बर्फ से ढके जंगलों के बीच सैर करके आप अपनी यात्रा को यादगार बना सकते हैं। कुफरी- शिमला के अलावा हिमाचल प्रदेश में स्थित कुफरी भी स्नोफॉल के दौरान बहुत सुंदर दिखता है और लोग यहां स्कींग के लिए आते हैं। सर्दियों के मौसम में यहां सैलानियों की काफी भीड़ जुटती है। यहां लोग पहाड़ों के बीच रोमांच का मज़ा लेते हैं। हाइकिंग, स्कीइंग, खूबसूरत नजारे, देवदार के लंबे-लंबे पेड़ और सुहानी सर्द हवा का मज़ा लेना है तो कुफरी ज़रूर जाएं।

# मतदाता सूची व्यवस्थापन में कार्यकर्ता की भूमिका अहम : अवनीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत महादेवा ऑडिटोरियम में एमएलसी अवनीश पटेल की गरिमामयी उपस्थिति एवं निवर्तमान विधायक शरद कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मतदाता सूची एवं बूथ सूची का मिलान पर चर्चा हुई। एमएलसी श्री पटेल ने कहा कि रामनगर में हमारा विधायक ना होने से हम सभी को दर्द है इस बार सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा मेहनत से धरातल पर कार्य करें आप ही असली भाजपा है और आप स्वयं ही अपना दर्द दूर कर सकते हैं।ऐसे में अपने बूथ की मतदाता सूची यदि शत प्रतिशत ठीक कर ले तो हम सफल रहेंगे। बी एल ए 2 के पास 2003 की मतदाता सूची है उनसे संपर्क करके अपने बूथ की सूची का



मिलान कर लें जो भाजपा का वोट काटने से बचाएगा

।पूर्व विधायक ने कहा कि चुनाव का समय शुरू हो गया है हम सभी से बात करके कार्य करने को तैयार है सभी लोग जब मिलकर कार्य करेंगे तभी हम सफल होंगे।प्रत्येक सेक्टर में कार्य करना है सेक्टर पर बैठक कर जहां फर्जी वोट हैं वहां कटवाने हैं। आज की बैठक में चेयरमैन रामशरण पाठक जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ल, शैलेंद्र सिंह संदीप रावत प्रवेश शुक्ल विनय मिश्र अवधेश गुप्ता लालता प्रसाद वर्मा शिव गोविंद अवस्थी रविकांत पांडे आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महानिदेशक ने किया मत्स्य परियोजना का निरीक्षण, दिए उचित दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। महानिदेशक मत्स्य वरिष्ठ, आईएएस के धनलक्ष्मी ने रविवार को जनपद की दो बड़ी मत्स्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया तथा मत्स्य आहार की निर्माण विधि एवं गुणवत्ता की जाँच की।

महानिदेशक मत्स्य के धन लक्ष्मी ने जनपद के अग्रणी मत्स्य व्यवसायी परवेज खान की मिश्रीपुर स्थित बृहद री सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम का निरीक्षण किया, उनके द्वारा वृहद स्तर पर पंगेसियस प्रजाति की सघन मत्स्य पालन तकनीक के सफलतापूर्वक संचालन पर एवं उच्चतम स्तर पर उत्पादन हेतु उनकी सराहना की, उसके पश्चात देवा रोड पर स्थित मत्स्य फीड मिल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान फीड मिल के मालिक परवेज खान ने बताया कि एक वर्ष में लगभग बीस हजार टन मत्स्य आहार का इस फैक्ट्री में निर्माण किया जाता है जो



उत्तर प्रदेश के साथ-साथ नेपाल एवं असम तक के मत्स्य पालको को उनकी मांग के अनुरूप आपूर्ति किया जाता है उन्होंने फैक्ट्री में निर्मित हो रहे मत्स्य आहार की निर्माण विधि एवं गुणवत्ता को भी परखा तथा बेहतर रखरखाव एवं अच्छे उत्पादन के लिए प्रसन्नता व्यक्त की द्य निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक मत्स्य नियोजन एजाज नकवी सहित जनपद के मुख्य कार्यकारी अच्छे लाल निषाद, एवं मत्स्य निरीक्षक विवेक निगम उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। जिले के सुपर्शिद्ध स्व. डॉ. एस. एस. वर्मा की पुण्य स्मृति के अवसर पर रविवार को उनके पैतृक निवास ग्राम साढ़ेमऊ मे रोटरी क्लब के तत्वाधान निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन, सचिव डॉ. विमल बैसवार, कोषाध्यक्ष संजय निगम, शिविर समन्वयक डॉ. सुधीर वर्मा तथा संयोजक सुनील वर्मा के नेतृत्व में आयोजित.स्वास शिविर में 387 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सभी रोगियों के रक्तचाप, रक्त शर्करा, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य आवश्यक रक्त परीक्षण की निःशुल्क संपन्न की गयी। शिविर समन्वयक डॉ. सुधीर वर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा ऐसे समाजोपयोगी कार्य निरंतर किए जा रहें हैं। रोटरी संगठन स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है और भविष्य में भी जनहित के कार्यों को इसी भावना के साथ जारी रखेगा। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. राजेश मोहन ,डॉ. विमल बैसवार डॉ. सुधीर वर्मा, प्रो. डॉ. आर. आहुजा ,डॉ. एन. के. गुप्ता डॉ. प्रवीन कुमार डॉ. विकास टंडन डॉ. रोहित अग्रवाल डॉ. पंकज जायसवाल डॉ. संदीप बुधवार डॉ. सुधा वर्मा डॉ. प्रतिष्ठा सचान डॉ. वीरेन्द्र श्रीवास्तव डॉ. नगेंद्र सिंह , तथा रोटेरियन ममता चंद्रा ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मीडिया प्रभारी गिरीश अरोड़ा ने बताया कि पशु चिकित्सक के रूप में डॉ. राजेश मोहन का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। शिविर की सफलता में राजवीर सिंह ßकक्कू प्रधानङ्क, साढ़ेमऊ समिति के अध्यक्ष ललित कुमार वर्मा, डॉ. राम प्रवेश वर्मा, राज कुमार वर्मा, राजेंद्र वर्मा, रवि वर्मा, डॉ. समर सिंह, डॉ. सुनील कुमार रावत तथा डॉ. अनिल कुमार वर्मा की प्रेरणा तथा अन्य सभी ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस मौक़ेपर चार्टर सदस्य डॉ. आर. आहुजा, वरिष्ठ सदस्य जगेश अग्रवाल, सुनील वर्मा, संपन्न कुमार निगम, महाबीर प्रसाद जैन, ममता चंद्रा, शिखा श्रीवास्तव, सहित रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

# लोधेश्वर महादेवा के प्रकटोत्सव की भव्य तैयारी, आकर्षण- बाबा का दरबार, शिव परिवार को प्रथम आमंत्रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। श्रीलोधेश्वर महादेवा के प्रकटोत्सव की भव्य तैयारी की जा रही हैं । भगवान भोलेनाथ की भक्तों में उत्साह और उल्लास दिखाई दे रहा है।प्राकट्य दिवस पर पारंपरिक पूजा पाठ के बाद आगामी 17 नवंबर दिन सोमवार से महादेवा महोत्सव प्रारंभ होगा जिसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है।पूरे क्षेत्र में इस महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है। मंदिर परिसर में निर्माणाधीन बाबा अमरनाथ बर्फानी का भव्य दरबार लोगों में आकर्षण का केंद्र बना है।श्रद्धालुओं में खास उत्सुकता इस बात को लेकर भी है कि इस बार महोत्सव में कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोहेंगे।महोत्सव का शुभारंभ



बहार सुगम संगीत एकेडमी के कलाकारों एवं शांतनु जी महाराज के भक्ति कार्यक्रम से होगा।दूसरे दिन लोकगायन कठपुतली नृत्य और जवाबी कीर्तन की प्रस्तुति होगी।तीसरे दिन लोकगायन के बाद शाम को भोजपुरी नाइट में प्रसिद्ध गायक समर सिंह और शिल्पी राज अपने गीतों से समा बांधेंगे।चौथे दिन नाट्य मंचन और जादू कार्यक्रम के साथ शाम को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर के विख्यात कवि अपनी कविताओं से श्रोताओं को मुग्ध करेंगे।पांचवे दिन लोकनृत्य झांकी और आल्हा ऊदल नवरस बुंदेली की प्रस्तुतियों के बाद गायक कुमार सत्यम की ग़ज़ल संध्या होगी।छठे दिन अवधी लोकगीत और भजन संध्या के पश्चात बॉलीवुड मेगा शो में अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी।सातवें और अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद प्रशस्ति पत्र वितरण मशाने की होली एवं भव्य आतिशबाजी के साथ ही महोत्सव पूर्ण हो जाएगा। राजस्व अधिकारियों तहसीलदार विपुल सिंह व नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी ने मठ मंदिर पहुंचकर पहुंचकर भगवान श्रीलोधेश्वर जी की पूजा अर्चना की और प्रथम आमंत्रण पत्र अर्पित कर शिव परिवार को न्योता दिया।

# तराई अंचल में डेंगू मियादी बुखार संक्रामक रोगों की भरमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर/रामनगर। जिले के सम्पूर्ण तराई अंचल में संक्रामक रोगों की बाढ़ सी आई है। स्वास्थ चिकित्सा महकमा हाथ पर हाथ धरे बैठा है, या फिर कागजी औपचारिकताएं पूर्ण कर कुंभकरणी नींद सोया है। जनपद के विकासखंड सूरतगंज, रामनगर,सिरौली गौसपुर व पूरेडलई में इन दिनों मियादी बुखार व डेंगू के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग सिर्फ और सिर्फ कागजी अभियान चला रहा। संक्रामक रोगों के रोकथाम के लिए कोई प्रभावी अभियान या फिर धरातल पर रोकथाम कार्रवाई नहीं की जा रही। निजी अस्पताल ऐसे रोगियों से भरे पड़े हैं। मध्यम व निर्धन वर्ग के लोग गृहस्थी बेचकर या फिर जेवर गिरवी रखकर इलाज करने को विवश है। सरकारी बड़े-बड़े अस्पताल तो हैं, पर यहां सुविधाएं मोहैया नहीं या फिर चिकित्सक उपस्थित नहीं मिलते। निजी अस्पताल संचालक भरपूर शोषण कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जोगी कई वर्षों से जिले में अंगद की तरह पैर जमाए बैठे तो है लेकिन चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर खामोश नजर आते हैं, हां इतना अवश्य की उनके संरक्षण में नीम हकीम और अवैध नर्सिंग होम संचालित अवश्य है। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधित्व ने बताया कि संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर की ओपीडी में शनिवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। कुल 486 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गईं। यह भीड़ बदलते मौसम के कारण बढ़ी बीमारियों के चलते देखी गई।ओपीडी में पहुंचे अधिकांश मरीज बुखार, जुकाम, हड्डी संबंधी समस्याओं और श्वास संबंधी बीमारियों से ग्रसित थे। अस्पताल में 219 मरीजों के ब्लड सैंपल लिए गए और उनकी खून की जांच करवाई गई।शनिवार को ओपीडी में अधीक्षक डॉ. इकबाल, डॉ. गौरव नारायण, डॉ. तथीर फातिमा, डॉ. अविनाश उपाध्याय, डॉ. धीरेंद्र पटेल और डॉ. गौरव कृष्ण सहित कई चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया। अधीक्षक डॉ. इकबाल ने ओपीडी का दो बार निरीक्षण भी किया ताकि व्यवस्थाएं सुचारु रहें।

# योगी सरकार में खेल व खिलाड़ियों को मिल रहा बढ़ावा : राकेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 10वीं सब जूनियर प्रदेशीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन प्चात प्रतिभा प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित कियागया। ज्ञात हो कि नगर के के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने विजयी खिलाड़ियों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तीरंदाजी प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बागपत के अंश शेखावत ने प्रथम, सोनभद्र के प्रियांशु ने द्वितीय, बागपत के लव ने तृतीय स्थान मिला। मुख्य अतिथि राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि भाजपा सरकार खेल के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयास लगातार कर रही हैं। धनुर्विद्या प्राचीन काल से हमारे बीच चली आ रही है, इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे धर्मग्रन्थों व पुराणों आदि में भी इसका उल्लेख



मिलता है। श्री वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, बलराम कृष्ण यादव, अभिषेक पटेल, कपिल वर्मा, योगेंद्र सिंह राणा आदि कई लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस तत्परता गुम मोबाइल पर्स बरामद

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बड़ी बाजार स्थित उचव्वा कपड़ा मंडी में खरीदारी कर रही महिला ग्राम कोमरावा थाना कोठी निवासी सरवर जहां पत्नी अहमद अली का पर्स गुम हो गया।महिला की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोहल्ला अहिरानी स्थित एक बाग से बैग में रखे हुए दो मोबाइल चन्द घंटों में बरामद कर लिया। प्रतिनिधि वसीम खान बताते हैं कि प्रभावी कार्रवाई से जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा और लोग सराहना करते नजर आये।

## ई-रिक्शा चालक ने नाबालिग छात्रा से की अश्लील हरकत, गिरफ्तार

संभल। जनपद संभल की सदर कोतवाली क्षेत्र में छह साल की नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप में पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को स्कूल ले जाने वाला ई-रिक्शा चालक उसके साथ छेड़छाड़ करता था। परिवार ने तत्काल पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने नाबालिग का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपित के खिलाफ संख्या धारा 75 बीएनएस एवं धारा 9एम,के,पी एवं पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। सीओ आलोक कुमार भाटी ने बताया कि नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

## तीन दिन का अल्टीमेटम: रिसाव न रुका तो सड़क पर उतरेंगे किसान

मीरजापुर। अहरौरा मेन कैनाल से हो रहे पानी के रिसाव को लेकर किसानों का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन किसानों को मनाने में नाकाम रहे। किसानों ने फिलहाल 72 घंटे बाद होने वाले चक्का जाम कार्यक्रम को स्थगित करते हुए सिंचाई विभाग को तीन दिन का समय और दे दिया है। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम चुनार राजेश कुमार वर्मा, सीओ मंजरी राव, अधीक्षण अभियंता विजय कुमार और एक्सईएन हरिशंकर प्रसाद ने अहरौरा मेन कैनाल का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि रिसाव रोकने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महामंत्री प्रहलाद सिंह ने बताया कि अहरौरा मेन कैनाल से करीब 80 से 90 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड की दर से निकल रहा है, जिससे किसानों की धान की खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं।

वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने कहा कि करीब 50 लाख रुपये खर्च कर चार माह पहले गड़ई नदी की सुलीस की मरम्मत कराई गई थी, बावजूद इसके अब भी भारी लिकेज जारी है। मरम्मत कराने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। एक्सईएन हरिशंकर प्रसाद ने बताया कि 11 नवंबर को टेक्निकल टीम पहुंचेगी और लिकेज बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर देगी। फिलहाल मिट्टी की बोरियां डालकर रिसाव कम करने का कार्य जारी है। प्रशासन के आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम टाल दिया, लेकिन धरना जारी रखने का निर्णय लिया। धरना स्थल पर गोपाल दास गुप्ता, अनिल सिंह, जगदीश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रामराज बिंद और सतीश यादव समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## वाराणसी पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर दो जहरखुरानों को दबोचा ऑटो व असलहा बरामद

वाराणसी ।उत्तर प्रदेश के वाराणसी सिगरा पुलिस टीम ने लहरतारा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मुठभेड़ में दो शातिर जहरखुरानों आसिफ और जीशान को दबोच लिया। मुठभेड़ में आसिफ घायल हो गया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने आटो,असलहा व सोने के जेवरात भी बरामद कर लिया। पूछताछ में घायल आसिफ ने बताया कि वह ऑटो चलाता था और जीशान साथ में बैठकर महिलाओं के साथ लूटपाट किया करता था। रविवार को सिगरा थाने में गिरफ्तार जहरखुरानों को मीडिया के सामने पेश किया गया। एसीपी चेतगंज डॉ ईशान सोनी ने बताया कि 21 अक्टूबर 2025 को प्रयागराज में आरक्षी पद पर तैनात जवान की पत्नी अपने बच्चों और भाई के साथ जौनपुर चंदवक स्थित मायके जाने के लिए निकली। सभी ट्रेन से बनारस रेलवे स्टेशन पर आये और यहां से एक आटो में सवार होकर कैंट के लिए निकले। रास्ते में ऑटो में सवार लोगों ने उसे और उसके भाई को कुछ सुंघा दिया। जिससे दोनों कुछ देर के लिए चेतनाहीन हो गए। इसके बाद ऑटो में सवार और चालक ने उसे और भाई को कुछ दूर आगे ले जाकर उतार दिया। इसके बाद बैग में रखा सामान, जेवरात, रूपये आदि लेकर फरार हो गए। महिला ने घटना की जानकारी किसी तरह अपने पति और सिगरा पुलिस को दी। आरक्षी ने घटना की जानकारी सिगरा थाना प्रभारी को दी। इसके बाद सिगरा पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। शनिवार देर रात बदमाशों के आने की सूचना पर सिगरा थाने और रोडवेज चौकी की पुलिस की टीम ने लहरतारा पुल के नीचे संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान संदिग्ध ऑटो को आते देख पुलिस टीम ने चालक को रूकने का संकेत दिया तो वाहन से उतर दो युवक पुलिस की घेरेबंदी तोड़कर भागने लगे। यह देख पुलिस टीम ने पीछा किया तो एक बदमाश ने पुलिस कर्मियों पर फायर कर दिया।

# अजीतमल में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन संपन्न, विद्वानों को किया सम्मानित

एजेंसी

औरैया। अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मानस वक्ताओं ने विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को रामचरित मानस की चौपाइयों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के बाबरपुर कस्बे की सब्जी मंडी में आयोजित तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का समापन राम राज्य अभिषेक की कथा के साथ हुआ। सम्मेलन में उपस्थित मानस वक्ताओं ने रामचरित मानस की चौपाइयों का वर्णन करते हुए समाज को रामचरित मानस से जोड़ने का प्रयास किया। वक्ताओं ने बताया कि रामचरित मानस की प्रत्येक चौपाई जीवन में अपनाने योग्य है, जिससे व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की अनुभूति मिलती है।

तीन दिन तक चले इस कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त मानस वक्ताओं ने अपनी शैली में चौपाइयों की व्याख्या की। मानस वक्ता राजेश पाठक ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि रामचरित मानस में महिलाओं को समाज में बलशाली और सशक्त माना गया है। उन्होंने कहा कि ''नारी शक्ति पूज्य जग माही, शक्ति रूप सब जगत कहाही।'' अर्थात, नारी शक्ति जगत में पूजनीय है और वह शक्ति के रूप में सब जगह विद्यमान है। जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। ऐसे परिवारों में सुख, समृद्धि और उन्नति के मार्ग हमेशा खुले रहते हैं।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश से पधारे सेवानिवृत अपर जिलाधिकारी राम प्रपन्न दास, मालती, पुष्पांजलि शुक्ला, राजेश बुधौलिया, योगेश्वर पांडे, रामप्रताप सिंह सेंगर सहित अन्य विद्वानों ने मानस की चौपाइयों के माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया।

समापन अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. उमेश दीक्षित, डॉ. राम दर्शन कठेरिया, सतीश पांडे, पूर्व प्रधानाचार्य राम अवतार गुप्ता, मुन्ना सिंह चौहान, राम चंद्र पोरवाल आदि ने विद्वानों का शाल उड़ाकर सम्मान किया। वहीं नगर के युवा पवन पोरवाल, राम अनुग्रह सेंगर, रामू पोरवाल, सत्य नारायण सक्सेना, अनिल कुमार, गजेंद्र महाराणा, संतोष पोरवाल, शैलेंद्र जैन, रीबू पोरवाल, सोमू पोरवाल, जितेंद्र जॉनी, श्याम आदि ने अनवरत मानस सम्मेलन का आयोजन करने वाली मानस समिति के पदाधिकारियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में नादान वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव पोरवाल, बृजेश पोरवाल, कन्हैया चौहान, शेष कुमार, लालजी पोरवाल, रवि गुप्ता, अंकुल मिश्रा, सभासद गुरदयाल, अमित गुप्ता, वेद प्रकाश आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# सत्रहवीं बिजनौर जिला ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप का भव्य आयोजन

एजेंसी

बिजनौर । जिला ताईक्वाण्डो एसोसिएशन बिजनौर एवं जिला खेल कार्यालय बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में 17वीं बिजनौर जिला ताईक्वाण्डो चैम्पियनशिप 2025 (बालक एवं बालिका वर्ग) का भव्य आयोजन नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में किया गया।

मुख्य अतिथि ऐश्वर्या मौसम चौधरी, भाजपा नेता, बिजनौर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से भी ओत-प्रोत करती हैं। बिजनौर के खिलाड़ी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो हमारे जनपद के लिए गर्व की बात है। मैं जिला खेल कार्यालय व ताईक्वाण्डो एसोसिएशन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करती हूँ, जिन्होंने युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करेंगे, उन्हें मेरी ओर से ?51,000 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी राजकुमार ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं जिले के खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। ताईक्वाण्डो जैसे अनुशासन प्रधान खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सशक्तिकरण भी होता है। खेलों के माध्यम से युवाओं में टीम भावना और आत्मनियंत्रण का विकास होता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को ताईक्वाण्डो से जोड़कर उन्हें प्रतियोगी मंच प्रदान करना है। जिला खेल कार्यालय के सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।समापन अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर द्वारा विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान दिए गए।

## वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया

एजेंसी

ब्रिसबेन। भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा रविवार को पोस्ट किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए। छब्बीस साल के सुंदर ने श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, ''यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई। भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए



उनकी उपयोगिता साबित की। होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को श्रृंखला 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सुंदर ने टीम के सीओओ खाजा के योगदान की सराहना करते हुए कहा, ''उनसे यह पदक पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम जानते हैं कि वह (खाजा) हमारे कई कामों को आसान बनाने के लिए हर दिन कितनी मेहनत करते हैं।'' भावुक खाजा ने भी अपनी खुशी साझा की। सुंदर का टी20 अंतरराष्ट्रीय के 57 मैच का रिकॉर्ड प्रभावशाली है। उनका गेंदबाजी औसत 22 से थोड़ा ज्यादा है जिसमें उनकी इकोनोमी सात से कम है। उनका बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट 134 से ज्यादा है। वह टेस्ट मैचों में भी टीम इंडिया के लिए उपयोगी साबित हुए हैं, उन्होंने 15 मैच में 35 विकेट लिए हैं जिसमें तीन बार चार और एक बार पांच विकेट झटकना शामिल हैं। उन्होंने 44.76 के औसत से एक शतक और पांच अर्द्धशतक भी लगाए हैं।

## मुसेटी को हराकर एथेंस खिताब जीतने के बाद जोकोविच एटीपी फाइनल्स से हटे

एजेंसी



एथेंस। चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स से हटने का फैसला किया। जोकोविच ने लगभग तीन घंटे चले फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराकर हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के कुछ देर बाद ही यह फैसला किया। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि कंधे की चोट के कारण वह रविवार को इटली के तूरिन में शुरू होने वाले शीर्ष आठ पुरुष खिलाड़ियों के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है। इस फैसले का मतलब है कि मुसेटी उनकी जगह लेंगे। जोकोविच सात बार एटीपी फाइनल्स जीत चुके हैं लेकिन पिछले साल भी चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। उन्होंने शनिवार को मुसेटी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर अपने करियर का 101वां खिताब जीता। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर अपना 72वां खिताब जीतकर पुरुषों का रिकॉर्ड भी बनाया जो रोजर फ़ेडरर से एक अधिक है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, ''एक अविश्वसनीय मुकाबला। तीन घंटे का मैच शारीरिक रूप से मुश्किल। मुझे इस मैच को जीतने पर खुद पर गर्व है।''

## पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

एजेंसी

फैसलाबाद। अबरार अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सैम अयूब (77) और मोहम्मद रिजवान (नाबाद 32) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 149 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका को 37.5 ओवर में 143 रन के स्कोर पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 25.1 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। इसी दौरान 11वें ओवर में बाबर



आजम (27) रनआउट होकर पवेलियन लौट गये। मोहम्मद रिजवान ने सैम अयूब के साथ 65 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। 24वें ओवर की चौथी गेंद पर ब्योर्न फोर्टेन ने सैम अयूब का शिकार कर लिया। सैम अयूब ने 70 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए 77 रनों की शानदार पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए नांद्रे बर्गर और ब्योर्न फोर्टेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अबरार अहमद 'प्लेयर ऑफ द मैच' और क्विंटन डी कॉक को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। क्विंटन डी कॉक और लुआन-द्रे प्रेटोरियस ने दक्षिण अफ्रीका को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 15वें ओवर में आगा सलमान ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस (39) को आउटकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। विकेट के रूप में दूसरे टोनी डीजॉर्जी (दो) भी सलमान का शिकार बने।

## रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को नौ रनों से हराया

एजेंसी

नेल्सन। डेवोन कॉन्वे (56) और डैरिल मिचेल (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेकब डफी और ईश सोढ़ी (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज पर नौ रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। ईश सोढ़ी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

वेस्टइंडीज 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 12.3 ओवर में 88 रन पर आठ विकेट खो गंवा चुकी थी और उसकी हार निश्चित नजर आ रही थी। ऐसे संकट के समय शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस जोड़ी ने नौवें विकेट के लिए सिर्फ 39 गेंदों में 78 रन जोड़कर वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीदों को जिंदा



रखा। एक समय जहां 45 गेंदों में 90 रन चाहिए थे। इन दोनों ने इसे सात गेंदों में 13 रन तक ला दिया।

इसी दौरान जैकब डफी ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर एक शानदार रिटर्न कैच लेकर स्प्रिंगर को आउट कर दिया। स्प्रिंगर ने 20 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे, तब काइल जैमीसन ने लगातार दूसरे मैच में रोमारियो शेफर्ड को आउट कर दिया। न्यूजीलैंड को नौ रनों से जीत दिला दी। शेफर्ड ने 34 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 49 रन बनाये। जेकब डफी और ईश सोढ़ी ने तीन-तीन विकेट लिये।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेवोन कॉनवे के 34 गेंदों में 56 रन और डेरिल मिशेल के 24 गेंदों में 41 रन की मदद से अपने 20 ओवरों में 177 रन बनाए। कॉन्वे और टिम रॉबिंसन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। टीम रॉबिंसन ने 21 गेंदों में 23 रन बनाये। रचिन रविंद्र 15 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुये। फाइनल स्कोर और भी बड़ा हो सकता था, लेकिन तीन रन-आउट और मैथ्यू फोर्ड और जेसन होल्डर के दो-दो विकेट ने न्यूजीलैंड को आखिर में तेजी से रन बनाने से रोक दिया। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू शार्ट और जेसन होल्डर ने दो-दो विकेट लिये। रोमारियो शेफर्ड और शमार स्प्रिंगर ने एक-एक बल्लेबाजों को आउट किया।

## डीपीआईआईटी ने स्टार्टअप के लिए विनिर्माण, नवोन्मेषण को बढ़ावा देने को 50 कंपनियों से करार किए

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने स्टार्टअप कंपनियों के लिए विनिर्माण और नवोन्मेषण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने को अब तक आईटीसी, फ्लिपकार्ट और मर्सिडीज-बेंज सहित 50 से अधिक फर्मों के साथ समझौते किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विभाग ने विनिर्माण इन्क्यूबेटर की स्थापना के महत्व और विनिर्माण स्टार्टअप के साथ सक्रिय सहयोग के लाभ पर जोर देने के लिए कई बड़ी कंपनियों, उद्योग संघों, दिग्गजों और यूनिकॉर्न से सक्रिय रूप से संपर्क किया है। अधिकारी ने कहा, ''अब तक, विभाग ने इसके लिए 50 से अधिक कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और उद्योग जगत को स्टार्टअप का समर्थन और सहयोग करके तथा विनिर्माण इन्क्यूबेटर विकसित करके विनिर्माण में नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने की पहल का एक हिस्सा है। जिन कंपनियों ने डीपीआईआईटी के साथ ये समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए हैं, उनमें बोट, एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स, हीरो मोटो, जेप्टो, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, पेटीएम, वॉलमार्ट और एथर एनर्जी शामिल हैं। यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विनिर्माण स्टार्टअप को विकास और विस्तार के लिए कई पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों के समर्थन की आवश्यकता होती है।

विनिर्माण-केंद्रित इन्क्यूबेटर स्टार्टअप के लिए समर्थन के सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक हैं क्योंकि ये आवश्यक पायलट, स्केलिंग और विनिर्माण सुविधाएं प्रदान करते हैं जो उत्पाद स्टार्टअप को 'प्लग-एंड-प्ले' यानी कामकाज के लिए तैयार विकल्प प्रदान कर सकते हैं, जिससे उच्च-पूंजीगत निवेश का बोझ कम होता है।

## सीआईआई ने सरकार से वृद्धि के वित्तपोषण के लिए विशेष कोष बनाने को कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय सीआईआई ने रविवार को सरकार से देश की दीर्घकालिक वृद्धि, जुझारू क्षमता और विदेशों में महत्वपूर्ण आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक विशेष कोष बनाने का आग्रह किया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा कि पेशेवर रूप से प्रबंधित एक मजबूत 'भारत विकास एवं रणनीतिक कोष' (आईडीएसएफ) की स्थापना की जानी चाहिए। भारत की वृद्धि को गति देने और देश के रणनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इसकी जरूरत है। इसमें आगे कहा गया है कि एक राष्ट्रीय कोष के रूप में आईडीएसएफ घरेलू स्तर पर भारत की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और विदेशों में महत्वपूर्ण आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक पूंजी जुटाएगा। सीआईआई का मानना है कि अनुशासित योजना और वित्तपोषण के साथ, आईडीएसएफ अगले दो दशक में 2047 तक 1,300 से 2,600 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच एक प्रबंधित कोष का निर्माण कर सकता है। इसमें सुझाव दिया गया कि समय के साथ चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकार की इक्विटी का एक हिस्सा इस कोष में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे ये उद्यम केवल विनिवेश के साधन न रहकर भारत के वैश्विक विस्तार के साधन बन सकते हैं। इसके अलावा यह कोष बहुपक्षीय और द्विपक्षीय साझेदारों के साथ मिलकर निवेश करते हुए दीर्घकालिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बचत जुटाने के लिए बुनियादी ढांचा, हरित और प्रवासी बॉन्ड जारी कर सकता है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत वृद्धि के लिए अपना स्थायी वित्तीय इंजन बनाए। उन्होंने कहा, ''भारत अवसरों के एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर रहा है। हम पहले से ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं, लेकिन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्ज़ा हासिल करने के लिए, हमें दीर्घकालिक पूंजी के संरचनात्मक, स्थाई स्रोतों की जरूरत है जो वार्षिक बजट चक्र से परे हों। उन्होंने कहा कि आईडीएसएफ एक संप्रभु और पेशेवर रूप से प्रबंधित साधन होगा, जो राष्ट्रीय क्षमता तथा रणनीतिक सुरक्षा में निवेश करेगा। सीआईआई का प्रस्ताव इस मान्यता पर आधारित है कि बुनियादी ढांचे, ऊर्ज़ा रूपांतरण, विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और मानव विकास में भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए ऐसे पैमाने पर धन की आवश्यकता होगी, जिसे सिर्फ वार्षिक बजटीय आवंटन से पूरा नहीं किया जा सकता।

## भारत का 'डीपटेक' क्षेत्र 2030 तक 30 अरब डॉलर का होगा : रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के 'डीपटेक' क्षेत्र में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है, और इसके बाजार अवसर 2030 तक 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट कहती है कि रक्षा नवोन्मेषण और वैश्विक रोबोटिक्स में उछाल के कारण डीपटेक क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। भारत ने रक्षा डीपटेक पर खर्च में उल्लेखनीय बदलाव देखा है। पिछले एक दशक में राष्ट्रीय रक्षा बजट दोगुना होकर 80 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह विस्तार इसी अवधि के दौरान अमेरिका और चीन जैसे शीर्ष वैश्विक खर्च करने वाले देशों द्वारा दर्ज की गई वृद्धि दर से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत के डीपटेक अवसर पिछले पांच साल में 2.5 गुना बढ़े हैं और यह 2030 तक 30 अरब अमेरिकी डॉलर का विशाल बाजार बनने की ओर अग्रसर हैं।'' भारत, चीन के बाहर एकमात्र विश्वसनीय, कम लागत वाला केंद्र बनकर उभर रहा है। इसका डीपटेक आधार, यानी वित्त वर्ष 2024-25 तक 9-12 अरब अमेरिकी डॉलर, भारत के रक्षा डीपटेक और वैश्विक रोबोटिक्स में खर्च द्वारा आगे बढ़ रहा है। चीन के बाहर एक विश्वसनीय, कम लागत वाले वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की उभरती स्थिति रोबोटिक्स में गहन तकनीकी प्रगति से और मजबूत हो रही है। 60 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के वैश्विक रोबोटिक मशीनों के बाजार के 2030 तक लगभग 230 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें ह्यूमनॉइड रोबोट एक प्रमुख श्रेणी का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत को लागत में काफी बढ़त हासिल है, ह्यूमनॉइड रोबोट की उत्पादन लागत अमेरिका की तुलना में लगभग 73 प्रतिशत कम है, जिसका श्रेय कुशल स्थानीय एकीकरण, तुलनात्मक रूप से कम श्रम लागत और लागत-अनुकूलित सोर्सिंग को दिया जाता है।

## शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट जारी रही

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेत मजबूत बने रहने के बावजूद वैश्विक हालात में अनिश्चितता तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव बने रहने से भारतीय शेयर बाजर के प्रमुख शेयर सूचकांकों में गत शुक्रवार को समाप्त हुए सप्ताह में गिरावट का सिलसिला बना रहा।

आगामी सप्ताह में बाजार की नजर बिहार विधान सभा चुनाव के नतीजों, खुदरा और थोक महंगायी दर तथा व्यापार घाटे के आंकड़ों बैंकों से कर्ज उठाव की रिपोर्ट और अमेरिका की अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर टिकी रहेगी। बाजार विश्लेषकों की राय में बाजार में बुनियादी तौर पर मजबूती की धारणा है पर उसे भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता तथा भारत-चीन के बीच व्यापार की आगे की परिस्थितियों को लेकर सकारात्मक खबरों का भी इंतजार है। व्यापार वार्ता के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाल के बयानों से बाजार की उम्मीद जगी है कि अमेरिका के

### निवेशकों को आगे बिहार के नतीजों का इंतजार

साथ कोई अच्छा समझौता हो जाएगा।

सप्ताह के दौरान कुछ प्रमुख शेयरों में ऊंचे भाव पर मुनाफा काटने की जल्दी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बराबर बिकवाल बने रहने से जारी गिरावट के बीच बीसई क ा बीएसई 30 सेंसेक्स और नेशनल

### शेयर समीक्षा

स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 करीब 0.9 प्रतिशत दायरे में नीचे आ गये। सप्ताह के दौरान मिडकैप और स्माल कैप शेयरों में दबाव ज्यादा था। एनएसई मिडकैप सूचकांक में 0.6 प्रतिशत तक की गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार आने वाले दिनों में बाजार सीमित दायरे में चढता-उतरता रहेगा। मुद्रास्फीति में नरमी बने रहने के अनुमानों के बीच बिहार चुनाव के परिणाम बाजार की दिशाओं को कुछ प्रभावित कर सकते है जहां सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार विकास और सुरक्षा के एजेंडा पर पुनः जनादेश मांग रही। उसका मुकाबला कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्ववाले महा गठबंधन से है। वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है और पिछले कुछ समय में निफ्टी में 700 और मिडकैप में 1000 अंक की गिरावट के चलते इस समय भारतीय शेयर बाजार अपने जैसे दूसरे बाजारों की तुलना में और निवेश के लिए और आकर्षक बताया जा रहा है। तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के इस सीजन में मिड और स्माल कैप के परिणाम भी तुलनात्मक रूप से अच्छे रहे हैं। अक्टूबर का पीएमआई डाटा उम्मीद से अच्छा रहा तथा कंपनियों के सितंबर तिमाही के लाभ के आंकड़े भी कुल मिला कर संतोषजनक रहे। जीएसटी में कटौती से बाजार में मांग को प्रोत्साहन मिला है। इस तरह कुल मिला कर परिदृश्य उत्साहजनक बना हुआ है। अमेरिकी डॉलर की मजबूती एक चिंता है पर वैश्विक कच्चे तेल बाजार में आपूर्ति अच्छी रहने से ब्रेंट कच्चा तेल नरमी के साथ 63 डॉलर प्रति बैरल के आस पर बना रहा है। रूसी तेल की खरीद में कमी होने के आसार के बावजूद वैश्विक तेल बाजार में तेल में कोई बड़ा झटका लगने की स्थिति बनती नहीं दिखती है। बावजूद इसके वैश्विक हालात के चलते भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल बने हुए हैं। विश्लेषणों के अनुसार पिछले 11 कारोबारी सत्रों में, निफ्टी50 में लगभग 800 अंकों की गिरावट हुई है और माना जा रहा है बाजार में बिकवाली कुछ ज्यादा होने के करीब पहुंच गयी है। शुक्रवार को बाजार में शुरुताआती गिरावट के बाद निफ्टी50 के 25,200-25,400 के प्रमुख समर्थन क्षेत्र से खरीदारी उभरती देखी गई।



## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण 88,635 करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,635.28 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में भारती एयरटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। पिछले सप्ताह पांच नवंबर को 'गुरु नानक जयंती' पर शेयर बाजार बंद रहा था। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 722.43 अंक या 0.86 प्रतिशत टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 229.8 अंक या 0.89 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 30,506.26 करोड़ रुपये घटकर 11,41,048.30 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 23,680.38 करोड़ रुपये टूटकर 10,82,658.42 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 12,253.12 करोड़ रुपये घटकर 5,67,308.81 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 11,164.29 करोड़ रुपये घटकर 20,00,437.77 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,303.93 करोड़ रुपये घटकर 15,11,375.21 करोड़ रुपये पर रहा। इन्फोसिस का मूल्यांकन 2,139.52 करोड़ रुपये घटकर 6,13,750.48 करोड़ रुपये पर आ गया।

# वोट चोरी कर चुनाव जीतती है भाजपा : राहुल

एजेंसी

किशनगंज। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखे आरोप लगाये और कहा कि, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह चुनाव नहीं जीतते, बल्कि वोट चोरी करके जीतते हैं। वोट चोरी रोकना मेरी और देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है।'

किशनगंज जिले के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये कांग्रेस नेता श्री गांधी ने कहा कि 'आज देश में दो विचारधाराओं के बीच संघर्ष चल रहा है, एक ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) है जो देश को बांटने का काम कर रही है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस और महागठबंधन हैं जो देश को जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं।'



उन्होंने कहा कि उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' का उद्देश्य देश में फैली नफरत को समाप्त करना था। उन्होंने कहा कि, 'हमने चार हजार किलोमीटर की यात्रा की ताकि नफरत के बाजार को बंद कराया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी की सोच और नियत नफरत फैलाने वाली है, जबकि हम सबको जोड़ने की बात करते हैं।' कांग्रेस नेता श्री गांधी ने बिहार में बढ़ती बेरोजगारी और शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति पर राज्य और केंद्र सरकार दोनों को घेरा। उन्होंने कहा कि, 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रोजगार खत्म करने का काम किया है। बिहार के युवा दूसरे राज्यों और देशों में काम करने को मजबूर हैं। बिहार के विश्वविद्यालय और कॉलेज या तो बिक रहे हैं या बंद हो रहे हैं।' उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि आने वाले समय में बिहार में फिर से उच्च गुणवत्ता वाली यूनिवर्सिटियां और इंग्लिश मीडियम स्तर के सरकारी स्कूल स्थापित हों। उन्होंने 'मेड इन चाइना' उत्पादों का उदाहरण देते हुए कहा कि, 'हम चाहते हैं कि हमारे मोबाइल फोन पर 'मेड इन बिहार' लिखा हो। पिछले 20 सालों में नीतीश जी बतायें कि कितने फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाये गये? उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध मखाना उद्योग का जिक्र करते हुये कहा कि अमेरिका में मखाना महंगे दामों पर बिकता है, लेकिन बिहार के किसानों को उसका लाभ नहीं मिलता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज की सदी का नशा ट्विटर और फ़ेसबुक है, लेकिन इससे रोजगार नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि, 'बिहार का युवा रोजगार चाहता है न कि 21 वीं सदी का नशा। रोजगार, काम और पलायन पर प्रधानमंत्री युवाओं और किसानों से कभी संवाद नहीं करते हैं।' उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में भाजपा और संघ एक ओर हैं, जबकि कांग्रेस और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाला महागठबंधन दूसरी ओर। श्री गांधी ने कहा कि उनकी लड़ाई विचारधाराओं की है, एक विचारधारा देश को बांटती है और दूसरी जनता को जोड़ती है।

# लालू का समोसा बेस्वाद हो गया है, जनता को अब एनडीए का आलू के साथ पनीर वाला समोसा पसंद : राजनाथ सिंह

एजेंसी

सासाराम/औरंगाबाद। केंद्रीय रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि बिहार में लालू यादव का आलू वाला समोसा अब बेस्वाद हो गया है और लोगों को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का आलू के साथ पनीर वाला समोसा पसंद आ रहा है।



श्री सिंह ने आज पहले सासाराम के एनडीए प्रत्याशियोंऔर उसके बाद औरंगाबाद जिले के गोह विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी डॉ रणविजय सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह समय खत्म हो गया जब कहा जाता था कि 'जब तक रहेगा समोसे में आलू, तब तक रहेगा बिहार में लालू'। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की प्रवृत्ति ने लालू के समोसे को बेस्वाद कर दिया है और अब लोगों को एनडीए का समोसा पसंद आ रहा है, जिसमे आलू के साथ पनीर तथा कई अन्य स्वादिष्ट सामग्री डाली गई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनता (राजद) और कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार के मामलों में आजकल जमानत पर हैं और दूसरी तरफ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजनीतिक जीवन बिल्कुल बेदाग है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं के चलते जनता राजनीति को भ्रष्टाचार का अड्डा कहती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार से अब लालटेन युग खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि बड़ी मुश्किल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए की सरकार ने प्रदेश को अंधकार से निकाल कर विकास के पथ पर डाला है। उन्होंने कहा कि 11 साल पहले जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई थी तब भारत की आर्थिक रैंकिंग दुनिया में 11 वें नम्बर पर थी और आज भारत विश्वस्तर पर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भारत दुनिया के विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा, लेकिन ऐसा तभी संभव है, जब देश के अंदर बिहार जैसे प्रदेश भी तेजी से प्रगति करें।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर को बताया भारत का 'अग्रणी चेहरा'

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक लेख साझा करते हुये पूर्वोत्तर भारत के प्राकृतिक वैभव का जिक्र किया है।

श्री सिंधिया ने इस लेख में पूर्वोत्तर भारत को रणनीतिक पहुंच के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुये इसे सांस्कृतिक समृद्धि और पर्यावरणीय सुंदरता के भंडार के रूप में चित्रण किया है। श्री सिंधिया ने लेख में पूर्वोत्तर को देश की ''अष्टलक्ष्मी'' बताते हुए इसे प्रचुर प्राकृतिक और सांस्कृतिक संपदा का प्रतीक बताया है। उन्होंने अपने लेख में लिखा है कि पूर्वोत्तर अब केवल एक सीमा नहीं है बल्कि भारत का अग्रगामी चेहरा है। उन्होंने मेघालय और असम की अपनी हालिया यात्राओं के दौरान क्षेत्र के प्राचीन परिदृश्यों और जीवंत समुदायों की प्रशंसा करते हुए लिखा, ''मुझे प्रकृति को उसके सबसे प्रामाणिक रूप में देखने का सौभाग्य मिला, जहां पर्यावरण की भव्यता, उसमें रहने वाले समुदायों की सांस्कृतिक समृद्धि से पूरित होती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा श्री सिंधिया की अंतर्दृष्टि का विस्तार, पूर्वोत्तर को भारत की विकास गाथा और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक साझेदारियों में और अधिक मजबूती से पिरोने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस क्षेत्र के सांस्कृतिक और भू-राजनीतिक दोनों ही दृष्टि से रणनीतिक महत्व का उपयोग दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसियों के साथ संपर्क, व्यापार और कूटनीति को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। यह ध्यान पूर्वोत्तर को विकास और एकीकरण के केंद्र में बदलने, इसकी अनूठी पहचान का जश्न मनाने और इसे भारत को जीवंत क्षेत्रीय बाजारों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से जोड़ने वाले एक सेतु के रूप में स्थापित करने के व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# आचार्य शांतिसागर महाराज का जीवन संयम, सरलता और करुणा का प्रतीकः उपराष्ट्रपति

एजेंसी

श्रवणबेलगोला (कर्नाटक)। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आचार्य शांतिसागर महाराज जी का जीवन जैन धर्म के मूल सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद का सजीव उदाहरण है। भौतिकवाद और अस्थिरता के इस युग में उनका संदेश हमें यह सिखाता है कि सच्ची स्वतंत्रता भोग में नहीं, बल्कि संयम में है। संपत्ति में नहीं, बल्कि आत्मशांति में है। शांतिसागर महाराज की प्रतिमा सरलता, पवित्रता और करुणा का प्रतीक बनेगी और श्रद्धालुओं को धर्म, सहिष्णुता तथा शांति के मार्ग पर प्रेरित करेगी। कर्नाटक के श्रवणबेलगोला में रविवार को उपराष्ट्रपति ने परंपूज्य आचार्य श्री 108 शांतिसागर महाराज जी के दर्शन एवं पुण्य स्मृति शताब्दी समारोह में भाग लिया और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। यह आयोजन वर्ष 1925 में महामस्तकाभिषेक अवसर पर आचार्य श्री के श्रवणबेलगोला आगमन की शताब्दी के उपलक्ष्य में किया गया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह समारोह केवल एक संत के स्मरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आध्यात्मिक ज्योति के पुनः प्रज्ज्वलन का प्रतीक है। उन्होंने श्रवणबेलगोला की दो हजार वर्ष पुरानी जैन विरासत का उल्लेख करते हुए भगवान बाहुबली की 57 फुट ऊंची एकाश्म मूर्ति को भक्ति और शिल्पकला की अनुपम मिसाल बताया। उन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के इसी स्थल पर आचार्य भद्रबाहु के मार्गदर्शन में राजसत्ता का त्याग करने की घटना को स्मरण करते हुए कहा कि यह त्याग सांसारिक सफलता से आध्यात्मिक उत्थान की यात्रा का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति ने भारत सरकार द्वारा प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने और ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत जैन ग्रंथों के डिजिटलीकरण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने तमिलनाडु और जैन धर्म के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगम और उत्तर संगम काल में जैन धर्म का तमिल साहित्य और संस्कृति पर गहरा प्रभाव रहा है, जिसका प्रमाण शिलप्पदिकारम जैसे क्लासिक ग्रंथों में मिलता है। उन्होंने श्रवणबेलगोला जैन मठ के प्रमुख अभिनव चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य और शोध के क्षेत्र में आचार्य शांतिसागर महाराज जी की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा, योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी. सुधाकर, हासन के सांसद श्रेयस एम. पटेल सहित जैन मठ के संत और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए काम करेंगे भारत और अंगोला, तीन समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत और अंगोला के बीच साझेदारी को परस्पर विश्वास, सम्मान तथा साझा विजन पर आधारित बताते हुए विभिन्न द्विपक्षीय क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। अंगोला की यात्रा पर गई सुश्री मुर्मु ने रविवार को लुआंडा में अंगोला के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक की और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत का नेतृत्व किया। बातचीत से पहले अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको ने सुश्री मुर्मु का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। आमने-सामने की बैठक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। सुश्री मुर्मु ने कहा, ''भारत और अंगोला के बीच साझेदारी आपसी विश्वास, सम्मान और हमारे लोगों की समृद्धि के लिए एक साझा विजन पर आधारित है।'' उन्होंने अंगोला के लोगों की प्रगति और समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे विकास प्रयासों पर खुशी व्यक्त की। राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच बढ़ते ऊर्जा व्यापार साझेदारी पर ध्यान दिया और कहा कि अंगोला भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित नए और उभरते क्षेत्रों में व्यापार और निवेश संबंधों में और विविधता लाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देश विभिन्न द्विपक्षीय क्षेत्रों के साथ-साथ भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के व्यापक ढांचे के तहत सहयोग को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करते रहने पर भी सहमत हुए। इस मौके पर मछली पालन, एक्वाकल्चर और समुद्री संसाधनों में सहयोग, और कांसुलर मामलों में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

## पेज एक का शेष

### सामाजिक समानता...

और संतुलन सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभा समाज के सभी वर्गों में मौजूद है, जिसमें पिछड़े वर्ग और अन्य हाशिए पर पड़े समुदाय भी शामिल हैं, और यह मानना गलत है कि योग्यता केवल आरक्षण प्रणाली के बाहर ही है। श्री भागवत ने अवसर की समानता के मुद्दे पर बोलते हुए, कहा, ''हज़ारों सालों से, समाज के वंचित वर्ग समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ रहे हैं। हमें सभी समुदायों को अवसर, प्रेम और सम्मान के मामले में समान स्तर पर लाना होगा। तभी योग्यता का निष्पक्ष रूप से संरक्षण हो सकता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि गुप्त और प्रत्यक्ष अस्पृश्यता अभी भी बनी हुई है और कई सामाजिक बाधाएं अभी भी मौजूद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि आरक्षण को समय से पहले समाप्त करने से उन्हीं लोगों को नुकसान होगा जिन्हें अभी भी सहायता की आवश्यकता है। श्री भागवत ने कहा कि कुछ प्रगति हुई है जो एक सकारात्मक बदलाव है। पिछड़ा वर्ग के कुछ समुदाय अब ''दाता'' के रूप में काम करने और योग्य लोगों का समर्थन करने में आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं। जबरन धर्म परिवर्तन पर, श्री भागवत ने कहा कि धर्म परिवर्तन को रोकने की कुंजी प्रेम, सम्मान और सेवा के माध्यम से सामुदायिक पहचान को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, ''धर्म परिवर्तन को बलपूर्वक या कानूनी उपायों से नहीं, बल्कि अपनी परंपरा के प्रति अपनेपन और गर्व की भावना पैदा करके हतोत्साहित किया जा सकता है। जब लोग अपने समाज में सम्मान, देखभाल और अवसरों का अनुभव करते हैं, तो धर्म परिवर्तन का आकर्षण स्वाभाविक रूप से कम हो जाता है।''

श्री भागवत ने भाषा, जाति और धर्म के पार समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक एकीकरण के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवारों और दोस्तों को आपस में मिलना-जुलना चाहिए, त्योहार साथ मिलकर मनाने चाहिए और एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक हिंदू को जाति, भाषा या क्षेत्र से परे एक समरूप समाज का हिस्सा माना जाना चाहिए। इससे स्वाभाविक रूप से विकास में संतुलन आता है। समाधान भारतीय समाज में ही मौजूद हैं, हमें पश्चिमी मॉडलों का अनुकरण करने की आवश्यकता नहीं है। श्री भागवत ने राजनेताओं द्वारा जाति और मनुस्मृति जैसे ग्रंथों के दुरुपयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सामाजिक जागरूकता सबसे प्रभावी प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा, ''राजनीतिक शरारतें तभी पनपती हैं जब वे स्वार्थ सिद्ध करती हैं। जब समाज सामूहिक रूप से विभाजनकारी विचारों को स्वीकार करने से इनकार करता है और समानता पर ज़ोर देता है, तो ऐसे प्रयास बेकार हो जाते हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि एकीकरण, सम्मान और एकता को सबसे पहले सामुदायिक स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। श्री भागवत की टिप्पणी संघ के इस विश्वास को उजागर करती है कि सामाजिक एकता, सशक्तिकरण और सभी समुदायों के प्रति सम्मान विभाजन, धर्मांतरण और भेदभाव के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार हैं।

### 'पंचर बनाने ...

में पिछले 11 साल में यह और भी तेज हुआ। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राममंदिर के निर्माण और उससे जुड़े विकास कार्यों का भी संदर्भ देते हुए कहा कि आस्था और विकास दोनों का सम्मान एनडीए ही करेगा। यूपी के मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राममंदिर निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि एनडीए जो कहता है, वह कर के दिखाता है। उन्होंने कहा कि कंग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि राम तो हुए ही नहीं। आरजेडी ने रथयात्रा को रोका था और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोली चलाई थी। लेकिन आज अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हैं और भव्य राममंदिर बन चुका है। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि, निषादराज, माता शबरी और जटायू जैसी पवित्र विभूतियों की स्मृति में स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य अयोध्या के दर्शन करेंगे। सभा में सीएम ने नरपतगंज से एनडीए द्वारा घोषित प्रत्याशी देवंती यादव के पक्ष में वोट मांगा और कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी की जमानत जब्त होगी और देवंती यादव भारी मतों से विजयी होंगे। उन्होंने लोगों से घर-घर जाकर मोदी जी और नितीश बाबू का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। योगी ने यह भी कहा कि प्रथम चरण में तय हो चुका है कि बिहार में महागठबंधन को आने नहीं दिया जाएगा और नरपतगंज में कमल को खिलाने का समय है। इस अवसर पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद गुजरात देवु सिंह चौहान, नरपतगंज से एनडीए प्रत्याशी देवंती यादव, विधानसभा प्रभारी राजेश चंद्र झा, विधानसभा संयोजक नवीन यादव, जदयू जिलाध्यक्ष आशीष पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उमानंद राय, जिला मंत्री आलोक साह, जिला महामंत्री राजेन्द्र यादव, आकाश राज, नागेश्वर यादव और लोजपा के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिकटी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी ने विधायक विजय कुमार मंडल को यहां से प्रत्याशी बनाया है। सीएम ने मतदाताओं से विजय मंडल को फिर से विजयश्री दिलाने की अपील की। सीएम योगी ने कंग्रेस, राजद समेत महागठबंधन पर बिहार में जंगलराज फैलाने का आरोप लगाया और मतदाताओं से अपील की कि कलंकित व काले अतीत के लोग विश्वास लायक नहीं हैं। सीएम योगी ने माता जानकी की धरा को प्रणाम कर बिहारवासियों से खुद को जोड़ा। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में माताओं, बहनों, नौजवानों ने जो उत्साह-उमंग दिखाया है। वह बताता है कि 14 नवंबर को जब ईवीएम खुलेंगी तो बिहार की जनता का निर्णय आएगा 'फिर एक बार एनडीए सरकार।' उन्होंने कहा कि गौरवशाली अतीत के धनी बिहार के सामने संकट खड़ा करने वाले ही असली अपराधी हैं। जिन लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। बिहार में जंगलराज लाने का पाप किया, बिहार को पीछे के पायदान पर धकेला, वे लोग बड़ी-बड़ी घोषणाएं और नौकरी के नाम पर बहकाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जिन लोगों का अतीत कलंकित और काला है, उन पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि जो बिहार कभी दुनिया को ज्ञान देता था, कंग्रेस व राजद सरकारों के समय उसी बिहार के सामने साक्षर बनने का संकट खड़ा हो गया था। यह अपराध करने वालों ने बिहार को सबसे नीचे पायदान पर धकेला था पर 2005 में बिहार ने अंगड़ाई ली और नीतीश बाबू के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी। फिर आज बिहार का नौजवान देश के अंदर सिविल सर्वेंट, आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, स्टार्टअप, उद्यमी समेत जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नया करके देश व दुनिया के लिए मॉडल खड़ा कर रहा है। सीएम ने मतदाताओं से अपील की कि बिहार के विकास की यात्रा थमनी-रूकनी नहीं चाहिए। सीएम योगी ने विपक्षियों पर प्रहार करते हुए कहा कि यह विकास करने वाले नहीं, बल्कि विकास को जंगलराज में बदलने का पाप करने वाले लोग हैं। राजद के 15 वर्ष के शासनकाल में 60 से अधिक नरसंहार, अपहरण की 30 हजार से अधिक घटनाएं हुईं। बिहार में कंग्रेस व राजद की जोड़ी ही जंगलराज लेकर आई थी। इनके शासन में व्यापारी, इंजीनियर, चिकित्सक, बच्चे, बेटियां भी सुरक्षित नहीं थीं। सीएम ने आह्वान किया कि प्रदेश को समृद्ध बिहार बनाना है और फिर से जंगलराज नहीं आने देना है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन, नीतीश बाबू के नेतृत्व के साथ ही एनडीए के पांच पांडव मिलकर बिहार के विकास को गति दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि बिहार में आज सड़क, बिजली, रेल, एयर कनेक्टिविटी समेत सभी सुविधाएं हैं। दरभंगा में एयरपोर्ट होने से आसानी से हम लोग यहां आ गए। उन्होंने कहाकि मोदी जी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान, विरासत, विकास व गरीब कल्याण भी है। कंग्रेस, राजद के लोग रामद्रोही हैं। कंग्रेस, सपा व राजद वाले बोलते थे कि राम मंदिर नहीं बनने देंगे। राजद वालों ने राम मंदिर की रथ यात्रा को रोका था। उप्र में समाजवादी पार्टी रामभक्तों पर गोली चलाती थी। हम बोलते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। यह लाठी-गोली चलाते थे, तब भी हम बोलते थे कि लाठी-गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया। रामलला विराजमान हो गए हैं। एनडीए सरकार सीतामढ़ी में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण कर रही है। सीएम योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि 46 करोड़ लोगों के बैंक खाते खुल गए, जिससे योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में जाने लगा और कंग्रेस व राजद की दलाली समाप्त हो गई। मोदी जी ने 10 करोड़ गरीबों को रसोई गैस का फ्री कनेक्शन दिया, जबकी इसी कनेक्शन के लिए कंग्रेस वाले 25-50 हजार रुपये वसूल करते थे। 1990 से 2005 तक यह लोग सत्ता में थे तो पशुओं का चारा डकार गए थे, इस बार आएंगे तो राशन डकार जाएंगे। इन्हें दोबारा अवसर नहीं देना है।

### भ्रष्टाचार के आरोप...

संस्थानों में 2 वर्ष आयु के बच्चों से लेकर 51 वर्ष तक की आयु वाले व्यक्तियों को आईटीआई पाठ्यक्रम में प्रवेश दिला कर धनराशि का व्यपहरण किया गया। विभाग उन्हें बर्खास्त करने के साथ 19.25 करोड़ रुपये की वसूली भी करेगा। हापुड़ जिले में तैनात संजय कुमार ब्यास को भी सेवा से बर्खास्त करते हुए 3.23 करोड़ रुपये की वसूली करेगा। उनकी तैनाती के दौरान अभिलेखों में कूटरचना करते हुए छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति में गड़बड़ी की गई। शिक्षण संस्थाओं से डेबिट अथारटी लेटर प्राप्त कर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि छात्र–छात्राओं के बैंक खातों में न अन्तरित कर 2.74 करोड़ की धनराशि शिक्षण संस्थाओं के बैंक खाते में सीधे अन्तरित करना। इसके साथ ही शाहजहांपुर में तैनात समाज कल्याण ?अधिकारी राजेश कुमार को भी बर्खास्त कर दिया गया है। उनसे 2.52 करोड़ की वसूली की जाएगी। उनके राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के बैंक खाते बदल कर अपात्रों को लाभ पहुंचाया गया। औरैया में तैनात रहे सेवानिवृत्त तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीभगवान को वृद्धावस्था पेंशनरों के खातों के नाम हेरफ़ेरी का दोषी है। उनकी तैनाती के दौरान 251 लाभार्थियों के खाते बदल कर अन्य व्यक्तियों के खाते में पेंशन की धनराशि भेजी गयी। जांच में 33,47,400 की शासकीय क्षति पाई गयी है। गबन की धनराशि में से 20 लाख रुपये की वसूली अधिकारी के देयकों से किये जाने तथा उनकी पेंशन से स्थाई रूप से 10 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। मथुरा जिले के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद शंकर तिवारी की पेंशन से 50 प्रतिशत स्थाई रूप से कटौती करते हुए 1.96 करोड़ के सापेक्ष वसूली की जाएगी। ये छात्रवृत्ति घोटोले में दोषी पाए गए हैं। इनके अलावा मथुरा में तैनात तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी उमा शंकर शर्मा को भी छात्रवृत्ति घोटाले में दोषी पाया गया है। सेवानिवृत्त की पेंशन से 50 प्रतिशत की स्थाई रूप से कटौती के साथ शासकीय क्षति रुपये 88,94,040 की वसूली का निर्देश। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण ने अपने बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार एक्शन ले रही है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। ऐसे और मामले जो दबे हुए थे, उनमें भी शीघ्र कार्यवाही होगी और एफआईआर भी दर्ज किया जाएगा।

### मोदी–नीतीश की...

कि ये मोर्टार गोले कहां बनाए जाएंगे? बिहार में, सासाराम में, क्योंकि मोदी यहां एक रक्षा गलियारा बनाने जा रहे हैं।

अमित शाह ने कंग्रेस और राजद पर अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को रोकने की कोशिश करने के लिए भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां 550 साल पहले मुगल सम्राट बाबर ने कथित तौर पर एक प्राचीन हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। आज, मोदी के सत्ता में आने पर, उस स्थान पर एक आसमान छूता मंदिर बनाया गया है। मैं आपको चल रहे चुनावों के नतीजे पहले ही बता सकता हूं। यह राज्य में मेरी 37वीं रैली है और मैं कह सकता हूं कि लालू जी और उनके सहयोगियों का पहले चरण में ही सफाया हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 14 नवंबर को बिहार में कंग्रेस-लालू प्रसाद का सुपर साफ हो जाएगा और भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनने वाली है। उन्होंने लोगों से पूछा कि आपको कट्टा लहराने वाली सरकार चाहिए या पाकिस्तान पर गोली बरसाने वाली सरकार। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनेगी तो बिहार में घुसपैठी बोर्ड बनाएगी यह दोनों बिहार में घुसपैठियों को घुसना चाहते हैं घुसपैठियों के जरिए यह लोग बिहार के युवाओं का रोजगार व गरीब लोगों का अनाज छीनना चाहते हैं। अमित शाह ने राहुल-तेजस्वी की यात्रा पर तंज करते हुए कहा कि उन्होंने किसान युवाओं व पिछड़ा के लिए यात्रा नहीं निकाल बल्कि घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा निकाली थी। अमित शाह ने चुनौती देते हुए कहा कि चाहे जितना यात्रा निकाल दीजिए बिहार और देश से एक-एक घुसपैठी को सरकार बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में एनडीए की लहर चल रही है। रोहतास की सातों विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना है। उन्होंने सासाराम के राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी स्नेह लता कुशवाहा, चेनारी से लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रत्याशी मुरारी प्रसाद गौतम को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी संबोधित किया और कहा कि अपना एक-एक मत राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी स्नेह लता कुशवाहा, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रत्याशी मुरारी प्रसाद गौतम को देकर विजयी बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल तथा संचालन राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा ने किया।

### 23 एएसपी...

प्रथम को गोरखपुर का एएसपी सुरक्षा, गोरखपुर के एएसपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को यूपीएसआईएफएस से सम्बद्ध करने के साथ ही एएसपी सीआईडी बनाया गया है। बहराइच के एएसपी नगर रामानन्द प्रसाद कुशवाहा को हाथरस का एएसपी, गोरखपुर के एएसपी दक्षिणी जितेन्द्र कुमार प्रथम को पुलिस भर्ती बोर्ड का एएसपी, सीआईडी के एएसपी चिरंजीव मुखर्जी को प्रयागराज का एडीसीपी, साइबर क्राइम के एएसपी श्वेताभ पाण्डेय को एटा का एएसपी नगर, पुलिस भर्ती बोर्ड के एएसपी आलोक कुमार जायसवाल को फतेहगढ़ का एएसपी, एसएसएफ मुख्यालय के एएसपी शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को सहारनपुर का एएसपी यातायात और पुलिस मुख्यालय के एएसपी डॉ. राकेश कुमार मिश्र को गाजीपुर का एएसपी नगर बनाया गया है।

### बिहार में दूसरे ...

(एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरुल ईमान भी दूसरे दौर के चुनावी अखाड़े में जोर आजमाइश के लिए उतरे हैं।

### उत्तराखंड को अगले 25...

से जोड़ा जा सकता है। यहां हर विधानसभा क्षेत्र में योग केंद्र विकसित किए जाने की जरूरत है। इसी तरह वाइब्रेंट विलेज को छोटे- छोटे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब पर्यटक यहां होम स्टे के घरेलू माहौल में डुबके, चुटकानी, रोट, अरसा और झंगोरा की खीर खाएंगे तो फिर दूसरी- तीसरी बार भी यहां आना चाहेंगे। इसलिए उत्तराखंड को अपने अंदर छुपी हुई संभावना पर ध्यान देना होगा। हरेला, फुलदेई, भिंटोली जैसे त्यौहारों से पर्यटकों को जोड़े जाने की जरूरत है। इसी तरह नंदादेवी, जौलजीवी, बागेश्वर उत्तरायणी, देवीधुरा, श्रावणी और बटर फ़ेस्टिवल जैसे जीवंत मेलों में यहां की आत्मा बसती है। इसके लिए यहां ''वन डिस्ट्रिकऽवन फ़ेस्टिवल'' के जरिए उत्तराखंड को विश्व मानचित्र पर लाया जा सकता है।

उन्होंने उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म शुरु करने के लिए उत्तराखंड सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्दियों में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। श्री मोदी ने उत्तराखंड सरकार द्वारा आदि कैलाश में आयोजित हाई ऑल्टीट्यूट मैराथन और आदि कैलाश परिक्रमा रन की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि तीन साल पहले तक आदि कैलाश में साल में दो हजार से कम पर्यटक आते थे, आज यह संख्या बढ़कर 30 हजार हो चुकी है। इसी तरह बाबा केदारनाथ धाम में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी 17 लाख तक पहुंच चुकी है।

# जनसेवा के पथ पर निरंतर रहे नीतीश कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2020 की तुलना में अधिक समय दिया। वही जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस चुनाव में सबसे अधिक सभाएं की। बिहार विधानसभा चुनाव में सीधे जनता के बीच जाकर एवं उनसे संवाद कर एक बार फिर यह साबित किया है कि वे जनसेवा को ही अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता मानते हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान इस बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूरे राज्य में कुल 84 जनसभाएं की हैं, जिनमें से 11 सभाएं सड़क मार्ग से और 73 हवाई मार्ग से संपन्न हुई हैं।

इन सभाओं के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के कोने-कोने में जाकर लोगों से संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का ब्यौरा भी साझा किया। वे न केवल सभाओं

**■84 सभाएं कर हर विधानसभा तक पहुंचे मुख्यमंत्री**

में शामिल हुए, बल्कि लगभग 1,000 किलोमीटर की सड़क यात्रा भी की, जिसमें उन्होंने 8 विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क कर जनता से सीधे जुड़ाव कायम किया। यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल मंचों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे जमीन पर उतरकर जनता के साथ संवाद करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। उनका यह व्यापक जनसंपर्क अभियान बताता है कि वे बिहार के विकास, सुशासन और जनकल्याण के अपने संकल्प को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ये यात्राएँ जनता के दिलों में भरोसे का भाव और एनडीए के प्रति समर्थन को और मजबूत कर रही हैं। जदयू प्रवक्ता अंजुमन आरा



ने बातचीत में उन्होंने मुख्यमंत्री की चुनावी सभाएं को लेकर कहा कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की तुलना में मुख्यमंत्री उम्र में काफी बड़े है लेकिन मुख्यमंत्री ने तेजस्वी यादव से कई गुणा सभाएं की है। जहां एक विजन, दूरदृष्टि, कमिटमेंट है अपने आवाम के साथ विकास को लेकर और विकसित, सशक्त और समृद्ध बिहार बनाने का जो सकंल्प हमारे मुख्यमंत्री का उसमें उनकी उम्र कोई मायने नहीं रखती। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे सामने है कि इस उम्र में विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सभाएं उन्होंने ही की। उन्होंने कहा कि बिहार की एक एक जनता जानती है कि नीतीश कुमार ने जो बदलाव किया है, विकास किया है, खुशहाली लायी है, आज बिहार में जो अमन शांति है, विमेन इम्पावर में एक लम्बी लकीर खींची है। दलित वचिंत आगे बढ़ रहे है। आधारभूत संरचना का विकास हुआ है। जीविका के माध्यम से महिला सशक्त हुई है। महिलाओं की राजनीति भागीदारी बढ़ाने में जो उन्होंने काम किया है। बच्चियों को पढाई में जो आरक्षण और सहायता दी है ये सब कोई दूसरा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि इस संकल्प के साथ बिहार की जनता ने इस साल बंपर वोटिंग कर फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक मजबूत और निष्पक्ष सरकार बनाने का निणय किया है। 14 नवम्बर को नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में सरकार बननी तय है।

# विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला: आस्था, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का संगम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार के सारण जिले में गंगा और गंडक के पावन संगम पर स्थित हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला सदियों से आस्था, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता आ रहा है। यह मेला न केवल बिहार बल्कि पूरे भारतवर्ष और पड़ोसी देशों के लिए भी आस्था, व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला यह मेला भारतीय लोकजीवन की गहराई और विविधता को सजीव रूप में प्रदर्शित करता है।

सोनपुर मेले का इतिहास पौराणिक काल तक जाता है। लोकमान्यता है कि इसी पवित्र भूमि पर भगवान विष्णु ने हरि और हर (शिव) का रूप धारण कर गज (हाथी) और ग्राह (मगर) की लड़ाई के दौरान गज की रक्षा की थी। इसीलिए इस क्षेत्र को हरिहर क्षेत्र कहा जाता है। हरिहरनाथ मंदिर, जो मेले का केंद्र बिंदु है, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालु गंगा-गंडक संगम में स्नान कर हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक दृष्टि से कहा जाता है कि यहां एक बार स्नान करने और भगवान हरिहरनाथ के दर्शन मात्र से जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। इस आस्था के चलते देशभर से तीर्थयात्री, साधु-संत और श्रद्धालु हर वर्ष यहां जुटते हैं। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले की चर्चा प्राचीन भारतीय ग्रंथों और ऐतिहासिक दस्तावेजों में भी मिलती है। माना जाता है कि मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त और सम्राट अशोक के समय में भी यह मेला आयोजित होता था। मध्यकाल में इस मेले का महत्व और भी बढ़ा। उस समय यह एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता था। मेले में हाथियों की खरीद-बिक्री विशेष आकर्षण का केंद्र हुआ करती थी। दूर-दूर से व्यापारी, सर्कस संचालक, सेना के प्रतिनिधि और महावत यहां हाथी खरीदने आते थे। इसके अलावा घोड़े, ऊंट, गाय, भैंस और अन्य पशुओं का भी बड़ा व्यापार होता था। ब्रिटिश काल में यह मेला अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर चुका था। समय के साथ जब पशु व्यापार पर प्रतिबंध लगाया गया, तो मेले का स्वरूप धीरे-धीरे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में बदल गया। आज यह मेला पर्यटन, संस्कृति, हस्तशिल्प, व्यापार और मनोरंजन का संगम बन चुका है। सोनपुर मेला बिहार की लोक संस्कृति का जीवंत दर्पण है। यहां देशभर से कलाकार, नृत्य दल, लोक गायक और नाट्य मंडलियां अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। लोकगीतों की गूंज, नाटक, नाट्य परंपरा इस मेले की आत्मा हैं। राज्य पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित मुख्य सांस्कृतिक पंडाल में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यहां बिहार की समृद्ध लोक विरासत, पारंपरिक नृत्य, शास्त्रीय संगीत और आधुनिक कला का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

# नालंदा जिले के चुनाव में दिख रहा कड़ा मुकाबला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नालंदा, बिहारशरीफ। ज्ञान की प्राचीन धरती नालंदा इस बार चुनावी रणभूमि में तब्दील हो गई है। नालंदा विधानसभा सीट कभी विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय की वजह से दुनियाभर में मशहूर थी, आज राजनीतिक हॉट सीट बन चुकी है। यहां एनडीए समर्थित जदयू के दिग्गज नेता और वरिष्ठ मंत्री श्रवण कुमार की साख दांव पर लगी है तो महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के कौशलेन्द्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं, लेकिन जन सुराज पार्टी की प्रत्याशी कुमारी पूनम सिन्हा की एंट्री ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया, जिससे चुनावी समीकरण पूरी तरह उलट-पुलट हो गए। नालंदा विधानसभा सीट पर कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन असली जंग तीन प्रमुख चेहरों के बीच मानी जा रही है। मतदान के दिन भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला जहां विकास बनाम भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया रहा। मंत्री श्रवण कुमार की राह आसान नहीं दिख रही क्योंकि मतदाताओं में उनके प्रति नाराजगी का अंडरकरंट साफ झलका है।नालंदा विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण हुआ। इसके लिए कुल 389 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां हर बूथ पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। प्रशासन ने किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासनिक वाहनों की सघन निगरानी रखी थी। मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए। क्षेत्र में कुल 3 लाख 25 हजार 148 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 71 हजार 660 पुरुष, 1 लाख 53 हजार 479 महिलाएं और 9 थर्ड जेंडर शामिल हैं। महिलाओं ने मतदान में खासा उत्साह दिखाया, जो लोकतंत्र के इस महापर्व की खूबसूरती को और बढ़ा रह था। लेकिन मतदाताओं की चुप्पी और मिजाज से साफ था कि अंतिम क्षणों में वोटों का बिखराव रोकने की कोशिश हो रही है। नीतीश कुमार के विकास मॉडल में विश्वास जताने का अभास भी लोगों ने दिया। इस बार नालंदा का चुनाव पूरी तरह विकास और भ्रष्टाचार के इर्द-गिर्द घूमता नजर आया। जनता के बीच मुख्य चर्चा क्षेत्रीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर केंद्रित रही। एनडीए सरकार की उपलब्धियों की तारीफ तो हुई, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों ने भी जोर पकड़ा। जदयू प्रत्याशी श्रवण कुमार को लेकर मतदाताओं में नाराजगी साफ दिखी। स्थानीय लोग कहते हैं कि वरिष्ठ मंत्री होने के बावजूद क्षेत्र में अपेक्षित विकास नहीं हुआ, जिससे उनकी इज्जत और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विश्वास को बनाए रखने का दबाव बढ़ गया है। कई बूथों पर परंपरागत वोट बैंक में दरार देखी गई और विधायक से नाराजगी का अंडरकरंट उभरा। लोग उनके प्रति कम विश्वास जता रहे थे।दूसरी ओर कांग्रेस के कौशलेन्द्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया ने स्थानीय मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। दोनों प्रमुख प्रत्याशी श्रवण कुमार और कौशलेन्द्र कुमार कुर्मी समुदाय से आते हैं, जो क्षेत्र के सामाजिक समीकरण को और जटिल बनाता है। श्रवण कुमार बेन गांव के रहने वाले हैं, जबकि कौशलेन्द्र कुमार अजनौरा के। जन सुराज की कुमारी पूनम सिन्हा छोटी आट गांव की निवासी हैं। उनकी एंट्री ने समीकरणों को पेचीदा बना दिया है।यहां मुकाबला सीधा जदयू और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है, लेकिन जन सुराज की कुमारी पूनम सिन्हा ने बड़ा उलटफ़ेर करने की क्षमता दिखाई। कई ग्रामीणों का मानना है कि इस बार सामाजिक समीकरण दलगत निष्ठा से ऊपर उठ गए हैं। जातीय संतुलन और व्यक्तिगत छवि मतदान का प्रमुख आधार बनी। परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगी, और मतदाता व्यक्तिगत नाराजगी को प्राथमिकता देते नजर आए। ज्ञान की धरती नालंदा में अब सवाल यह है कि विकास का तीर चलेगा, पंजा फिर धमाका करेगा या जन सुराज बड़ा उलटफ़ेर कर देगी? या फिर वह सिर्फ वोट काटने की भूमिका निभाएगी? यह रहस्य मतगणना के दिन ही खुलेगा।

# सृजन घोटाले के आरोपी को हाथ जोड़कर अभिवादन, नौकरी और रोजगार मांगे तो उसका हाथ पांव तोड़ा जाता है : डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। एआईसीसी के कार्यसमिति सदस्य पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा और पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी ने संयुक्त रूप से पटना के होटल मौर्या में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम घोषित होते ही प्रथम चरण में महागठबंधन को बढ़त मिलेगी। साथ ही भाजपा पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित करने की साज़िश रची जा रही है इसलिए उनका वरिष्ठ चिकित्सकों के देख रेख में हेल्थ बुलेटिन जारी करना चाहिए। सृजन घोटाले के आरोपी को हाथ जोड़कर अभिवादन किया जाता है, वहीं जब छात्र




नौकरी और रोजगार मांगे तो उसका हाथ पांव पुलिस द्वारा तोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के पुत्र को करोड़ों का घर ललन सिंह ने गिफ्ट किया है ये अब मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है, ये उनसे पूछना चाहिए कि क्या ललन सिंह ने केंद्र में मंत्री बनने के लिए नीतीश कुमार को ये गिफ्ट दिया है। साथ ही उन्होंने दोहराया कि हम बड़े अंतर से सरकार बनाने जा रहे हैं और हमने जितना भी वादा घोषणापत्र से किया है वो सब हम पूरा करेंगे और प्रथम चरण के तरह ही दूसरे चरण में भी जनता का विश्वास और स्नेह हमारे प्रत्याशियों को बिहार के मतदाता देंगे। सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा की वोट चोरी अब दिखने लगी है और मतदाता कार्ड पर ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर लगी है जो सुबूत राहुल गांधी ने आम जनता को दिया है।उन्होंने कहा कि बिहार में देखने को मिला जब सरकार के भारी भरकम मंत्री जो सरायरंजन से उम्मीदवार हैं उनके क्षेत्र में वीवीपैट की पर्चियां गिरी मिली। इसकी जांच होनी आवश्यक है। एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने कहा कि बिहार के लोग हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं। यहां के मिट्टी में न्याय, समानता और भाईचारे की खुशबू है इसीलिए भाजपा बिहार में आकर हार जाती है। उन्होंने कहा कि किसान को उचित दाम क्यों नहीं मिल रहा? हर बेटी को सुरक्षा और शिक्षा मिले, हर घर को सम्मान की रोटी मिलें, युवाओं के हाथों में नौकरी और रोजगार रहें। युवाओं को नौकरी और रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है? रसोई में चूल्हे की आग ठंडी पड़ चुकी है। यह सवाल अब हर बिहार के मतदाताओं के जुबान पर है। जिस जेन जी का दौर है उन्हें जेन एल बनाकर भाजपा ने लेबर बना दिया है। आज बिहार के जेन जी लेबर बनकर रह गए हैं।

# बीएसएफ पंजाब की बहादुर श्वान 'बबीता' राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित

जालंधर। पंजाब की सीमा पर तैनात बीएसएफ की बहादुर ट्रैकर डॉग बबीता को 8 नवंबर 2025 को हैदराबाद में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में उनके असाधारण साहस और विशिष्ट सेवा के लिए 'सरदार वल्लभभाई पटेल आरआरयू राष्ट्रीय के वीरता पुरस्कार- 2025' से सम्मानित किया गया है। सीमा सुरक्षा बल पंजाब फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को बताया कि अमृतसर सेक्टर में सीमा पर तैनात एक बटालियन के साथ सेवारत, बबीता ने सितंबर 2025 में एक बड़े ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी तीक्ष्ण सूझबूझ और बुद्धिमत्ता ने सैनिकों को एक संदिग्ध घर तक पहुँचाया, जिसके परिणामस्वरूप तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया और एक पिस्तौल, दो मैगज़ीन, 63 राउंड और चार मोबाइल फ़ोन जब्त किए गए।

# गंगा सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अररिया। फारबिसगंज के गंगा सरस्वती शिशु मंदिर के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव के प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, प्रांत एवं उत्तर पूर्व क्षेत्र का परचम देशभर में लहराया है। यह प्रतियोगिता विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा सीतामढ़ी स्थित विद्या मंदिर रिंग बांध में आयोजित की गई थी।

विद्यालय के कक्षा पंचम के प्रतिभाशाली छात्र प्रथम सेठिया, अभिषेक कुमार एवं ऋत्विक झा ने लोक शिक्षा समिति उत्तर बिहार एवं विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट



प्रदर्शन किया और पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया। इस अद्वितीय सफलता ने न केवल उनके विद्यालय बल्कि पूरे उत्तर पूर्व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इन छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं स्थानीय क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, लोक शिक्षा समिति बिहार के संरक्षक रामकुमार केसरी, प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश प्रसाद, प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, प्रदेश मंत्री डॉ. सुबोध कुमार, प्रदेश सह मंत्री डॉ. नेहा राज, संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्र प्रमुख आशुतोष कुमार मिश्र, पूर्णिया विभाग के प्रवासी कार्यकर्ता गणेश प्रसाद मौर्य ने छात्रों की सफलता पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद मेहता, सह सचिव राकेश रौशन, कोषाध्यक्ष प्रताप नारायण मंडल, प्रधानाचार्य रामनरेश सिंह तथा मार्गदर्शक आचार्य विनोद कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चुनाव प्रचार दौरान पूर्व विधायक का निधन, कांग्रेस का रोड शो रद्द

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तरनतारन। पंजाब में तरनतारन विधानसभा उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार के लिए चुनाव प्रचार कर रहे कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक तरलोचन सिंह सूंढ का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इस दुखद घटना के मद्देनजर, कांग्रेस ने तरनतारन चुनाव के लिए रविवार को निर्धारित रोड शो रद्द कर दिया गया है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शोक व्यक्त करते हुए कहा,'' ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक श्री तरलोचन सिंह सुंदर जी के निधन से अत्यंत दुःखी हूँ। उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ। विधानसभा हलका तरनतारन उप-चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी करणबीर सिंह करण बुर्ज की चुनावी मुहिम में प्रचार कर रहे श्री सूंढ को शनिवार रात करीब पौने आठ बजे दिल का दौरा पड़ा था। उन्होंने इलाज के लिए सिविल अस्पताल, तरनतारन ले जाया गया, यहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । सिविल अस्पताल तरनतारन के एसएमओ डा. सुरिंदर कुमार ने पूर्व विधायक की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि जब उन्हें इमरजेंसी वार्ड में लाया गया तो उनकी मृत्यु हो चुकी थी। देर रात उनका परिवार सिविल अस्पताल पहुंचा तो कानूनी कार्रवाई के बाद पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम करवाए ही स्वजनों को सौंप दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पंजाब कांग्रेस के संगठन महामंत्री कैप्टन संदीप सिंह संधू, सुखदेव सिंह दासीके ने शोक व्यक्त किया है।

# छह वर्षीय बच्चे के अपहरण की गुत्थी सुलझी, आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले के सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने 6 वर्षीय बच्चे के अपहरण की गुत्थी सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित ने बच्चे का अपहरण व्यक्तिगत रंजिश के चलते किया था और उसे घायल अवस्था में रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में फेंक दिया था। बच्चे को बाद में सुरक्षित बरामद कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उत्तर पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने रविवार को बताया कि चार नवंबर की सुबह करीब 3:18 बजे सुभाष प्लेस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि एक छह वर्षीय बच्चा लापता है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसका बेटा 3 नवंबर की शाम करीब 7 बजे पास की दुकान पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इस पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर तेजपाल सिंह के नेतृत्व में दो टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और बच्चे की तस्वीरें स्थानीय पुलिसकर्मियों व आस-पास के थानों में साझा की गईं।


# जाति धर्म से ऊपर उठ 35 वर्षों से दो परिवार की गुलामी से नवादा को दिलाएं मुक्ति: डॉ अनुज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नवादा। जिले में अवस्थित इंग्लिश मॉडर्न स्कूल सभाकक्ष में जन सुराज पार्टी की ओर से रविवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई. जन सुराज पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मो.सैयद मशीउद्दीन व जन सुराज के नवादा प्रत्याशी डॉ अनुज सिंह के संयुक्त तत्वाधान में नवादा में दो परिवार के ही विधायक रहने से उत्पन्न बदहाली की फ़ेहरिस्त गिनाई। प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद सैयद मशीउद्दीन ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा की अब बिहार विधानसभा चुनाव के आखरी वख्त तक जन सुराज के साथियों तथा मतदाताओं को तन-मन-धन से मदद करने की एक मार्मिक अपील की। जन सुराज के प्रवक्ता ने कहा कि आगामी 11 नवम्बर को होने वाले बिहार विधानसभा के दूसरे चरण की चुनाव में नवादा जिला के पांचो विधानसभा से जन



सुराज पार्टी के प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट देकर बहुमत से विजयी बनावे.जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले 35 वर्षों से नवादा विधान सभा पर बर्चस्व व कब्जा या बंधक बना रहा है.मौजूदा वख्त की पुकार है कि एक सांपनाथ और दूसरे नागनाथ के हाथों में साढ़े तीन वर्षों से कैद बेड़ी से मुक्ति दिलाना मेरी प्राथमिकता है। नवादा विधानसभा के जिन गांव में स्कूल नहीं है,वहां स्कूल खुलवाना, शिक्षा और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करना है.क्षेत्र के भूमिहीनों को बासगीत हेतु 5 - 5 डिसमिल जमीन उपलब्ध करवाना, बेघर वालों को पीएम आवास योजना के जरिये पक्का मकान मुहैय्या कराना,पेयजल और कृषि के क्षेत्र में हर खेत को पानी और हर हाथ को रोजगार से जोड़ना.साथ ही शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के लिए बिहारियों को अब दूसरे प्रदेश में पलायन करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। जन सुराज पार्टी के द्वय नेताओं ने खुलेआम कहा कि नवादा विधानसभा में शांति,सुरक्षा, विकास और समरसता के मूल दृष्टिकोण से जन सुराज के कर्मठ उम्मीदवार को बहुमत से बिहार विधानसभा भेंजे ताकि नवादा का समग्र चौमूँखी विकास द्रुतगति से हो सके. डॉ अनुज ने कहा कि जात-पात के बहकावे में मतदाता नहीं आए ,नहीं तो यह दोनों मिलकर फिर से नवादा की दुर्गति कर देंगे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063